किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

दैनिक समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 4 अंकः 151 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) गुरुवार 12 मार्च 2026 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया

भविष्य सुरक्षित करने के लिए जल संरक्षण को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना होगाः राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु

जल महोत्सव 2026 में बोलीं राष्ट्रपति – जल केवल संसाधन नहीं, संस्कृति, परंपरा और आने वाली पीढ़ियों की अमूल्य धरोहर

समाज जागरण

नई दिल्ली, 11 मार्च। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि देश के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए जल संरक्षण को जीवन और व्यवहार का अभिन्न हिस्सा बनाना होगा। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। हमें जल को केवल उपयोग की वस्तु के रूप में नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों की अमूल्य धरोहर के रूप में देखना चाहिए।

राष्ट्रपति बुधवार को यहां आयोजित 'जल महोत्सव 2026' कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि भारत में जल केवल एक बुनियादी सुविधा नहीं है, बल्कि यह हमारी संस्कृति, परंपराओं, आजीविका और सामुदायिक जीवन से गहराई से जुड़ा हुआ है।

स्वच्छ पेयजल से जुड़ा है स्वास्थ्य और सम्मान

राष्ट्रपति ने कहा कि लंबे समय तक ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों को पीने का पानी लाने के लिए दूर-दूर तक जाना पड़ता था। स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना केवल सुविधा का विषय नहीं बल्कि समय, स्वास्थ्य और सम्मान से भी जुड़ा रहा है। उन्होंने कहा कि इन चुनौतियों से निपटने के लिए केंद्र सरकार ने जल जीवन मिशन की शुरूआत की, जिसके माध्यम से अब ग्रामीण परिवारों को घर-घर स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है।

सामुदायिक भागीदारी से होगा जल संरक्षण मजबूत

राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि जब किसी संसाधन की जिम्मेदारी सरकार के साथ-साथ पूरा समाज मिलकर उठाता है, तब उसका संरक्षण अधिक प्रभावी और स्थायी होता है। जल प्रबंधन और संरक्षण में सामुदायिक स्वामित्व की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विश्वास जताया कि 'जल अर्पण दिवस' के तहत जल आपूर्ति ढांचे को ग्राम पंचायतों को सौंपने से सामुदायिक स्वामित्व की भावना और अधिक मजबूत होगी।

महिलाओं की भागीदारी से बढ़ेगी जल सुरक्षा

राष्ट्रपति ने कहा कि स्वयं सहायता समूह जल परीक्षण, संचालन और रखरखाव जैसे कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इन समूहों की प्रतिबद्धता से महिलाओं और समाज के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आए हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि महिलाओं की क्षमता का उपयोग जल सुरक्षा सुनिश्चित करने में अत्यंत उपयोगी साबित होगा।

वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने पर जोर

राष्ट्रपति ने कहा कि जल सुरक्षा को मजबूत करने के लिए बहुआयामी और समन्वित प्रयास आवश्यक हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ भारत मिशन के साथ मिलकर ग्रे-वॉटर प्रबंधन को बढ़ावा दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि 'कैच द रेन' और 'जल संचय जन भागीदारी' जैसे अभियान वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं और ये प्रयास देश की जल सुरक्षा सुनिश्चित करने में सहायक होंगे।

जनआंदोलन बनेगा 'जल महोत्सव'

राष्ट्रपति ने कहा कि युवाओं में जल प्रबंधन और संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना समय की जरूरत है। उन्होंने विश्वास जताया कि 'जल महोत्सव' भारत की जल सुरक्षा के लिए एक व्यापक जनआंदोलन का माध्यम बनेगा।

हॉर्मुज जलडमरूमध्य में 'मयूरी नारी' जहाज पर हमला, भारत ने जताई कड़ी निंदा

कांडला बंदरगाह आ रहा था जहाज, विदेश मंत्रालय ने कहा–नागरिक जहाजों को निशाना बनाना बेहद चिंताजनक

नई दिल्ली। भारतीय विदेश मंत्रालय ने हॉर्मुज जलडमरूमध्य में थाईलैंड के जहाज 'मयूरी नारी' पर हुए हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है। यह जहाज 11 मार्च 2026 को भारत के कांडला पोर्ट की ओर आ रहा था, तभी इसे निशाना बनाया गया।

विदेश मंत्रालय के अनुसार पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच नागरिक व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाना बेहद चिंताजनक और निंदनीय है। मंत्रालय ने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए गंभीर खतरा पैदा करती हैं।

मंत्रालय ने बताया कि हाल के दिनों में ऐसे हमलों की घातकता लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे निर्दोष नागरिकों और भारतीय क्रू सदस्यों की जान को गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है।

भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील करते हुए कहा है कि समुद्री मार्गों पर सुरक्षित और निर्बाध आवागमन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। भारत ने यह भी दोहराया कि अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों पर व्यापारिक जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सभी देशों की साझा जिम्मेदारी है और नागरिक जहाजों को किसी भी प्रकार के सैन्य हमलों से दूर रखा जाना चाहिए।

युद्ध के बीच ईरान ने बढ़ाया तेल निर्यात, किसे बेच रहा है कच्चा तेल?

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध और हॉर्मुज जलडमरूमध्य के संकट के बीच ईरान ने कच्चे तेल का निर्यात बढ़ा दिया है। वैश्विक तेल बाजार पर नजर रखने वाली एजेंसी Kpler की रिपोर्ट के अनुसार युद्ध शुरू होने से पहले जितना तेल ईरान निर्यात कर रहा था, अब संघर्ष के दौरान उससे भी अधिक मात्रा में तेल बेचा जा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, तेल निर्यात में बढ़ोतरी से ईरान को रोजाना करोड़ों डॉलर की आय हो रही है.

कच्चे तेल की कीमत में भारी गिरावट, 90 डॉलर प्रति बैरल के नीचे फिसला ब्रेंट

आईईए के इमरजेंसी रिजर्व से आपूर्ति बढ़ाने की खबरों के बाद बाजार में नरमी

समाज जागरण

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में बुधवार को बड़ी गिरावट दर्ज की गई और ब्रेंट क्रूड की कीमत 90 डॉलर प्रति बैरल के नीचे फिसल गई। विशेषज्ञों के अनुसार यह गिरावट इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी (आईईए) द्वारा इमरजेंसी रिजर्व से कच्चे तेल की आपूर्ति बढ़ाने पर विचार की खबरों के बाद आई है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिका-ईरान युद्ध के बाद बढ़ी कच्चे तेल की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए आईईए अपने इमरजेंसी भंडार से तेल जारी करने की योजना पर विचार कर रहा है। जी-7 देशों ने भी आईईए से इस दिशा में तैयार रहने का अनुरोध किया है।

ब्रेंट और डब्ल्यूटीआई दोनों में गिरावट

खबरों के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमत 0.99 प्रतिशत गिरकर 86.93 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई। वहीं अमेरिकी वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट वायदा भी 0.75 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82.82 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

बताया जा रहा है कि इमरजेंसी रिजर्व से प्रस्तावित आपूर्ति वर्ष 2022 में रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण के बाद दो चरणों में जारी किए गए 182 मिलियन बैरल से भी अधिक हो सकती है।

होर्मुज जलडमरूमध्य संकट से बढ़ी थीं कीमतें

हाल के दिनों में होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव और इसके बंद होने की आशंका के कारण कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल देखने को मिला था। इस दौरान ब्रेंट क्रूड करीब 50 प्रतिशत बढ़कर 119 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया था।

होर्मुज जलडमरूमध्य मध्य पूर्व के प्रमुख समुद्री व्यापारिक मार्ग पर स्थित एक संकरा रास्ता है, जिससे दुनिया का लगभग 20 प्रतिशत कच्चा तेल गुजरता है।

ट्रंप के बयान से भी बाजार में नरमी

कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट की एक वजह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बयान भी माना जा रहा है, जिसमें उन्होंने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच चल रहा युद्ध जल्द समाप्त हो सकता है।

हालांकि अमेरिका-ईरान संघर्ष अब दूसरे सप्ताह में प्रवेश कर चुका है और इसके समाधान के स्पष्ट संकेत अभी नहीं मिले हैं। ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य में बारूदी सुरंगें बिछाने की आशंका के बीच ट्रंप ने ईरान को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि ऐसी कोई सुरंगें बिछाई गई हैं तो उन्हें तुरंत हटाया जाए।

टी-20 विश्व कप 2026: अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने घोषित की पुरस्कार राशि

चैंपियन भारत को मिलेंगे 26.39 लाख डॉलर

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने टी-20 विश्व कप 2026 की अंतिम पुरस्कार राशि की घोषणा कर दी है। फाइनल मुकाबले में भारत ने न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर खिताब अपने नाम किया। इसके साथ ही भारतीय टीम को 26,39,423 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि मिलेगी।

परिषद के अनुसार उपविजेता रही न्यूजीलैंड टीम को 14,22,692 डॉलर की राशि प्रदान की जाएगी। यह पुरस्कार राशि वर्ष 2024 में घोषित क्रिकेट टूनामेंट की पुरस्कार राशि में किए गए इजाफे को भी दशार्ती है।

सेमीफाइनल तक पहुंचने वाली टीमों को भी मिलेगा पुरस्कार

टूनामेंट के सेमीफाइनल तक पहुंचने वाली टीमों में

दक्षिण अफ्रीका को 10,05,577 डॉलर, जबकि इंग्लैंड को 9,74,423 डॉलर की राशि दी जाएगी।

सुपर-8 तक पहुंचने वाली टीमों को भी मिलेगी राशि

सुपर-8 में पहुंचकर आगे नहीं बढ़ पाने वाली टीमों को भी अच्छी खासी राशि मिलेगी।

वेस्टइंडीज - 5,38,269 डॉलर

पाकिस्तान - 5,22,692 डॉलर

जिम्बाब्वे - 4,91,538 डॉलर

श्रीलंका - 4,75,962 डॉलर

इसके अलावा सुपर-8 चरण तक पहुंचने वाली अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका की टीमों को 3,09,808 डॉलर की राशि दी जाएगी।

अन्य टीमों के लिए भी तय की गई राशि

अन्य प्रतिभागी टीमों में:-

स्कॉटलैंड को 2,78,654 डॉलर, आयरलैंड को 2,71,731 डॉलर दिए जाएंगे। वहीं इटली, नीदरलैंड, संयुक्त अरब अमीरात और नेपाल को 2,56,154 डॉलर की राशि देने की घोषणा की गई है।

टूर्नामेंट के पहले चरण में बाहर होने वाली कनाडा, नामीबिया और ओमान की टीमों को 2,25,000 डॉलर का आधारभूत भागीदारी भुगतान मिलेगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के अनुसार घोषित आंकड़ों में ग्रुप चरण, सुपर-8, सेमीफाइनल और फाइनल में टीमों द्वारा अर्जित कुल पुरस्कार राशि शामिल है। इसमें भागीदारी भुगतान, मैच जीतने पर मिलने वाला बोनस और टूर्नामेंट के विभिन्न चरणों में आगे बढ़ने पर मिलने वाला पुरस्कार शामिल है। हालांकि यह राशि किसी भी प्रकार के कर कटौती से पहले की है।

किशनगंज को 235 करोड़ की 122 विकास योजनाओं की सौगात

समृद्धि यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 49 योजनाओं का उद्घाटन, 73 का शिलान्यास किया

समाज जागरण

किशनगंज, 11 मार्च। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा के क्रम में बुधवार को किशनगंज जिले को 235 करोड़ रुपये की 122 विकास योजनाओं की सौगात दी। इनमें 102 करोड़ रुपये की लागत से 49 योजनाओं का उद्घाटन तथा 133 करोड़ रुपये की लागत से 73 योजनाओं का शिलान्यास किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और आधारभूत संरचना को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रही है।

दौरे के दौरान मुख्यमंत्री ने ठाकुरगंज प्रखंड के धर्मकांटा चौक के समीप कटहलडांगी से धर्मकांटा चौक तक निमार्णाधीन ठाकुरगंज बाइपास सड़क का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य तय समय सीमा के भीतर और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा किया जाए, ताकि क्षेत्र में जाम की समस्या से लोगों को राहत मिल सके और आवागमन सुगम हो सके।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से प्रगति यात्रा के दौरान घोषित योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी भी ली। प्रमुख योजनाओं में ठाकुरगंज बाइपास पथ का निर्माण, रमजान नदी की गाद निकासी, जलधारा विनियोजन और सौंदर्यीकरण, खगड़ा में नए विद्युत शक्ति उपकेंद्र का निर्माण, किशनगंजझ्बहादुरगंज उच्च पथ को चार लेन सड़क से जोड़ने का कार्य, किशनगंज और पोठिया में नए प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन का निर्माण, कनकई नदी पर उच्चस्तरीय आरसीसी पुल तथा महानंदा नदी पर पुल निर्माण जैसी योजनाएँ शामिल हैं।

इसके बाद मुख्यमंत्री ने ठाकुरगंज प्रखंड के चूरली में निर्मित 220/132/33 केवी ग्रिड उपकेंद्र का निरीक्षण किया और नियंत्रण कक्ष का जायजा लिया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने जीविका दीदियों द्वारा लगाए गए विभिन्न विभागों के प्रदर्शनी स्टॉलों का अवलोकन किया और उनके कार्यों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीविका स्वयं सहायता समूह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों को सहायता भी प्रदान की। उन्होंने 13,375 जीविका स्वयं सहायता समूहों को बैंक संयोजन के माध्यम से 242 करोड़ 64 लाख रुपये, 2,556 समूहों को सामुदायिक निवेश निधि के तहत 21 करोड़ 23 लाख रुपये, तथा 256 लाभार्थियों को सतत जीविकोपार्जन योजना के तहत 2 करोड़ 22 लाख रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। इसके साथ ही आयुष्मान कार्ड, सामुदायिक पुस्तकालय सह करियर विकास केंद्र की चाबी, दिव्यांगजनों के लिए बैटरी चालित ट्राइसाइकिल और अन्य योजनाओं के तहत सहायता भी वितरित की गई।

चूरली ग्रिड उपकेंद्र परिसर में आयोजित कार्यक्रम स्थल से मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट का अनावरण कर जिले की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, उद्योग एवं पथ निर्माण मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान, ठाकुरगंज विधायक गोपाल कुमार अग्रवाल सहित कई जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

कांशीराम की विरासत पर सभी दलों की नजर, यूपी की राजनीति बदलने की होड़

उत्तर प्रदेश की राजनीति में कई प्रतीक ऐसे रहे हैं जिनकी विरासत समय-समय पर नई सियासी व्याख्या के साथ सामने आती है। बहुजन आंदोलन के प्रणेता कांशीराम भी ऐसे ही नेता हैं। 15 मार्च को उनकी जयंती हर साल बसपा मनाती रही है, लेकिन इस बार तस्वीर कुछ अलग है। कांग्रेस से लेकर समाजवादी पार्टी और बीजेपी तक, लगभग सभी दल कांशीराम की राजनीतिक विरासत को अपने तरीके से याद कर रहे हैं। लखनऊ से दिल्ली तक कार्यक्रमों की श्रृंखला बन रही है, बहुजन संवाद की बातें हो रही हैं और पीडीए दिवस जैसे नए राजनीतिक नारे सामने आ रहे हैं। यह सब महज संयोग नहीं है, बल्कि 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले बदलते सामाजिक समीकरणों का संकेत भी है। दिलचस्प यह है कि कांशीराम की राजनीति का मूल आधार कांग्रेस विरोध से ही बना था। 1980 और 1990 के दशक में उन्होंने जिस बहुजन राजनीति की नींव रखी, उसने कांग्रेस को उत्तर प्रदेश में लगभग हाशिए पर पहुंचा दिया था। लेकिन अब वही कांग्रेस उनकी जयंती को परिवर्तन दिवस के रूप में मना रही है। 13 मार्च को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होने वाले कार्यक्रम में राहुल गांधी की मौजूदगी और बहुजन संवाद की योजना इसी कोशिश का हिस्सा है। कांग्रेस का तर्क है कि कांशीराम को किसी एक पार्टी के नेता के रूप में सीमित करके नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि उन्हें सामाजिक न्याय की लड़ाई के बड़े प्रतीक के रूप में समझना चाहिए। राहुल गांधी पिछले कुछ समय से सामाजिक न्याय, जातीय जनगणना और हिस्सेदारी की राजनीति को जोर-शोर से उठा रहे हैं। कांशीराम के उस पुराने नारे जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी को कांग्रेस आज अपने राजनीतिक तर्क के रूप में सामने रख रही है।

समाजवादी पार्टी की रणनीति भी कम दिलचस्प नहीं है। अखिलेश यादव ने कांशीराम की जयंती को पीडीए यानी पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया है। यह सिर्फ प्रतीकात्मक आयोजन नहीं है, बल्कि उस सामाजिक समीकरण को मजबूत करने की कोशिश है जो 2024 के लोकसभा चुनाव में आंशिक रूप से दिखाई दिया था। अखिलेश यादव को यह एहसास है कि सिर्फ यादव-मुस्लिम वोटों के सहारे बीजेपी को चुनौती देना मुश्किल है। इसलिए पीडीए का फामूर्ला दरअसल उस बड़े सामाजिक गठबंधन की तलाश है जिसमें दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक एक साझा राजनीतिक मंच पर आएं। कांशीराम की जयंती को इस रणनीति से जोड़ना इसी सोच का हिस्सा है, क्योंकि बहुजन राजनीति की अवधारणा में यही सामाजिक वर्ग सबसे अहम रहे हैं।बीजेपी भी इस पूरी बहस से अलग नहीं है। पार्टी ने दलित महापुरुषों की जयंती और पुण्यतिथि मनाने के लिए एक कैलेंडर तैयार किया है, जिसमें कांशीराम का नाम भी शामिल है। योगी सरकार के मंत्री असीम अरुण के नेतृत्व में दलित समाज से संवाद बढ़ाने की कोशिशें की जा रही हैं। पिछले कुछ वर्षों में बीजेपी ने दलित समुदाय के बीच अपनी पैठ मजबूत करने के लिए कई प्रतीकात्मक और सामाजिक कार्यक्रम किए हैं। संत रविदास से लेकर बाबा साहेब आंबेडकर तक, दलित प्रतीकों को पार्टी अपने राजनीतिक विमर्श में शामिल कर चुकी है। ऐसे में कांशीराम का नाम भी इस सूची में जुड़ना स्वाभाविक माना जा रहा है। बीजेपी की रणनीति साफ है दलित समाज को यह संदेश देना कि उसकी राजनीति सिर्फ एक पार्टी की बपौती नहीं है।दरअसल, कांशीराम की विरासत को लेकर अचानक बढ़ी यह दिलचस्पी उत्तर प्रदेश की बदलती राजनीति से जुड़ी है। राज्य में दलित मतदाता लगभग 21 प्रतिशत हैं और अगर अतिपिछड़े वर्ग को जोड़ दिया जाए तो यह संख्या 50 प्रतिशत के करीब पहुंच जाती है। कांशीराम ने इन्हीं वर्गों को राजनीतिक ताकत के रूप में संगठित करने का काम किया था। बसपा के उदय के साथ दलित राजनीति को पहली बार ऐसा मंच मिला जिसने सत्ता तक पहुंचने का रास्ता बनाया। मायावती चार बार उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री बनीं और बहुजन राजनीति का एक नया अध्याय लिखा गया।

लेकिन पिछले कुछ चुनावों में बसपा का जनाधार लगातार कमजोर होता गया है। 2022 के विधानसभा चुनाव और 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी का प्रदर्शन बेहद सीमित रहा। यही वह राजनीतिक खालीपन है जिसे भरने के लिए दूसरी पार्टियां कोशिश कर रही हैं। सपा को लगता है कि दलित मतदाता अब नए विकल्प की तलाश में हैं और पीडीए फामूर्ले के जरिए उन्हें अपने साथ जोड़ा जा सकता है। कांग्रेस भी इसी संभावना को देख रही है और सामाजिक न्याय की नई बहस के जरिए दलित-ओबीसी वर्गों से संवाद बढ़ाना चाहती है। बीजेपी के सामने चुनौती थोड़ी अलग है। पार्टी ने 2014 के बाद से दलित वोटों में उल्लेखनीय बढ़त हासिल की थी, लेकिन 2024 के चुनाव में कई जगहों पर इस समर्थन में हल्की दरार दिखी। इसलिए बीजेपी भी सामाजिक इंजीनियरिंग के जरिए दलित और अतिपिछड़े वर्गों को अपने साथ बनाए रखने की रणनीति पर काम कर रही है। कांशीराम जैसे प्रतीकों को याद करना उसी व्यापक रणनीति का हिस्सा है।असल सवाल यह है कि क्या कांशीराम की विरासत को सिर्फ राजनीतिक प्रतीक के रूप में इस्तेमाल करना ही काफी होगा? कांशीराम ने जिस बहुजन राजनीति की कल्पना की थी, उसका मूल उद्देश्य सत्ता में भागीदारी और सामाजिक सम्मान था। उन्होंने दलितों और वंचित वर्गों को यह एहसास कराया कि लोकतंत्र में संख्या भी ताकत होती है। उनकी राजनीति सिर्फ चुनाव जीतने की रणनीति नहीं थी, बल्कि सामाजिक चेतना का आंदोलन भी थी।

आज जब अलग-अलग पार्टियां उनकी जयंती मनाने की होड़ में हैं, तब यह भी देखना होगा कि उनकी मूल सोच को कितनी गंभीरता से अपनाया जाता है। क्या यह सिर्फ वोटों की गणित है या सामाजिक न्याय की वास्तविक चिंता भी है? यह सवाल इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि उत्तर प्रदेश की राजनीति में प्रतीकों का इस्तेमाल नया नहीं है। अक्सर नेता और दल किसी बड़े सामाजिक नायक की विरासत को अपने पक्ष में पेश करते रहे हैं।2027 का विधानसभा चुनाव अभी दूर है, लेकिन उसकी आहट अभी से सुनाई देने लगी है। सपा सत्ता में वापसी का सपना देख रही है, बीजेपी तीसरी बार सरकार बनाने की तैयारी में है और कांग्रेस खोए हुए जनाधार को फिर से हासिल करना चाहती है। ऐसे में कांशीराम की विरासत एक बार फिर राजनीतिक बहस के केंद्र में आ गई है।लेकिन अंतिम फैसला हमेशा मतदाता ही करता है। यह वही मतदाता है जिसे कांशीराम ने कभी कहा था कि सत्ता की चाबी उसके हाथ में है। अब देखना यह है कि 2027 की लड़ाई में यह चाबी किसके ताले को खोलती है और किसकी राजनीति को नया रास्ता दिखाती है।

अजय कुमार

अमेरिका-इजरायल-ईरान युद्ध, मुज्तबा खामेनेई के नेतृत्व के भविष्य की अग्निपरीक्षा

मध्य-पूर्व की राजनीति एक बार फिर बारूद के ढेर पर बैठी दिखाई दे रही है। वर्षों से सुलग रही अमेरिका-इजरायल और ईरान की प्रतिद्वंद्विता अब खुलकर युद्ध में बदल चुकी है। यह केवल तीन देशों के बीच संघर्ष नहीं है, बल्कि वैश्विक शक्ति संतुलन, ऊर्जा राजनीति और धार्मिक-राजनीतिक ध्रुवीकरण का ऐसा जटिल समीकरण है, जिसका असर पूरी दुनिया पर पड़ सकता है। इस युद्ध का सबसे नाटकीय और निर्णायक मोड़ यह रहा जब ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह खेमनई की हत्या कर दी गई और उसके बाद ईरान ने उनके उत्तराधिकारी के रूप में मुज्तबा खेमनेई को नया सर्वोच्च नेता घोषित कर दिया। यह घटना केवल सत्ता परिवर्तन नहीं थी, बल्कि पूरे क्षेत्र की राजनीति को हिला देने वाली घटना थी। एक तरफ अमेरिका और इजरायल इस युद्ध को ईरान की सैन्य और परमाणु महत्वाकांक्षाओं को रोकने की कार्रवाई बता रहे हैं, वहीं ईरान इसे अपनी संप्रभुता और इस्लामी व्यवस्था पर हमला मान रहा है।

ईरान और इजरायल के बीच तनाव पिछले कई दशकों से बना हुआ है। ईरान खुले तौर पर इजरायल की नीतियों का विरोध करता रहा है और फिलिस्तीन के मुद्दे पर उसका रुख बेहद आक्रामक रहा है। दूसरी ओर इजरायल को यह भय लंबे समय से लगता रहा है कि यदि ईरान परमाणु शक्ति बन गया तो वह उसके अस्तित्व के लिए बड़ा खतरा बन सकता है।
अमेरिका भी लंबे समय से ईरान पर आर्थिक प्रतिबंध और कूटअमेरिका-इजरायल-ईरान युद्ध, मुज्तबा खामेनेई के नेतृत्व के भविष्य की अग्निपरीक्षा।नीतिक दबाव डालता रहा है। विशेष रूप से जब से डोनाल्ड ट्रंप अमेरिकी राजनीति में प्रभावी हुए, ईरान के प्रति अमेरिकी नीति और कठोर हो गई। ट्रंप प्रशासन ने पहले भी ईरान के परमाणु समझौते को समाप्त किया और अब युद्ध की स्थिति में भी उन्होंने बेहद आक्रामक रुख अपनाया है।इजरायल की सुरक्षा चिंताओं और अमेरिका की रणनीतिक नीति के मेल ने इस संघर्ष को और तीखा बना दिया। कई सैन्य विश्लेषकों का मानना है कि इजरायल लंबे समय से ईरान की सैन्य क्षमता को कमजोर करने के लिए किसी बड़े अभियान की तलाश में था और अब उसे अमेरिका का खुला समर्थन मिल गया है।
वैसे वैश्विक राजनीति में यह माना जाता रहा है की ईरान की राजनीति में सर्वोच्च नेता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। वह केवल धार्मिक प्रमुख ही नहीं बल्कि देश की सैन्य और रणनीतिक नीतियों का अंतिम निर्णयकर्ता भी होता है। ऐसे में जब अयातुल्लाह अली खामेनेई की हत्या हुई तो यह ईरान के लिए एक बड़ा राजनीतिक झटका था। लेकिन सत्ता संरचना ने तेजी से निर्णय लेते हुए उनके पुत्र मुज्तबा खामेनेई को नया सर्वोच्च नेता घोषित कर दिया। मुज्तबा पहले से ही सत्ता के गलियारों में प्रभावशाली माने जाते थे। वे ईरान की धार्मिक व्यवस्था, सुरक्षा तंत्र और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड से गहरे जुड़े रहे हैं। उनके सत्ता संभालते ही ईरान के तेवर और भी सख्त हो गए। ईरान ने स्पष्ट संकेत दिया कि वह किसी भी कीमत पर पीछे नहीं हटेगा। मिसाइल हमले, ड्रोन अभियान और क्षेत्रीय सहयोगियों के माध्यम से जवाबी कार्रवाई तेज कर दी गई।

इस संघर्ष की सबसे खतरनाक बात यह है कि यह धीरे-धीरे पूरे क्षेत्र में फैलता दिखाई दे रहा है। खाड़ी क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी सैन्य अड्डे लगातार खतरे में हैं। ईरान ने अपने समर्थक संगठनों और मित्र देशों के माध्यम से कई अमेरिकी और पश्चिमी ठिकानों पर हमले किए हैं।मध्य-पूर्व के कई देश इस युद्ध से सीधे या परोक्ष रूप से प्रभावित हो रहे हैं। तेल के समुद्री मार्गों पर खतरा बढ़ गया है और वैश्विक ऊर्जा बाजार में भारी अस्थिरता देखी जा रही है। यदि यह युद्ध लंबा चला तो विश्व अर्थव्यवस्था पर भी गंभीर प्रभाव पड़ सकता है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस संघर्ष को लेकर बेहद कठोर बयान दिए हैं। उन्होंने साफ कहा है कि यदि ईरान ने अपनी सैन्य नीति नहीं बदली तो उसके नए नेता को भी निशाना बनाया जा सकता है।
ऐसे बयान युद्ध को और अधिक खतरनाक बना देते हैं, क्योंकि जब किसी देश के सर्वोच्च नेता को खुले तौर पर लक्ष्य घोषित किया जाता है तो कूटनीति के रास्ते लगभग बंद हो जाते हैं। इससे संघर्ष और भी उग्र हो सकता है।अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि मुज्तबा खामेनेई का राजनीतिक भविष्य क्या होगा। उनका भविष्य कई महत्वपूर्ण कारकों पर निर्भर करेगा।
पहला, ईरान की आंतरिक राजनीति। यदि देश के भीतर धार्मिक नेतृत्व, सैन्य प्रतिष्ठान और जनता का समर्थन उन्हें मिलता रहता है तो वे लंबे समय तक सत्ता में बने रह सकते हैं।
दूसरा, युद्ध का परिणाम ,यदि ईरान इस युद्ध में मजबूत प्रतिरोध दिखाता है तो मुज्तबा खामेनेई एक शक्तिशाली युद्धकालीन नेता के रूप में उभर सकते हैं। इससे उनकी वैधता और प्रभाव बढ़ेगा।उन पर अंतरराष्ट्रीय दबाव उत्तरोत्तर वृद्धि कर सकता है। यदि अमेरिका और उसके सहयोगी ईरान पर सैन्य और आर्थिक दबाव को लगातार बढ़ाते हैं तो यह ईरानी शासन के लिए गंभीर चुनौती बन सकता है।इस युद्ध का असर केवल मध्य-पूर्व तक सीमित नहीं रहेगा। रूस, चीन और यूरोपीय देशों की प्रतिक्रियाएँ भी इस संघर्ष की दिशा तय कर सकती हैं। यदि बड़ी शक्तियाँ अलग-अलग पक्षों में खुलकर उतर आती हैं तो यह संघर्ष एक बड़े वैश्विक टकराव का रूप ले सकता है।
इसके अलावा तेल की कीमतों में उछाल, व्यापार मार्गों पर खतरा और वैश्विक सुरक्षा चिंताएँ भी बढ़ सकती हैं। दुनिया पहले ही कई आर्थिक और राजनीतिक संकटों से जूझ रही है, ऐसे में यह युद्ध वैश्विक अस्थिरता को और बढ़ा सकता है।

अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रहा यह संघर्ष केवल एक युद्ध नहीं, बल्कि शक्ति, विचारधारा और भू-राजनीतिक हितों की टकराहट है। अयातुल्लाह अली खामेनेई की हत्या ने इस संघर्ष को और अधिक उग्र बना दिया है, जबकि मुज्तबा खामेनेई का उदय ईरान की नई राजनीतिक दिशा का संकेत देता है।
अब पूरी दुनिया की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि यह युद्ध किस दिशा में जाएगा। क्या यह कूटनीति के जरिए थमेगा या फिर एक व्यापक क्षेत्रीय अथवा वैश्विक युद्ध का रूप ले लेगा? इतना निश्चित है कि मुज्तबा खामेनेई का नेतृत्व इस समय एक कठिन अग्निपरीक्षा से गुजर रहा है। आने वाले समय में वही तय करेगा कि वे ईरान के इतिहास में एक मजबूत और निर्णायक नेता के रूप में याद किए जाएंगे या फिर विश्व राजनीति की उथल-पुथल में उनका अध्याय भी एक अस्थिर दौर की कहानी बनकर रह जाएगा।

संजीव ठाकुर

विश्व किडनी दिवस: स्वस्थ जीवन की ओर एक पहल

विश्व किडनी दिवस हर वर्ष मार्च के दूसरे गुरुवार को मनाया जाने वाला एक वैश्विक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान है, जिसका उद्देश्य लोगों को किडनी के महत्व और किडनी से जुड़ी बीमारियों के प्रति जागरूक करना है। आधुनिक जीवनशैली, बदलती खान-पान की आदतें और बढ़ती स्वास्थ्य समस्याओं के कारण आज किडनी रोग तेजी से बढ़ रहे हैं। इसलिए यह दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि मानव स्वास्थ्य से जुड़े एक गंभीर विषय की ओर समाज का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास है। दुनिया भर में स्वास्थ्य विशेषज्ञ, चिकित्सक, सामाजिक संगठन और सरकारें इस दिन के माध्यम से लोगों को यह संदेश देती हैं कि किडनी हमारे शरीर का अत्यंत महत्वपूर्ण अंग है और इसकी सुरक्षा के लिए समय रहते सावधानी बरतना आवश्यक है।

मानव शरीर में सामान्यतः दो किडनी होती हैं, जो रीढ़ की हड्डी के दोनों ओर स्थित रहती हैं। ये आकार में भले ही छोटी होती हैं, लेकिन शरीर के संतुलन को बनाए रखने में इनकी भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है। किडनी का मुख्य कार्य रक्त को शुद्ध करना और शरीर से अपशिष्ट पदार्थों को मूत्र के माध्यम से बाहर निकालना है। इसके अलावा किडनी शरीर में पानी और खनिजों का संतुलन बनाए रखने, अम्ल-क्षार संतुलन को नियंत्रित करने, रक्तचाप को नियंत्रित करने और लाल रक्त कोशिकाओं के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यदि किडनी ठीक से कार्य न करे तो शरीर में विषैले तत्व जमा होने लगते हैं, जिससे अनेक गंभीर स्वास्थ्य समस्याएँ उत्पन्न हो सकती हैं।

विश्व किडनी दिवस की शुरूआत वर्ष 2006 में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किडनी रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से की गई थी। तब से यह दिन हर वर्ष विश्व भर में मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य यह है कि लोग किडनी के स्वास्थ्य को गंभीरता से लें और समय-समय पर अपनी जांच कराते रहें। आज दुनिया भर में करोड़ों लोग किडनी से संबंधित बीमारियों से प्रभावित हैं। अनुमान है कि विश्व में लगभग 85 करोड़ लोग किसी न किसी रूप में किडनी रोग से प्रभावित हैं और कई लोगों को इसकी जानकारी भी नहीं होती।

किडनी रोगों की सबसे बड़ी समस्या यह है कि इनके शुरूआती चरण में अक्सर कोई स्पष्ट लक्षण दिखाई नहीं देते। इसी कारण इसे ह्लसाइलेंट किलरह्व भी कहा जाता है। कई बार लोगों को तब पता चलता है जब किडनी की कार्यक्षमता काफी कम हो चुकी होती है। यदि समय रहते इसका पता चल जाए तो उपचार और जीवनशैली में बदलाव के माध्यम से इस रोग को नियंत्रित किया जा सकता है। लेकिन यदि रोग लंबे समय तक अनदेखा किया जाए तो किडनी फेलियर की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, जिसमें मरीज को डायलिसिस या किडनी प्रत्यारोपण की आवश्यकता पड़ती है।

क्रोनिक किडनी रोग यानी सीकेडी आज विश्व स्वास्थ्य के लिए एक गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। यह रोग धीरे-धीरे महीनों या वर्षों में विकसित होता है और किडनी की कार्यक्षमता को कम कर देता है। कई अध्ययनों के अनुसार विश्व में लगभग हर दस में से एक व्यक्ति किसी न किसी स्तर पर क्रोनिक किडनी रोग से प्रभावित है। यदि इसका समय पर उपचार न किया जाए तो यह किडनी फेलियर का रूप ले सकता है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि आने वाले वर्षों में किडनी रोग वैश्विक स्तर पर मृत्यु और बीमारी का एक बड़ा कारण बन सकता है।

किडनी रोगों के कई प्रमुख कारण होते हैं, जिनमें सबसे महत्वपूर्ण मधुमेह और उच्च रक्तचाप हैं। ये दोनों बीमारियाँ किडनी की रक्त वाहिकाओं को प्रभावित करती हैं और धीरे-धीरे उसकी कार्यक्षमता को कम कर देती हैं। इसके अलावा मोटापा, असंतुलित आहार, धूम्रपान, शराब का अत्यधिक सेवन, दर्द निवारक दवाओं का अधिक उपयोग और पर्याप्त पानी न पीना भी किडनी को नुकसान पहुंचा सकते हैं। आधुनिक जीवनशैली में लोगों की शारीरिक गतिविधि कम हो गई है और तनाव तथा अनियमित दिनचर्या बढ़ गई है, जो किडनी रोगों के जोखिम को और बढ़ाती है।

महिलाओं के संदर्भ में किडनी रोग एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य समस्या के रूप में उभर रहा है। शोध बताते हैं कि विश्व भर में लगभग 19.5 करोड़ महिलाएं क्रोनिक किडनी रोग से प्रभावित हैं और यह महिलाओं में मृत्यु का आठवां प्रमुख कारण है। हर वर्ष लगभग छह लाख महिलाओं की मृत्यु किडनी रोगों के कारण हो जाती है। महिलाओं में गर्भावस्था के दौरान होने वाली कुछ जटिलताएँ, जैसे प्री-क्लेम्पसिया, आगे चलकर किडनी रोग का कारण बन सकती हैं। इसके अलावा महिलाओं में मूत्र संक्रमण की संभावना अधिक होती है, जो यदि समय पर उपचार न मिले तो किडनी तक फैल सकता है। इसलिए महिलाओं के स्वास्थ्य के संदर्भ में किडनी की नियमित जांच और देखभाल विशेष रूप से महत्वपूर्ण मानी जाती है।

किडनी रोग केवल एक स्वास्थ्य समस्या नहीं है, बल्कि यह सामाजिक और आर्थिक चुनौती भी है। जब किसी व्यक्ति को किडनी फेलियर हो जाता है, तो उसे नियमित डायलिसिस की आवश्यकता पड़ती है। यह प्रक्रिया महंगी होती है और कई परिवारों के लिए आर्थिक बोझ बन जाती है। कई देशों में किडनी प्रत्यारोपण ही अंतिम विकल्प होता है, लेकिन इसके लिए उपयुक्त दाता और पर्याप्त चिकित्सा सुविधाओं की आवश्यकता होती है। इसलिए विशेषज्ञों का मानना है कि किडनी रोगों की रोकथाम और प्रारंभिक पहचान पर अधिक ध्यान दिया जाना चाहिए।

किडनी को स्वस्थ रखने के लिए कुछ सरल लेकिन प्रभावी उपाय अपनाए जा सकते हैं। पर्याप्त मात्रा में पानी पीना, संतुलित और पौष्टिक भोजन करना, नमक और तले-भुने भोजन का कम सेवन करना, नियमित व्यायाम करना और धूम्रपान-शराब से दूर रहना किडनी के स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है। इसके अलावा मधुमेह और उच्च रक्तचाप के मरीजों को अपने स्वास्थ्य की नियमित जांच करानी चाहिए, क्योंकि ये दोनों बीमारियाँ किडनी को सबसे अधिक प्रभावित करती हैं। समय-समय पर रक्त और मूत्र परीक्षण कराने से किडनी की स्थिति का पता लगाया जा सकता है और किसी भी समस्या का प्रारंभिक चरण में ही उपचार संभव हो सकता है।

विश्व किडनी दिवस का महत्व इस बात में भी है कि यह समाज को यह याद दिलाता है कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता ही बीमारी से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका है। जब लोग किडनी के महत्व को समझेंगे और अपने जीवन में स्वस्थ आदतों को अपनाएंगे, तभी किडनी रोगों के बढ़ते खतरे को कम किया जा सकेगा। सरकारों और स्वास्थ्य संस्थाओं की जिम्मेदारी है कि वे लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाएं, सस्ती जांच सुविधाएं उपलब्ध कराएं और गंभीर रोगियों के लिए उपचार की व्यवस्था को मजबूत बनाएं।

अंततः यह कहा जा सकता है कि किडनी हमारे शरीर का एक अत्यंत महत्वपूर्ण अंग है और इसका स्वस्थ रहना हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। विश्व किडनी दिवस हमें यह संदेश देता है कि यदि हम अपने जीवन में संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, पर्याप्त पानी और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच को अपनाएं, तो किडनी रोगों से काफी हद तक बचाव किया जा सकता है। स्वस्थ किडनी ही स्वस्थ जीवन की आधारशिला है, और इसी संदेश के साथ यह दिवस पूरी दुनिया को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की प्रेरणा देता है।

महेन्द्र तिवारी

भारत ने सीमा साझा करने वाले देशों से एफडीआई नियमों में संशोधन की मंजूरी दी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत के साथ जमीनी सीमा साझा करने वाले देशों से आने वाले निवेश के संचालन संबंधी नियमों में बदलाव को मंगलवार को मंजूरी दे दी। यह एक समझदारी भरा निर्णय है। बहरहाल, बदलती वैश्विक अर्थव्यवस्था और भू-राजनीतिक माहौल के साथ देश की प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) व्यवस्था में भी बदलाव की आवश्यकता है। केंद्र सरकार ने वर्ष 2020 में प्रेस नोट 3 के माध्यम से उन देशों से आने वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश पर कड़ा अंकुश लगाया था जिनकी सीमा भारत से लगती है।
उस समय दलील दी गई थी कि ऐसा कोविड-19 महामारी के बीच भारतीय कंपनियों के अधिग्रहण को रोकने के लिए किया गया। इसके परिणामस्वरूप भारत के साथ भू-सीमा साझा करने वाले देशों को केवल सरकारी रास्ते से निवेश की इजाजत दी गई। नीति में बदलाव की एक वजह चीन से आने वाले निवेश को सीमित करना भी था।
ऐसा इसलिए क्योंकि सीमा पर तनाव के हालात थे। जब तनाव में कमी आई और महामारी का असर कम हुआ तो भारतीय व्यवसायों ने प्रतिबंधों में ढील की मांग शुरू कर दी। अपनी ओर से, सरकार ने भू-सीमा साझा करने वाले देशों विशेषकर चीन से ऐसे निवेशों की अनुमति दी। ऐपल इंक के लिए एक पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने में मिली सफलता इसका उल्लेखनीय उदाहरण है। पिछले कुछ वर्षों में आर्थिक वातावरण में हुए बदलावों को देखते हुए सरकार ने नीति की समीक्षा करने का उचित कदम उठाया है। अब इन देशों से 10 फीसदी तक की गैर-नियंत्रक

लाभकारी हिस्सेदारी वाले निवेश स्वचालित मार्ग के तहत अनुमति पा सकते हैं, बशर्ते कि लागू क्षेत्रीय सीमा और अन्य शर्तों का पालन किया जाए। निवेशों के लिए उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग को संबंधित जानकारी और विवरण देना भी आवश्यक होगा।
आगे, भारत से भू-सीमा साझा करने वाले देशों की संस्थाओं से पूंजीगत वस्तुएं, इलेक्ट्रॉनिक घटक, इलेक्ट्रॉनिक पूंजीगत वस्तुएं और पॉलिसिलिकन जैसे विशिष्ट क्षेत्रों से जुड़े निवेश प्रस्तावों पर निर्णय प्रक्रिया को 60 दिनों के भीतर पूरा किया जाएगा। कैबिनेट सचिव के अधीन सचिवों की समिति को इस सूची में संशोधन करने का अधिकार है। दिशानिदेर्शों में उल्लेख है कि निवेश प्राप्त करने वाली इकाई में बहुल हिस्सेदारी और नियंत्रण निवासी भारतीय नागरिकों या निवासी भारतीय नागरिकों द्वारा नियंत्रित भारतीय संस्थाओं के पास होना चाहिए।
इन संशोधित दिशानिदेर्शों की मदद से कारोबारी सुगमता में सुधार और विदेशी निवेश की आवक बढ़ने की उम्मीद है। नीतिगत नजरिये से किसी भी बड़े देश के लिए चीन को बाहर रखना आसान नहीं है। वह दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। यह निर्णय एक और अहम मोड़ पर आया है क्योंकि भारत को प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की आवश्यकता है। वैश्विक वित्तीय तंत्र की अनिश्चितता को देखते हुए भारत को पूंजी के बहिर्गमन का सामना करना पड़ रहा है और देश भुगतान संतुलन में घाटे का भी सामना कर रहा है। पूंजी खाते में निरंतर घाटे के हालात बाह्य क्षेत्र के प्रबंधन को जटिल बना सकता है।

बदलाव बहुत है

नींदों में थे सपने अपने,
लेकिन अब सच्चाई बहुत है।
देखा करते थे झूठी सपने,
अब तो वो सच्चाई बहुत है।
अच्छी थी पगडंडी अपनी,
सड़को पर तो जाम बहुत है।
फुर्र हो गयी फुर्सत अब तो,
सबके पास काम बहुत है।
नही जरूरत बूढों की अब,
हर बच्चा बुद्धिमान बहुत है।
उजड़ गए सब बाग बगीचे,
दो गमलों में शान बहुत है।
मट्ठा दही नही खाते है,
कहते है जुकाम बहुत है।
पीते है जब चाय तब कही,
कहते है आराम बहुत है।
बन्द हो गयी चिट्ठी पत्री,
वाट्सअप पर पैगाम बहुत है।
झुके झुके स्कूली बच्चे,
बस्तों में समान बहुत है।
नही बचे कोई सम्बन्धी,
अकड़ ऐंठ एहशान बहुत है।
सुविधाओं का तो ढेर लगा है,
पर इंसान परेशान बहुत है।
इन हालातों को देखकर,
लगता है बदलाव बहुत है।

वेद प्रकाश

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

जिलाधिकारी ने गैस एजेंसियों व पेट्रोल-डीजल पंप संचालकों के साथ की बैठक

जनपद में घरेलू गैस सिलेंडर का पर्याप्त भंडार, कालाबाजारी और अवैध भंडारण पर होगी सख्त कार्रवाई

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 11 मार्च। जिलाधिकारी ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में गैस वितरण एजेंसियों तथा पेट्रोलियम कंपनियों के क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ बैठक कर उपभोक्ताओं को शत-प्रतिशत गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने और कालाबाजारी पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश दिए।

बैठक में गैस सिलेंडर वितरण एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी को बताया कि जनपद में घरेलू गैस, पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि किसी प्रकार की अफवाह या घबराहट में अनावश्यक खरीदारी न करें।

बैठक में बताया गया कि पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार सिलेंडर की आपूर्ति के 25 दिन बाद एक सिलेंडर वाले उपभोक्ता तथा 30 दिन बाद दो सिलेंडर वाले उपभोक्ता गैस भराने के लिए

अगली बुकिंग कर सकते हैं।

जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 लागू है। यदि किसी भी स्थान पर गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी, अवैध खरीद-फरोख्त या भंडारण पाया जाता है तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने सभी पेट्रोल-डीजल पंपों और गैस एजेंसियों के संचालकों को निर्देश दिए कि अपने निगरानी कैमरे चालू रखें, सभी अभिलेख अद्यतन रखें और बार-बार अधिक मात्रा में खरीदारी करने वाले व्यक्तियों तथा कर्मचारियों पर विशेष निगरानी रखें, ताकि किसी भी प्रकार की कालाबाजारी को रोका जा सके।

जिला पूर्ति अधिकारी ने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे केवल अधिकृत कंपनियों के माध्यम से ही गैस भराने के लिए बुकिंग करें और अधिकृत वितरकों से ही गैस सिलेंडर प्राप्त करें। साथ ही सोशल मीडिया पर फैल रही किसी भी भ्रामक सूचना या अफवाह पर ध्यान न दें।

बैठक में पुलिस उपायुक्त सेंट्रल शक्ति मोहन अवस्थी, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अतुल कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी स्मृति गौतम सहित पूर्ति निरीक्षक तथा पेट्रोल पंप और गैस एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। (सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

गौतमबुद्धनगर में धूम्रपान निषेध दिवस पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 11 मार्च। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार के निर्देश पर जनपद के विभिन्न चिकित्सा इकाइयों, स्वास्थ्य केन्द्रों और महाविद्यालयों में धूम्रपान निषेध दिवस के अवसर पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में छात्रों, चिकित्सकों, कर्मचारियों और आम नागरिकों ने सक्रिय भागीदारी की।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को धूम्रपान न करने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने बताया कि धूम्रपान से फेफड़ों का कैंसर, हृदय रोग, स्ट्रोक तथा श्वसन संबंधी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है और इससे आसपास के लोग भी प्रभावित होते हैं। जिला संयुक्त चिकित्सालय नोएडा सहित विभिन्न अस्पतालों और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में गोष्ठी, हस्ताक्षर अभियान और शपथ कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को तम्बाकू सेवन से होने वाली हानियों के बारे में जागरूक किया गया। स्वास्थ्य कर्मियों ने लाभार्थियों को बताया कि धूम्रपान से मुख का कैंसर, लकवा तथा दांतों से जुड़ी कई समस्याएं हो सकती हैं और इसे छोड़ने के लिए तम्बाकू उन्मूलन केन्द्रों पर निःशुल्क परामर्श और दवाएं उपलब्ध हैं।

इसके अलावा विभिन्न शिक्षण संस्थानों में भी जागरूकता रैली, गोष्ठी और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से धूम्रपान के दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। कार्यक्रमों में सभी ने तम्बाकू मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया।

कासना पुलिस ने टप्पेबाजी करने वाले दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। थाना कासना पुलिस ने टप्पेबाजी कर बैग बदलने और एटीएम कार्ड से रुपये निकालने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से नकदी, एटीएम कार्ड और घटना में प्रयुक्त ऑटो भी बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार वादी ने शिकायत दी थी कि कस्बा कासना बस स्टैंड के पास तीन अज्ञात व्यक्तियों ने टप्पेबाजी कर उसका बैग बदल लिया। बैग में रखे एटीएम कार्ड का उपयोग कर आरोपियों ने तीन बार में 22 हजार रुपये निकाल लिए। इस संबंध में थाना कासना में भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) और 318(4) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और इलेक्ट्रॉनिक निगरानी की मदद से दो अभियुक्तों को कस्बा कासना से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान पंकज उर्फ तोतला पुत्र जगदीश निवासी राधानगर, थाना कोतवाली नगर जिला बुलंदशहर (उम्र 26 वर्ष) और समशेर पुत्र बली मोहम्मद मूल निवासी सोरहा थाना कलवारी जिला बस्ती, हाल निवासी नगला फेस-2 (उम्र 48 वर्ष) के रूप में हुई है।

पुलिस ने पंकज के पास से 2120 रुपये और बैंक ऑफ बड़ौदा का एक एटीएम कार्ड तथा समशेर के पास से 7300 रुपये बरामद किए हैं। साथ ही घटना में प्रयुक्त ऑटो को भी कब्जे में ले लिया गया है।

पुलिस के अनुसार दोनों अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है और उनके खिलाफ विभिन्न थानों में पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं। फिलहाल दोनों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

प्रदेश में भूजल संरक्षण के लिए सक्रिय है भूगर्भ जल विभाग

समाज जागरण

लखनऊ, 11 मार्च 2026। प्रदेश में भूजल संसाधनों के संरक्षण, सर्वेक्षण और प्रभावी प्रबंधन के लिए भूगर्भ जल विभाग महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। वर्ष 2004 में विभाग को भूजल सम्पदा के सर्वेक्षण, अनुसंधान, नियोजन, विकास, प्रबंधन तथा भूजल दोहन पर नियंत्रण और संरक्षण के लिए नोडल एजेंसी घोषित किया गया था।

विभाग द्वारा प्रदेश के 75 जनपदों के 826 विकास खण्डों में भूजल संसाधनों का आकलन किया गया है। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार 44 विकास खण्ड अतिदोहित, 48 क्रिटिकल, 171 सेमी क्रिटिकल तथा 563 विकास खण्ड सुरक्षित श्रेणी में रखे गए हैं।

भूजल स्तर की निगरानी के लिए विभाग द्वारा प्री-मानसून और पोस्ट-मानसून मापन कार्य नियमित रूप से किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 184 अक्रियाशील पीजोमीटर के स्थान पर नए पीजोमीटर स्थापित किए गए तथा 200 पीजोमीटर का रखरखाव पूरा किया गया। वहीं वर्ष 2025-26 में 233 नए पीजोमीटर की स्थापना और 200 पीजोमीटर के रखरखाव का कार्य भी पूरा कर लिया गया है।

जनजागरूकता बढ़ाने के लिए प्रदेश के सभी 75 जनपदों में हर वर्ष 15 से 22 जुलाई के बीच भूजल सप्ताह का आयोजन किया जाता है। वर्ष 2025 में भी 16 से 22 जुलाई के बीच विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। बुन्देलखण्ड क्षेत्र में जल प्रबंधन को मजबूत करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार और इजराइल के जल संसाधन मंत्रालय के बीच सहयोग से इंडिया-इजराइल बुन्देलखण्ड वाटर प्रोजेक्ट लागू किया गया है। इस परियोजना के तहत उन्नत कृषि तकनीक और सूक्ष्म सिंचाई के माध्यम से जल संरक्षण के प्रयास किए जा रहे हैं। झांसी जिले के बड़ागांव विकास खण्ड के गंगावली गांव में एक पायलट परियोजना भी तैयार की गई है। इसके अलावा प्रदेश में अटल भूजल योजना के अंतर्गत 88 अतिदोहित और क्रिटिकल विकास खण्डों में जल सुरक्षा योजना विकसित की जा रही है। योजना के तहत मध्यम गहरे पीजोमीटर की स्थापना और छतों पर वर्षा जल संचयन की व्यवस्था विकसित करने के लिए भी कार्यवाही की जा रही है।

गौतमबुद्धनगर में धूम्रपान निषेध दिवस पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 11 मार्च। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार के निर्देश पर जनपद के विभिन्न चिकित्सा इकाइयों, स्वास्थ्य केन्द्रों और महाविद्यालयों में धूम्रपान निषेध दिवस के अवसर पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में छात्रों, चिकित्सकों, कर्मचारियों और आम नागरिकों ने सक्रिय भागीदारी की।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को धूम्रपान न करने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने बताया कि धूम्रपान से फेफड़ों का कैंसर, हृदय रोग, स्ट्रोक तथा श्वसन संबंधी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है और इससे आसपास के लोग भी प्रभावित होते हैं।

जिला संयुक्त चिकित्सालय नोएडा सहित विभिन्न अस्पतालों और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में गोष्ठी, हस्ताक्षर अभियान और शपथ कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को तम्बाकू सेवन से होने वाली हानियों के बारे में जागरूक किया गया। स्वास्थ्य कर्मियों ने लाभार्थियों को बताया कि धूम्रपान से मुख का कैंसर, लकवा तथा दांतों से जुड़ी कई समस्याएं हो सकती हैं और इसे छोड़ने के लिए तम्बाकू उन्मूलन केन्द्रों पर निःशुल्क परामर्श और दवाएं उपलब्ध हैं।

इसके अलावा विभिन्न शिक्षण संस्थानों में भी जागरूकता रैली, गोष्ठी और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से धूम्रपान के दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। कार्यक्रमों में सभी ने तम्बाकू मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया।

18 मार्च को विकास भवन में आयोजित होगा किसान दिवस, किसानों की समस्याओं का होगा समाधान

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 11 मार्च 2026। किसानों की कृषि संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए 18 मार्च को विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम प्रातः 11 बजे जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित होगा।

उप कृषि निदेशक राजीव कुमार ने बताया कि प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को जिला मुख्यालय के निकट किसान दिवस आयोजित किया जाता है, जिसमें किसान अपनी कृषि से जुड़ी समस्याएं रख सकते हैं और उनका त्वरित समाधान कराया जाता है। कार्यक्रम में किसानों को नवीन तकनीकों और उन्नत कृषि प्रक्रियाओं की जानकारी भी दी जाएगी, जिससे वे अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ा सकें। साथ ही किसानों को सॉइल हेल्थ कार्ड के आधार पर उर्वरकों के संतुलित उपयोग के लिए भी जागरूक किया जाएगा।

किसान दिवस में कृषि, उद्यान, सहकारिता, मत्स्य, दुग्ध उत्पादन और पशुपालन सहित कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक, अग्रणी बैंक प्रबंधक और बीमा कंपनी के प्रतिनिधि भी किसानों का मार्गदर्शन करेंगे।

फेस-1 पुलिस ने अवैध गांजा बेचने वाला आरोपी गिरफ्तार किया

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। थाना फेस-1 पुलिस ने अवैध रूप से गांजा बेचने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से 1 किलो 150 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान दिलशाद सैफी पुत्र इस्लामुद्दीन निवासी खोड़ा कॉलोनी, जिला गाजियाबाद (उम्र लगभग 26 वर्ष) के रूप में हुई है। उसे सेक्टर-10 स्थित एक पार्क के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1 किलो 150 ग्राम अवैध गांजा बरामद कर लिया है। इस मामले में आरोपी के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम की धारा 8/20 के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार

दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें। न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

साइबर अपराध रोकने के लिए पुलिस ने ई-कॉमर्स कंपनियों के साथ की समन्वय बैठक

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। गौतमबुद्धनगर की पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के नेतृत्व में कमिश्नरेट पुलिस द्वारा जनपद में साइबर अपराध और वित्तीय धोखाधड़ी की रोकथाम के लिए लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में प्रमुख ऑनलाइन व्यापार और भुगतान मंचों के प्रतिनिधियों के साथ एक समन्वय बैठक आयोजित की गई।

बैठक में Zomato, Swiggy, MobiKwik, Flipkart और Ajio सहित कई कंपनियों के विधिक और अनुपालन प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

बैठक के दौरान हाल के समय में सामने आए क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी के मामलों पर विस्तार से चर्चा की गई। पुलिस के अनुसार साइबर अपराधी चोरी या दुरुपयोग किए गए क्रेडिट कार्ड विवरणों का इस्तेमाल कर ऑनलाइन मंचों से सोने के सिक्के, उपहार कार्ड और महंगे मोबाइल फोन जैसे सामान खरीद रहे हैं।

बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार किया गया, जिनमें ऑनलाइन मंचों और भुगतान प्रणालियों के दुरुपयोग के तरीकों की पहचान, संदिग्ध लेनदेन को प्रारंभिक स्तर पर रोकने के उपाय, सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाना तथा संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी समय पर पुलिस के साथ साझा करना शामिल है। इसके अलावा स्थान आधारित नियंत्रण, मजबूत पहचान सत्यापन और व्यापार सत्यापन जैसी व्यवस्थाओं को लागू करने पर भी जोर दिया गया।

बैठक में मौजूद कंपनियों के प्रतिनिधियों ने पुलिस को पूर्ण सहयोग देने और सूचना साझा करने की प्रक्रिया को और मजबूत करने का आश्वासन दिया, ताकि साइबर धोखाधड़ी के मामलों पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने बैंक या कार्ड से जुड़ी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें। किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होने पर तुरंत राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करें या राष्ट्रीय साइबर अपराध शिकायत पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं।

विश्व किडनी दिवस पर फोर्टिस ग्रेटर नोएडा में अत्याधुनिक डायलिसिस मशीन का शुभारंभ

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। विश्व किडनी दिवस (12 मार्च) के अवसर पर Fortis Hospital Greater Noida में गुर्दे से संबंधित बीमारियों के बढ़ते मामलों को देखते हुए अत्याधुनिक हेमोडायफिल्ट्रेशन मशीन की शुरूआत की गई। डॉक्टरों का कहना है कि खराब जीवनशैली, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा और प्रोटीन सप्लीमेंट्स के अत्यधिक सेवन के कारण किडनी रोग तेजी से बढ़ रहे हैं।

अस्पताल के डॉक्टरों के अनुसार यह नई डायलिसिस तकनीक पारंपरिक डायलिसिस की तुलना में अधिक प्रभावी है और रक्त से हानिकारक तत्वों को बेहतर तरीके से निकालने में सक्षम है। हाल ही में इस मशीन की मदद से 32 वर्षीय एक महिला मरीज का सफल उपचार भी किया गया।

डॉ. रविंदर सिंह भदोरिया (अतिरिक्त निदेशक, नेफ्रोलॉजी) और Prashant Kumar (परामर्शदाता, यूरोलॉजी) के नेतृत्व में डॉक्टरों की टीम ने गंभीर स्थिति में भर्ती महिला मरीज का इलाज किया। मरीज का प्रत्यारोपित गुर्दा काम करना बंद कर चुका था और वह डायलिसिस पर निर्भर थीं। अस्पताल में भर्ती के समय उन्हें सांस लेने में परेशानी, तेज बुखार और निम्न रक्तचाप जैसी गंभीर समस्याएं थीं।

डॉक्टरों ने पारंपरिक डायलिसिस की बजाय उन्नत हेमोडायफिल्ट्रेशन तकनीक का उपयोग किया। लगभग चार घंटे चली इस प्रक्रिया के बाद मरीज की स्थिति स्थिर हो गई।

डॉ. रविंदर सिंह भदोरिया ने बताया कि वर्तमान समय में किडनी रोगों के बढ़ने का प्रमुख कारण अनियंत्रित मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा, अत्यधिक प्रोटीन सप्लीमेंट्स का सेवन और समय पर स्वास्थ्य जांच न कराना है। उन्होंने कहा कि समय पर जांच और उपचार शुरू करना बहुत जरूरी है, क्योंकि गंभीर स्थिति में मरीज को जीवनभर डायलिसिस या प्रत्यारोपण पर निर्भर रहना पड़ सकता है।

अस्पताल के फैसिलिटी डायरेक्टर Siddharth Nigam ने कहा कि इस नई तकनीक की शुरूआत से अस्पताल की डायलिसिस और नेफ्रोलॉजी सेवाएं और मजबूत होंगी तथा मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराया जा सकेगा।

नोएडा में रेहड़ी-पटरी खाद्य विक्रेताओं को मिला प्रशिक्षण, वितरित किए गए फूड सेफ्टी किट

समाज जागरण

नोएडा। जनपहल संस्था और जुबिलेंट फूडवर्क्स के संयुक्त सहयोग से नोएडा के ग्राम हरौला, सेक्टर-5 स्थित सामुदायिक केंद्र में स्ट्रीट फूड विक्रेताओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के तहत आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में नोएडा सेक्टर-2, सेक्टर-15 और सेक्टर-16 के करीब 150 स्ट्रीट वेंडर्स ने भाग लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य रेहड़ी-पटरी पर खाद्य सामग्री बेचने वाले विक्रेताओं को खाद्य सुरक्षा, स्वच्छता और सुरक्षित भोजन परोसने के मानकों के प्रति जागरूक करना था, ताकि वे ग्राहकों को स्वच्छ और सुरक्षित भोजन उपलब्ध करा सकें।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को खाद्य सुरक्षा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को फोस्टैक प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किए गए तथा उन्हें फूड सेफ्टी किट के रूप में हैंड ग्लव्स, हेयर मास्क और एप्रन वितरित किए गए।

आयोजकों के अनुसार इस पहल का उद्देश्य स्ट्रीट वेंडर्स को सशक्त बनाना और उन्हें खाद्य सुरक्षा के मानकों का पालन करने के लिए प्रेरित करना है, जिससे आम लोगों को सुरक्षित और स्वच्छ भोजन मिल सके। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्ट्रीट वेंडर्स की भागीदारी रही और उन्होंने प्रशिक्षण को उपयोगी बताया।

अवैध शराब की बिक्री पर आबकारी विभाग की कार्रवाई, एक आरोपी गिरफ्तार

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। जिला आबकारी अधिकारी गौतमबुद्धनगर के नेतृत्व में आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब की बिक्री और परिवहन पर रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। उत्तर प्रदेश शासन और आबकारी आयुक्त के निर्देश पर जिलाधिकारी तथा पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर के निर्देशन में आबकारी विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में चेकिंग के दौरान थाना सेक्टर-24 क्षेत्र के सेक्टर-22 स्थित सार्वजनिक शौचालय के पास दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान विकास पुत्र मनोज को अवैध रूप से शराब बेचते हुए गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से दोस्ताना देशी ब्रांड की 49 पाउवा (200 मिली क्षमता) देशी शराब बरामद की गई, जो केवल उत्तर प्रदेश राज्य में बिक्री के लिए अनुमन्य है।

आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 60 के तहत थाना सेक्टर-24 में मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

आगामी त्योहारों को लेकर जारचा थाने में पीस कमेटी की बैठक

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। लक्ष्मी सिंह, पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर के निर्देशन में आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए थाना जारचा क्षेत्र में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई।

डीसीपी और एडीसीपी ग्रेटर नोएडा के पर्यवेक्षण में एसीपी-2 प्रशाली गंगवार ने प्रभारी निरीक्षक जारचा के साथ थाना परिसर में क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों के साथ बैठक की।

बैठक के दौरान पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों से संवाद करते हुए आगामी त्योहारों को आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाने की अपील की। साथ ही सभी से आग्रह किया गया कि किसी भी व्यक्ति की धार्मिक भावनाओं को ठेस न पहुंचाएं।

पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति धार्मिक भावनाएं भड़काने या भ्रामक प्रचार करने की कोशिश करता है तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में मौजूद लोगों से अपील की गई कि वे किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और किसी भी समस्या या संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनी रहे।

“तर्क सबसे बड़ा आचार्य” विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी आयोजित

समाज जागरण

गाजियाबाद, 11 मार्च 2026। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में “तर्क सबसे बड़ा आचार्य” विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कोरोना काल से आयोजित परिषद का 771वां वेबिनार था।

कार्यक्रम में वैदिक प्रवक्ता अतुल सहगल ने विषय की भूमिका रखते हुए कहा कि तर्क विवेकपूर्ण व्यवहार का आधार है और सत्य को जानने का महत्वपूर्ण साधन भी है। उन्होंने कहा कि आज समाज में तर्क, वितर्क और कुतर्क का प्रचलन बढ़ रहा है, जबकि वास्तविक तर्क बुद्धि के सही और पूर्ण उपयोग का नाम है। उन्होंने बताया कि तर्क के माध्यम से सत्य, असत्य और अर्धसत्य का बोध किया जा सकता है। तर्क को धर्म के साथ जोड़कर ही सुख, शांति और उन्नति संभव है, अन्यथा यह कुतर्क बनकर समाज में भ्रम और अकल्याण का कारण बनता है।

वक्ता ने अपने संबोधन में महर्षि गौतम, स्वामी दयानंद सरस्वती, स्वामी विवेकानंद और ओशो के विचारों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सत्य को समझने के लिए प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान और शब्द जैसे प्रमाणों का भी महत्व है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुधीर बंसल और अध्यक्ष राजश्री यादव ने भी अपने विचार रखे। परिषद अध्यक्ष अनिल आर्य ने कार्यक्रम का संचालन किया, जबकि प्रवीण आर्य ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

कार्यक्रम के दौरान कौशल्या अरोड़ा, जनक अरोड़ा, बिंदु मदान, कुसुम भंडारी, रविंद्र गुप्ता और प्रवीना ठक्कर ने भजनों की प्रस्तुति भी दी।

मिशन शक्ति अभियान के तहत नोएडा पुलिस ने महिलाओं को किया जागरूक

नोएडा। नोएडा पुलिस द्वारा पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिला सुरक्षा टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करने का अभियान चलाया। अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर महिलाओं और छात्राओं को महिला सशक्तिकरण, लैंगिक अपराध, साइबर अपराध तथा उनसे बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने महिलाओं को सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी। इस दौरान महिला सुरक्षा टीम ने लोगों के बीच जागरूकता पंपलेट भी वितरित किए और उन्हें किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में तुरंत पुलिस या हेल्पलाइन नंबरों से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया।

अर्दली रुम कर विवेचनाओं की समीक्षा कर विवेचकों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर नगीना। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने थाने के विवेचकों का अर्दली रुम कर विवेचनाओं की समीक्षा कर विवेचकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बुधवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी चतुर्वेदी द्वारा थाना नगीना पर समस्त विवेचकों का अर्दली रूम लिया गया, अर्दली रूम के दौरान सीओ द्वारा थाना क्षेत्र में घटित अपराधों एवं प्रचलित विवेचनाओं की गहन समीक्षा की गई तथा लंबित विवेचनाओं के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, अभियोगों में प्रभावी कार्यवाही तथा साक्ष्यों के समुचित संकलन के संबंध में उपस्थित सभी विवेचकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ,अर्दली रूम के दौरान सीओ द्वारा विवेचनाओं में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता बनाये रखने के निर्देश भी दिए गये इस अवसर पर थाना प्रभारी अवनीत मान सहित विवेचक दारोगा मौजूद रहे।

पूर्व राज्य मंत्री के निधन पर शोक व्यक्त किया

दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर विवेकानन्द दिव्य भारती उत्तर प्रदेश द्वारा पूर्व राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार यशपाल सिंह के निधन पर गहरा शोक व संवेदना प्रकट

की हैं विवेकानन्द दिव्य भारती उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष योगेन्द्र पाल सिंह योगी ने कहा कि यशपाल सिंह एक मध्यम परिवार से निकले जुझारू नेता थे और जिले के किसानों में अच्छी पकड़ रही है।

भारतीय रेडक्रास सोसायटी जनपद बिजनौर के चेयरमैन टीकम सिंह सेंगर व डायरेक्ट डायरेक्टर डा सुबोध चन्द्र शर्मा द्वारा यशपाल सिंह के निधन को अपूर्णीय क्षति बताते गहरीशोक संवेदना व्यक्त की गयी है।

हाथ में तमंचा लेकर रील बनाने का वीडियो वायरल

दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर मंडावर। हाथ मे तमंच्चा लेकर एक युवक का रील बनाने का वीडियो सोशल मिडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस जाँच मे जुट गई है !

सोशल मिडिया पर एक युवक का वीडियो वायरल हो रहा है।जिसमे युवक हाथ मे तमंचा लेकर रील बनाता दिख रहा है ! तमंचा हाथ मे लेकर रील बनाने वाला युवक क्षेत्र के गांव रावली निवासी बताया जा रहा है।सोशल मिडिया पर वीडियो वायरल होते ही पुलिस वीडियो की जाँच मे जुट गई है। कार्यबाहक थाना अध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया की युवक के हाथ मे तमंचा लेकर रील बनाने का मामला जानकारी मे है।युवक की तलाश की जा रही है, जल्द ही युवक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

टीईटी अनिवार्यता के विरोध में यूटा ने निकाला मशाल जुलूस

- सड़क से न्यायालय तक लड़ेंगे, शिक्षकों को न्याय दिलाकर ही रहेंगे : राजेन्द्र सिंह राठौर

समाज जागरण

फिरोजाबाद। वर्तमान में कार्यरत सभी अध्यापकों के लिए सर्वोच्च न्यायालय द्वारा टीईटी अनिवार्यता किए जाने से असंतुष्ट शिक्षकों ने आज शिक्षक संगठन-

यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) के बैनरतले गाँधी पार्क पर एकत्रित होकर स्टेशन रोड पर मशाल जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया।

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राठौर के मार्गदर्शन में यूटा की जिलाध्यक्ष जया शर्मा के नेतृत्व में सैंकड़ों शिक्षकों ने मशाल हाथ में थाम टीईटी वापिस लेने की माँग को बुलंद किया। इस अवसर पर उपस्थित रहे यूटा के प्रांतीय कोषाध्यक्ष वीपी बघेल ने कहा कि प्रदेश में शिक्षा अधिकार अधिनियम 29 जुलाई 2011 को लागू हुआ था तत्समय पूर्व के नियुक्त अध्यापकों को अधिनियम में टीईटी से छूट प्रदान की गई थी लेकिन अगस्त 2017 में केन्द्र सरकार ने अध्यादेश संशोधन कर सभी शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य कर दिया गया जिसके आधार पर ही सर्वोच्च न्यायालय ने एक सितंबर को आदेश पारित किया है। आगरा मंडल अध्यक्ष केशव दीक्षित ने बताया कि उच्च न्यायालय के आदेश से देशभर के 25 लाख और प्रदेश में करीब दो लाख अध्यापकों के समक्ष नौकरी बचाने का संकट है। जिसके कारण प्रदेशभर के शिक्षक आंदोलित हैं। संगठन के जिला महामंत्री मुकेश राजपूत ने अध्यापकों को आश्वस्त किया कि संगठन शिक्षकों के न्याय की लड़ाई सड़क से लेकर न्यायालय तक लड़ेगा लेकिन अपनी सेवाशर्तों पर नियुक्त 20-25 वर्ष से नौकरी करने वाले शिक्षकों को नौकरी से बाहर नहीं होने दिया जाएगा।

जुलूस प्रदर्शन में मंडल अध्यक्ष केशव दीक्षित,वीपी बघेल,भगवान दास शंखवार,राधेश्याम यादव,सुरेन्द्र सिंह राजपूत,रविकांत,आनंद प्रकाश श्रोत्रिय,विनीता चौधरी,पंकज यादव,सविता अग्रवाल,सुमन राजपूत,श्रद्धा श्रीवास्तव,मूवी शर्मा,प्रीति श्रोत्रिय,सीमा भारद्वाज,सरिता शर्मा,निधि शर्मा,ज्योति शर्मा,निरंजना शंखवार,ओपी यादव,मुकेश यादव,मनोज कुमार,संजीत सिंह,वीर नारायण यादव,राजकिशोर गौतम,मनीष कुमार,आकाश यादव,आशीष अग्रवाल,अमरदीप,धीरज कुमार,प्रमोद कुमार मंगलम,अमित गुप्ता,लोकेश दिवाकर,संतोष शंखवार,शिवकांत पलिया,इंदु वत्सल दुबे,अमित ठाकुर,अमरनाथ आर्य,आदेश यादव,उमाशंकर व्यास,भुवनेश चंद्र,ललित यादव,सत्येंद्र सत्यार्थी आदि शामिल रहे।

अपर आयुक्त ने तहसील पहुंचकर संबंधित विभागों का किया निरीक्षण

दैनिक समाज जागरण
ब्यूरो शमीम सिद्दीकी

जनपद बिजनौर नजीबाबाद अपर आयुक्त अरुण कुमार सिंह मुरादाबाद मंडल ने तहसील नजीबाबाद पहुंचकर संबंधित विभागों का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके द्वारा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मंगलवार को अपर आयुक्त मुरादाबाद मंडल अरूण कुमार तहसील नजीबाबाद पहुंचे जहां उन्होने तहसील में स्थित एसडीएम कोर्ट, पूर्ति कार्यालय, भूलेख विभाग, विनमित क्षेत्र, तहसील से संबंधित अन्य विभागों के अभिलेखों का निरीक्षण किया। इसी के साथ-साथ ब्लॉक नजीबाबाद और नगर पालिका परिषद नजीबाबाद का भी निरीक्षण किया गया उन्होने सभी संबंधित विभागों के अभिलेखों का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए।

अपर आयुक्त के निरीक्षण के दौरान तहसीलीय अधिकारियों में हडकम्प मचा रहा।

इस दौरान उनके साथ डिप्टी कमिश्नर गजेंद्र प्रताप सिंह, एसडीएम नजीबाबाद शैलेंद्र कुमार, तहसीलदार संतोष कुमार, नायब तहसीलदार अमित कुमार, नायब तहसीलदार ममता आदि अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

48 घंटे बाद भी नहीं मिला पोषक नहर में कूदे रामचरण का सुराग, एसडीआरएफ और पुलिस की टीमें लगातार तलाश मे

समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर स्योहारा। क्षेत्र के नयावली गांव के पास पोषक नहर में कूदे रामचरण सिंह का 48 घंटे बाद भी कोई सुराग नहीं लग सका है। मंगलवार को पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने दो नावों की मदद से नहर में सर्च अभियान चलाया, लेकिन देर शाम तक सफलता हाथ नहीं लगी बताया जाता है कि सोमवार शाम करीब छह बजे मीरापुर निवासी रामचरण सिंह के नहर में कूदने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, जहां नहर किनारे एक साइकिल, चप्पल और देसी शराब के दो खाली पव्वे बरामद हुए। इन्हीं सामानों के आधार पर आशंका जताई जा रही है कि रामचरण ने नहर में छलांग लगाई मंगलवार को भी पुलिस ने सर्च ऑपरेशन जारी रखा। एसडीआरएफ की टीम को भी मौके पर बुलाया गया और नहर के पानी का स्तर कम कराकर तलाशी ली गई, लेकिन अभी तक रामचरण का कोई पता नहीं चल पाया है घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार के लोग नहर किनारे डटे हुए हैं और रामचरण के मिलने की उम्मीद लगाए बैठे हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि रामचरण की तलाश के लिए पुलिस और एसडीआरएफ की टीमें लगातार सर्च अभियान चला रही हैं। जल्द ही स्थिति स्पष्ट होने की उम्मीद है।

क्लैक्ट्रेट सभागार बहजोई में उपनिरीक्षक भर्ती लिखित परीक्षा को लेकर बैठक आयोजित

समाज जागरण, बहजोई।

आगामी उपनिरीक्षक भर्ती की लिखित परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से क्लैक्ट्रेट सभागार बहजोई में पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में परीक्षा की तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्था, परीक्षा केंद्रों की निगरानी तथा अभ्यर्थियों की सुविधाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए तथा सभी परीक्षा केंद्रों पर विशेष निगरानी रखी जाए। उन्होंने परीक्षा केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ को नियंत्रित करने और यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के भी निर्देश दिए। साथ ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने पर जोर दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) कुलदीप सिंह, अपर जिलाधिकारी सम्भल, क्षेत्राधिकारी चन्दौसी दीपक कुमार सहित पुलिस एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

सामौर बाबा महोत्सव में कन्हैया मित्तल के भजनों से झूमा सिरसागंज, श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ा

- सामौर बाबा धाम भक्तिमय ऊर्जा से गूंज उठा, हर तरफ "जय श्री राम" के उद्घोष सुनाई दिए
- भक्ति महोत्सव में पहुंचीं मंत्री बेबी रानी मौर्य, जयवीर सिंह के प्रयासों की सराहना
- महोत्सव की सफलता में मंत्री जयवीर सिंह के प्रयासों की खूब प्रशंसा, भजन संध्या बनी सबसे यादगार आयोजन

समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह

सिरसागंज। ग्राम करहरा स्थित प्रसिद्ध सामौर बाबा धाम पर चल रहे सात दिवसीय सामौर बाबा महोत्सव में मंगलवार को आयोजित भजन संध्या अभूतपूर्व सफलता के साथ संपन्न हुई। इस संध्या में प्रसिद्ध भजन गायक कन्हैया मित्तल ने अपनी मधुर और भावपूर्ण आवाज से श्रद्धालुओं के दिलों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके भजनों पर भक्तों ने तालियां बजाकर और भक्ति में डूबकर पूरे कार्यक्रम का आनंद लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य उपस्थित रहीं। इसके अलावा जिला सहकारी बैंक फिरोजाबाद के अध्यक्ष अतुल प्रताप सिंह समेत कई जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई।

सबसे यादगार और आकर्षक आयोजन

सिर्फ सिरसागंज और फिरोजाबाद ही नहीं, बल्कि आसपास के कई गांवों और कस्बों से भी श्रद्धालुओं की बड़ी भीड़ उमड़ी। भक्तजन जो राम को लाए हैं और भगवान खाटू श्याम व भगवान राम की भक्ति में रचे गीतों पर झूम उठे। पूरा धाम भक्ति की अद्भुत ऊर्जा से सराबोर हो गया। आयोजकों ने इस भजन संध्या को महोत्सव का सबसे यादगार और आकर्षक आयोजन बताया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने इसे अद्भुत, प्रेरणादायक और दिल को छू लेने वाला अनुभव बताया।

मंत्री जयवीर सिंह के योगदान की बेबी रानी मौर्य ने की सराहना

बेबी रानी मौर्य ने कहा, सामौर बाबा महोत्सव में भक्तों की इतनी बड़ी संख्या देखकर मैं अत्यंत प्रभावित हूं। यह आयोजन न सिर्फ भक्ति और संस्कृति को आगे बढ़ाता है, बल्कि समाज में सामूहिक प्रेम और श्रद्धा की भावना को भी मजबूत करता है। मैं विशेष रूप से जयवीर सिंह की मेहनत और प्रतिबद्धता की सराहना करती हूं। उनके समर्पित प्रयासों से यह महोत्सव हर दृष्टिकोण से सफल और यादगार बन पाया है।

भजन गायक कन्हैया मित्तल ने कहा,सामौर बाबा महोत्सव में अपने भजनों के माध्यम से भक्तों के बीच भावनाओं की ऊर्जा को महसूस करना मेरे लिए अत्यंत आनंददायक अनुभव रहा। श्रद्धालुओं की भावपूर्ण सहभागिता ने इस संध्या को और भी खास बना दिया। मैं विशेष रूप से मंत्री जयवीर सिंह के प्रयासों की सराहना करता हूं, जिनकी मेहनत से यह महोत्सव इतने भव्य रूप में आयोजित हो पाया।

दर्शकों की प्रतिक्रिया

फिरोजाबाद से महोत्सव में पहुंचे विकास पांडे ने कहा कि भजन संध्या ने उनके मन को छू लिया और पूरे कार्यक्रम में भक्ति की अद्भुत ऊर्जा महसूस हुई। वहीं सिरसागंज की रितु सिंह ने बताया कि कन्हैया मित्तल के भजनों ने सभी को भावविभोर कर दिया। उन्होंने कहा कि मंत्री जयवीर सिंह के प्रयासों के कारण यह महोत्सव बेहद यादगार और शानदार बन गया।

एलपीजी गैस सिलेण्डरों की ऑनलाइन बुकिंग न होने से एजेंसियों पर लगी भीड़

समाज जागरण

फिरोजाबाद! पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने गैस सिलेण्डरों की बुकिंग के लिये नये नियम जारी कर दिये है लेकिन आदेश के लागू होने के बाद से उपभोक्ताओं के सिलेंडर बुक नही हो पा रहे जिससे एजेंसियों पर लम्बी- लम्बी लाइने नजर आने लगी है

खाड़ी देशों में चल रहे भीषण युद्ध को लेकर भारत के पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एलपीजी सिलेण्डरों की बुकिंग के लिये नये नियम जारी कर दिये है। जिसमे सिंगल सिलेंडर के लिए 21 दिन व डबल सिलेण्डर की बुकिंग के लिये 25 दिन निर्धारित कर दिया गया है। मंत्रालय द्वारा यह नियम गैस आपूर्ति को सुनिश्चित करने और दुरपयोग को रोकने के उद्देश्य से लागू किया है।

लेकिन उपभोक्ताओं का कहना है, कि गैस कनेक्शन में दर्ज मोबाइल नम्बर के द्वारा न तो ऑनलाइन नम्बर बुक हो रहा है। और न ही हेल्पलाइन पर गैस का नम्बर बुक हो रहा है। जिसके बाद से हालत यह है, कि उपभोक्ता एजेंसियों पर पहुँचने लगे है। जिसमे अधिकांश महिलाये भी शामिल है।

सपा नेता की कॉलोनी पर पहुंचा बुलडोजर, मचा हंगामा

समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर। अवैध कॉलोनियों के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत तहसील प्रशासन ने बुधवार को भी बड़ी कार्रवाई की। ग्राम झगड़ी बांगर में बिना लेआउट पास विकसित की जा रही सपा नेता की कॉलोनी पर प्रशासनिक टीम बुलडोजर लेकर पहुंची, जहां कार्रवाई के दौरान हंगामे की स्थिति बन गई।

तहसील प्रशासन की टीम पहुंची तो बिना लेआउट गंगा ग्रीन सिटी वैष्णो विहार फेस-2 नाम से विकसित कॉलोनी की एक दीवार ध्वस्त कर दी। कॉलोनी से जुड़े लोगों ने विरोध शुरू कर दिया, जिससे मौके पर तनाव बढ़ गया और काम कुछ समय के लिए रुक गया। बताया जा रहा है इस कॉलोनी तहसील के दो पटवारी भी पार्टनर बताये जा रहें है। मौके पर मौजूद जेसीबी चालक सलमान को भी धमकी दी गई बाद में तहसीलदार आशीष सक्सेना मौके पर पहुंचे। प्रशासनिक हस्तक्षेप से हालात नियंत्रित किए गए। विरोध कर रहे लोगों का कहना था कि उन्हें कार्रवाई से पहले नोटिस नहीं मिला। इस पर टीम बिना आगे की कार्रवाई किए लौट गई। हालांकि एसडीएम सदर रितु रानी ने स्पष्ट किया कि सभी अवैध कॉलोनियों है।

को नियमानुसार नोटिस जारी किए जा चुके हैं, और अभियान आगे भी जारी रहेगा। इससे पहले प्रशासन ने जोधुवाला रोड स्थित कालिका मंदिर के पास दो बिना लेआउट पास कॉलोनियों के गेट व सड़कें उखाड़ों, फरीदपुर काजी में निशान शोरूम के सामने बन रहे मार्केट को भी ध्वस्त किया। सड़क उखाड़ दी गई। जबकि उनका कहना है कि लेआउट पास करवाने के लिए फाइल विनिमित क्षेत्र कार्यालय में जमा है फिर भी कार्यवाही की गई। बताया जा रहा है कि शहर में लगभग 95 कॉलोनियों का लेआउट पास नहीं है। लोगों का कहना है कि ध्वस्तीकरण की कार्रवाई सिर्फ एक वर्ग विशेष के खिलाफ होने से आक्रोश बढ़ रहा है और चुनाव में उनका वोट पाकर संसद और विधानसभा में पहुंचने वाले नेता भी चुप्पी साधे है, साथ ही सवाल उठ रहे हैं कि जब लेआउट पास ही नहीं होना है, तो धारा 80 के नाम पर मोटी रकम क्यों ली जाती

साइबर ठगी से सतर्क रहने की दी सलाह, पुलिस ने ग्रामीणों को किया जागरुक

साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी देकर पुलिस ने बढ़ाई जागरूकता

दैनिक समाज जागरण
ब्यूरो शमीम सिद्दीकी

जनपद बिजनौर अफजलगढ़। महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के साथ-साथ साइबर अपराध से बचाव को लेकर अफजलगढ़ पुलिस द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर आबाद में साइबर हेल्प डेस्क को लेकर जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम में थाना अफजलगढ़ पुलिस ने ग्राम प्रधान नजमुस्सहर के आवास पर ग्रामीणों को साइबर अपराध से बचाव और साइबर हेल्पलाइन के उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। चौपाल में उपस्थित महिलाओं और ग्रामीणों को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन से जुड़े विषयों पर भी जागरूक किया गया। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता प्राप्त की जा सकती है। इनमें 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपात सेवा, 102 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एंबुलेंस सेवा, 108 सामान्य एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्डलाइन, 101 अग्निशमन सेवा और 1930 साइबर हेल्पलाइन प्रमुख हैं। इस दौरान थानाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह राठी ने ग्रामीणों को साइबर अपराधों से सतर्क रहने की सलाह देते हुए बताया कि किसी भी तरह की ऑनलाइन ठगी या संदिग्ध गतिविधि की स्थिति में तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई जाए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पुलिस हर समय लोगों की सुरक्षा के लिए तत्पर है। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान नजमुस्सहर, प्रधान पति रईस अहमद, महिला उपनिरीक्षक रीनू पंवार, उपनिरीक्षक शिवम तायल, महिला कांस्टेबल किरण देवी, दीपा तोमर, आरती देवी और अंजू सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। पुलिस की इस पहल की ग्रामीणों और महिलाओं ने सराहना की।

ईद को ध्यान में रखते हुए शांति कमेटी की हुई मीटिंग

समाज जागरण

शिकोहाबाद। मुस्लिम समाज के आगामी त्यौहार ईद को लेकर सीओ के नेतृत्व में कोतवाली में एक शांति कमेटी की एक मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में हिंदू और मुस्लिम समाज के लोग शामिल हुए। लोगों ने पर्व को ध्यान में रखते हुए साफ सफाई और विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने की मांग की।

बुधवार को दोपहर दो बजे सीओ अमरीश कुमार के नेतृत्व में कोतवाली परिसर में शांति कमेटी की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें नगर पालिका और विद्युत विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। मीटिंग में सीओ ने पहले लोगों की बातों और उनके सुझावों को सुना। इसके बाद उन्होंने जायज समस्याओं के समाधान के लिए पालिका प्रशासन और विद्युत विभाग के कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए। इस दौरान सीओ ने सभी लोगों से अफवाहों पर ध्यान ना देने तथा पर्व को शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन हर संभव आप लोगों के साथ है। अगर कोई भी व्यक्ति अफवाह को फैलाते हुए मिला तो उसके विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। इस दौरान इंस्पेक्टर अनुज कुमार भी मौजूद रहे। सभ्रांत लोगों में अब्दुलवाहिद, सद्दाम, सलीम कादरी, बब्बू कुरैशी, सलीम मास्टर, ह्रदयराम यादव, कुलदीप सिंह, इमरान कुरैशी, आजाद मोहम्मद, आसिफ, अक्षय भाई, आसमा बेगम, संजय कुरैशी, पप्पू म बर, सय्यद साहब और अन्य लोग उपस्थित रहे।

नाबालिग से तमंचे के बल पर किया दुष्कर्म, पुलिस ने मुठभेड़ में किया घायल, भर्ती

- प्राथमिकी दर्ज करने के बाद आरोपित की निशानदेही पर तमंचा और कारतूस बरामद
- तमंचा बरामद कराने गई पुलिस पर आरोपित ने झाड़ियों से तमंचा निकाल कर की फायरिंग

समाज जागरण

शिकोहाबाद। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने थाने में तहरीर दी कि उसकी नाबालिग पुत्री को एक युवक बहला फुसला कर मोटरसाइकिल पर बैठा कर ले गया और भांडरी नहर पुल के पास तमंचा दिखा कर उसकी पुत्री के साथ दुष्कर्म किया। किशोरी की चीख पुकार पर स्थानीय लोगों ने युवक को पकड़ कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर आरोपित को लेकर भांडरीपुल पर पहुंची। आरोपित ने झाड़ियों में छिपे तमंचे को बरामद कर पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्यवाही में युवक पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

मंगलवार को पीड़िता के पिता ने थाने में तहरीर दी थी। जिसमें कहा गया था कि अजुर्न नाम का युवक उसकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसला कर मोटर साइकिल पर बैठा कर ले गया और भांडरीपुल के समीप तमंचे के बल पर उससे दुष्कर्म किया। इस दौरान ग्रामीणों ने युवक को पकड़ लिया और किशोरी के स्वजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपित को हिरासत में ले कर पूछताछ शुरू कर दी। इधर पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने आरोपित से तमंचा के बारे में पूछताछ की। उसने बताया कि तमंचा भांडरी पुल के पास झाड़ियों में छिपा दिया है। पुलिस रात्रि एक बजे के करीब उसको लेकर मौके पर पहुंची। आरोपित अर्जुन द्वारा काफी देर झाड़ियों में इधर उधर तलाश करने के दौरान अचानक झाड़ी से एक तमंचा निकालकर पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया, जिसमें पुलिस पार्टी बाल बाल बच गई । इसी दौरान आरोपित ने पुनः फायर करने का प्रयास किया,लेकिन तब तक पुलिस पार्टी द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई फायरिंग में अर्जुन के दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हो गया। आरोपित के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद किये हैं। घायल को उपचार हेतु जिला संयुक्त चिकित्सालय शिकोहाबाद भेजा गया । आरोपित के विरुद्ध अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। पुलिस ने पकड़े गये आरोपित का नाम अर्जुन पुत्र रामखिलाड़ी निवासी ग्राम विदरखा थाना शिकोहाबाद बताया है।

घरेलू गैस सिलेंडरों की जमाखोरी व ब्लैक मार्केटिंग पर शिकंजा, खुफिया विभाग ने की जांच

समाज जागरण
कांधला।(फुरकान जंग)

एलपीजी गैस सिलेंडरों की बढ़ती कीमतों और जमाखोरी की शिकायतों को देखते हुए केंद्र व प्रदेश सरकार सख्त रुख अपनाए हुए है। सरकार द्वारा घरेलू गैस सिलेंडरों की काला बाजारी और अवैध सप्लाई को रोकने के लिए नई गाइडलाइन जारी की गई है। इसी के चलते प्रशासनिक व खुफिया विभाग की टीमें भी क्षेत्र में सक्रिय हो गई हैं।थाना क्षेत्र में प्रतिदिन सैकड़ों एलपीजी गैस सिलेंडरों की सप्लाई की जाती है। यह सिलेंडर घरेलू उपभोक्ताओं के अलावा चाय की दुकानों, ढाबों, होटलों और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर भी इस्तेमाल किए जाने की शिकायतें सामने आती रही हैं। कई स्थानों पर घरेलू सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग किए जाने की भी चर्चाएं हैं, जिससे गैस की कालाबाजारी और जमाखोरी की आशंका बढ़ जाती है।

प्रदेश सरकार द्वारा जारी निर्देशों में साफ कहा गया है कि अधिकारी स्वयं मौके पर पहुंचकर जांच करें और घरेलू गैस सिलेंडरों की जमाखोरी, अवैध भंडारण तथा ब्लैक मार्केटिंग पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें। इसके लिए संबंधित विभागों को भी सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।बुधवार को खुफिया विभाग की टीम ने कांधला नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में पहुंचकर विभिन्न गैस

एजेंसियों और दुकानदारों के बारे में गोपनीय तरीके से जानकारी जुटाई। टीम ने यह भी पता लगाया कि कहीं घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग व्यवसायिक कार्यों में तो नहीं किया जा रहा है।विभाग द्वारा जुटाई गई जानकारी के आधार पर आगे भी जांच और कार्रवाई की जा सकती है। प्रशासन का कहना है कि यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा गैस सिलेंडरों की जमाखोरी या ब्लैक मार्केटिंग करते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की इस कार्रवाई से गैस एजेंसियों और दुकानदारों में हड़कंप का माहौल बना हुआ है।

अनियंत्रित होकर फिसली बाइक, दो युवक घायल; एक की हालत गंभीर

समाज जागरण
कांधला।(फुरकान जंग)

थाना क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित खंद्रावली चौकी के समीप बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई, जिस कारण बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों और आसपास के लोगों ने घायलों की चीख-पुकार सुनकर सूचना 108 एंबुलेंस को दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस की टीम ने दोनों घायलों को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद एक युवक की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बुधवार को सहारनपुर जनपद के गंगोह थाना क्षेत्र के गांव बासदेही निवासी सुंदर अपने साथी गांव चौपरा निवासी अनिल के साथ बाइक से थाना क्षेत्र के गांव जसाला में एक रिश्तेदारी में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे। जब दोनों युवक दिल्ली, सहारन पुररोड पर स्थित खंद्रावली चौकी के पास पहुंचे, तभी अचानक बाइक का संतुलन बिगड़ गया और बाइक सड़क पर फिसल गई। हादसे में दोनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ एकत्र हो गई।आसपास के लोगों ने तत्काल 108 एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलते ही एंबुलेंस कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर घायलों को प्राथमिक सहायता देते हुए नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया। चिकित्सकों ने दोनों का उपचार किया। उपचार के दौरान सुंदर की हालत गंभीर होने के कारण उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।जानकारी मिलते ही घायलों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए और आगे के उपचार के लिए उन्हें अपने साथ ले गए।

ट्रैकमैन कर्मचारियों ने स्टेशन गेट पर किया धरना-प्रदर्शन

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) रेल खंड दिल्ली मंडल में कार्यरत ट्रैकमैन कर्मचारियों ने एसएसई पी-वे इंचार्ज पर पद के दुरुपयोग, पक्षपात और रेल सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने के गंभीर आरोप लगाते हुए बुधवार को स्टेशन गेट पर धरना प्रदर्शन करते हुए भूख हड़ताल की। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर तत्काल कार्रवाई नहीं की गई तो वे अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल करेंगे। ट्रैकमैन कर्मचारियों द्वारा शामली रेलवे स्टेशन पर दरा बिछाकर धरना प्रदर्शन करते हुए भूख हड़ताल की। उन्होंने मंडल रेल

प्रबंधक नई दिल्ली तथा महाप्रबंधक उत्तर रेलवे को भेजे गए पत्र में आरोप लगाया गया है कि शामली सेक्शन के एसएसई/पी-वे इंचार्ज संजय शर्मा पिछले छह वर्षों से अधिक समय से एक ही स्थान पर तैनात हैं, जो रेलवे बोर्ड की रोटेशन नीति के विरुद्ध है। कर्मचारियों का कहना है कि लंबे समय से एक ही स्थान पर तैनाती के कारण भ्रष्टाचार और मनमानी बढ़ गई है, जिससे कर्मचारियों को प्रतिदिन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी होने के कारण अधिकारी अपने प्रभाव का अनुचित लाभ उठाते हुए चुनिंदा ट्रैकमैनों को फील्ड ड्यूटी से हटाकर कार्यालय और ट्रॉलीमैन के रूप में तैनात कर रहे हैं। इससे कार्य का वितरण असमान हो गया है और अन्य कर्मचारियों में असंतोष बढ़ रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि ट्रॉली पर कार्य करने वाले स्थायी कर्मचारियों को प्रतिमाह 8 से 10 हजार रुपये तक अतिरिक्त भत्ता मिलता है, जिससे अन्य कर्मचारियों में असंतोष की भावना पैदा हो रही है। आरोप लगाया कि अधिकारी अपने पद और स्थानीय प्रभाव का उपयोग कर कर्मचारियों पर मानसिक दबाव बनाते हैं। ट्रैकमैन कर्मचारियों ने मांग की है कि स्थायी रूप से तैनात ट्रॉलीमैन व्यवस्था समाप्त कर सभी कर्मचारियों से समान रूप से ट्रैक में कार्य लिया जाए, तथा संबंधित अधिकारी के खिलाफ कड़ी अनु शासनात्मक कार्रवाई करते हुए उनका तत्काल स्थानांतरण किया जाए। इस अवसर पर विकास, राकेश कुमार, संजीव कुमार, संजय कुमार, कविन्द्र मलिक, रमा शुंकर, नाकुल कुमार, प्रशांत राठी, रवि कुमार मलिक, विकास कश्यप आदि मौजूद रहे।

लेखपाल पर डेढ़ लाख रुपए हड़पने का आरोप, निष्पक्ष जांच की मांग

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) तहसील कैराना क्षेत्र के गांव जमालपुर गाड़ीवाला निवासी एक व्यक्ति ने लेखपाल पर धोखे से डेढ़ लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाते हुए डीएम से निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है। आरोप है कि लेखपाल ने उसे भ्रमित कर और डराकर पैसे ले लिए तथा अब शिकायत करने पर धमकियां दी जा रही हैं। ग्राम जमालपुर निवासी शाहिद पुत्र वहीद खां ने डीएम को दिए शिकायती पत्र में बताया कि

उसके पिता ने वर्ष 2000 में 126 वर्गमीटर का एक प्लॉट पंजीकृत बैनामे के माध्यम से खरीदा था, जिस पर वह परिवार के साथ लंबे समय से दुकान और मकान बनाकर काबिज हैं। वर्ष 2024 में क्षेत्रीय लेखपाल ने दुकान पर आकर बैनामा देखा और कहा कि बैनामे में खसरा नंबर दर्ज नहीं है, इसलिए वह सही नहीं माना जाएगा। आरोप है कि इसके बाद लेखपाल ने पूर्व स्वामी के परिवार से सांठगांठ कर उसके प्लॉट को लेकर मुकदमा दर्ज करा दिया और समाधान कराने के नाम पर उससे दो लाख रुपये की मांग की। काफी मिन्नत करने पर लेखपाल ने डेढ़ लाख रुपये लेकर मामला सुलझाने की बात कही। आरोप है कि डर के कारण उसने लेखपाल को 1,50,000 रुपये दे दिए। रुपये लेने के बाद लेखपाल ने हाथ से लिखे एक कागज पर प्लॉट को एक खसरा नंबर में दर्ज दिखाते हुए उसे दे दिया, जिस पर कथित तौर पर संबंधित अधिकारियों की मुहर और हस्ताक्षर भी लगाए गए। बाद में न्यायालय में जानकारी हुई कि पुराने बैनामों में खसरा नंबर लिखना अनिवार्य नहीं होता था और इसी आधार पर उसे गुमराह किया गया। अपने रुपये वापस मांगने पर लेखपाल ने एसडीएम से सांठगांठ होने का हवाला देते हुए उसे झूठे मुकदमे में फंसाने और दुकान-मकान पर बुलडोजर चलवाने की धमकी दी। पीड़ित ने न्याय की गुहार लगाई है।

प्रतिभा सम्मान समारोह का वार्षिक आयोजन

समाज जागरण

शामली। शहर के वीवीपीजी कॉलेज में बुधवार को वार्षिक प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन छात्र कल्याण अधिष्ठाता समिति, सांस्कृतिक समिति और शारीरिक शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मां शाकंभरी विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजीव कुमार, प्रबंध समिति के अध्यक्ष नवनीत जैन, सचिव दीपक जैन, प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार, डीन डॉ. भूपेंद्र कुमार तथा सांस्कृतिक समिति की संयो

जिका डॉ. बबली ने संयुक्त रूप से किया। प्रारंभ में डीन डॉ. भूपेंद्र कुमार ने स्वागत भाषण दिया। इसके बाद डॉ. अनुप्रता ने वार्षिक आख्या प्रस्तुत की, जबकि डॉ. मुकेश कनौजिया ने मुख्य अतिथि का परिचय कराया। डॉ. राजीव कुमार ने कहा कि केवल मेरिट बनाना ही लक्ष्य नहीं होना चाहिए, बल्कि बहुआयामी व्यक्तित्व का निर्माण भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि धैर्य, अनुशासन, सकारात्मक सोच और सही दिशा में किया गया प्रयास ही विद्यार्थियों को सफलता के शिखर तक पहुंचाता है। साथ ही उन्होंने पाठ्यक्रमों की प्रासंगिकता और प्रतिस्पर्धा के दौर में स्वयं को सक्षम बनाने पर भी जोर दिया। प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार ने कहा कि आत्म विश्वास, लगन और प्रति बद्धता के साथ किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त की जा सकती है। समारोह में शैक्षणिक, सांस्कृतिक और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्गीय लाल जैन पुरस्कार और श्यामलाल जैन पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में डॉ. नीना छोकरा, डॉ. प्रताप, गिरीश नारायण यादव, निर्भय सिंह, डॉ. पूजा, धीरेंद्र कुमार, अर्शी खान, डॉ. अरविंद, रिचा, गीता, अनुकृति, सोनिया, छवि आदि मौजूद रहे।

पुलिस मुठभेड़ में मारे गए बदमाश की मजिस्ट्रियल जांच शुरू

समाज जागरण
शामली। (फुरकान जंग)

गत 5 फरवरी को पुलिस मुठभेड़ में मारे गए 50 हजार रुपये का इनामी बदमाश की मजिस्ट्रियल जांच शुरू कर दी गई है। गत 5 फरवरी की रात करीब 10:36 बजे मुण्डेट नहर पटरी के पास बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने ग्राम फतेहपुर निवासी राहुल से 500 रुपये नगदी, एक मोबाइल फोन और दो चांदी की अंगूठियां लूट ली थीं। घटना की सूचना पर पुलिस द्वारा जनपद में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान कोतवाली शामली पुलिस टीम ने संदिग्ध बाइक सवारों को रोकने का प्रयास किया, लेकिन बदमाश नहीं रुके। इसके बाद कोतवाली शामली और आदर्श मंडी थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने बदमाशों की घेराबंदी की। पुलिस के अनुसार बदमाश लगातार फायरिंग करते रहे, जिसमें थाना आदर्श मंडी के थानाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र सिंह की बुलेटप्रूफ जैकेट में गोली लगी। वहीं कोतवाली शामली के मुख्य आरक्षी सुमित कुमार के दाहिने हाथ में गोली लगने से वह घायल हो गए। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें 50 हजार रुपये का इनामी बदमाश रिहान पुत्र मोहम्मद आलम निवासी जाकिर नगर, नई दिल्ली की गोली लगने से उपचार के दौरान मौत हो गई थी। पूरे प्रकरण की मजि स्ट्रियल जांच उप जिलाधिकारी अर्चना शर्मा द्वारा की जा रही है। प्रशासन ने अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति के पास घटना से संबंधित कोई सूचना या साक्ष्य हो तो वह 12 मार्च तक कार्यालय में उपलब्ध करा सकता है।

एसपी ने क्षेत्राधिकारियों के कार्य क्षेत्रों में किया फेरबदल

समाज जागरण शामली।(फुरकान जंग)

जनपद में कानून एवं प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह ने क्षेत्राधिकारियों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया है। उन्होंने अमरदीप मौर्य को पुलिस उपाधीक्षक अपराध के पद से स्थानांतरित कर क्षेत्राधिकारी थानाभवन बनाया गया है। वहीं जितेंद्र कुमार को क्षेत्राधिकारी थानाभवन से क्षेत्राधिकारी नगर की जिम्मेदारी सौंपी गई है इसके अलावा अपेक्षा निम्बाड़िया को क्षेत्राधिकारी नगर से स्थानांतरित कर पुलिस उपाधीक्षक अपराध नियुक्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जनपद में कानून व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए यह प्रशासनिक फेरबदल किया गया है।

हमला और कपड़े फाड़ने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

समाज जागरण

कैराना। हमला करने और कपड़े फाड़ने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया गया है। गांव जगनपुर निवासी एक ग्रामीण ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि शुक्रवार शाम करीब छह बजे वह अपने बेटे के साथ अपने खेत पर कृषि कार्य से गया था। आरोप है कि वहां पर आदित्य, अशोक व संजीव लाठी-डंडे लेकर आए और गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। इस दौरान उसके बेटे का गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। इसके बाद वह अपने बेटे को लेकर थाने पहुंचा तथा बेटे का मेडिकल कराया। घर पर उसकी पत्नी अकेली थी। रात करीब साढ़े नौ बजे संजीव, जसवीर, राजीव उर्फ राजू, अशोक, राजेंद्र, सुशील व आदित्य लाठी-डंडे लेकर उसके घर में घुस आए। आरोपियों ने उसकी पत्नी के साथ मारपीट की तथा उसके कपड़े फाड़ दिए। बाद में आरोपी धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

तमंचे के साथ एक गिरफ्तार

समाज जागरण

कैराना। पुलिस ने तमंचे और कारतूस के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर किया। मंगलवार रात पुलिस खुरगान बाईपास फ्लाईओवर के पास चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, जिसके कब्जे से एक तमंचा और एक कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम जावेद निवासी गांव खुरगान बताया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी का चालान कर दिया है।

जल निगम (ग्रामीण) का खंड कार्यालय नए पते पर हुआ संचालित

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग)उ.प्र. जल निगम ग्रामीण के खंड कार्यालय का पता बदल दिया गया है। अधिशासी अभियंता फूल सिंह यादव ने बताया कि कार्यालय को 1 मार्च से नए स्थान पर स्थानांतरित कर दिया गया है। अब कार्यालय का संचालन मोहल्ला शिव विहार, 60 फुटा रोड, ओल्ड एसपी ऑफिस के निकट, रेलपार, स्थित नए पते से किया जा रहा है। उन्होंने संबंधित विभागों व आमजन से नए पते पर ही संपर्क करने की अपील की है।

आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को प्रोत्साहन देने और प्रेरित करने के लिए पहलें

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता (एडब्ल्यूडब्ल्यू) और आंगनवाड़ी सहायिकाएं (एडब्ल्यूएच) स्थानीय समुदाय की मानदेय आधारित कार्यकर्ता हैं जो स्वेच्छा से बाल देखभाल और विकास के क्षेत्र में अपनी सेवाएं प्रदान करके स्थानीय समुदाय की सहायता करती हैं। उन्हें मासिक मानदेय दिया जाता है, जिसमें समय-समय पर वृद्धि की जाती है। सरकार ने पहली अक्टूबर, 2018 से आंगनवाड़ी केंद्रों में कार्यकर्ताओं का मानदेय 3,000 रुपये से बढ़ाकर 4,500 रुपये प्रति माह और आंगनवाड़ी सहायिकाओं का मानदेय 1,500 रुपये से बढ़ाकर 2,250 रुपये प्रति माह कर दिया है, जो केंद्र और राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के बीच निर्धारित लागत साझाकरण अनुपात के अनुसार है। इसके अतिरिक्त, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को 500 रुपये और सहायिकाओं को 250 रुपये प्रति माह प्रदर्शन-आधारित प्रोत्साहन दिया जाता है। साथ ही, राज्य और केंद्र शासित प्रदेश अपने संसाधनों से इन स्वयंसेवी कार्यकर्ताओं को अतिरिक्त आर्थिक प्रोत्साहन और टॉप-अप भी प्रदान करते हैं, जो राज्यवार भिन्न-भिन्न होते हैं। महिला देखभाल कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को प्रोत्साहित और प्रेरित करने के लिए निम्नलिखित पहलें की गई हैं: अवकाश: 20 दिन का वार्षिक अवकाश और 180 दिन का सवैतनिक मातृत्व अवकाश, गर्भपात/गर्भस्राव की स्थिति में एक बार 45 दिन का सवैतनिक अवकाश।

पुरानी रंजिश में दो पक्षों में मारपीट, महिला सहित चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

समाज जागरण
कांधला।(फुरकान जंग)

थाना क्षेत्र के गांव नाला में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने एक पक्ष की तहरीर पर एक महिला सहित चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।गांव नाला में बीते मंगलवार को दीपक पक्ष और धर्मेंद्र पक्ष के बीच कहासुनी के बाद विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो गई थी। बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों के बीच पिछले कई महीनों से रंजिश चली आ रही है और इससे पहले भी उनके बीच विवाद और झगड़े की घटनाएं हो चुकी हैं।पीड़ित पक्ष की ओर से दीपक की पत्नी रीना ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह रोज की तरह अपनी दुकान पर बैठी हुई थी। आरोप है कि उसी दौरान धर्मेंद्र, अमित, विक्की और कविता एक राय होकर वहां पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया। अचानक हुए हमले में पीड़िता के साथ मारपीट की गई,शोर-शराबा होने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचने लगे, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़िता ने पुलिस से आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है।पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर धर्मेंद्र, अमित, विक्की और कविता के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

डीआईओएस कार्यालय पर गंभीर आरोप, डीएम को शिकायत

समाज जागरण

शामली। (फुरकान जंग) कन्या कल्याण गुरुकुल शिक्षा संस्थान इंटर कॉलेज भैंसवाल के पूर्व प्रबंधक यश पाल सिंह ने डीआईओएस कार्यालय पर गंभीर आरोप लगाते हुए डीएम से मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने डीएम को शिकायती पत्र सौंपकर कई महत्वपूर्ण अभिलेख उपलब्ध न कराए जाने और पूर्व प्रकरण में अनियमितता का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता यशपाल सिंह का आरोप है कि संस्था की प्रबंध संचालिका सीमा वर्मा से विभिन्न विभागीय पत्रों की प्रतियां मांगी गई थीं, लेकिन अब तक उन्हें उपलब्ध नहीं कराया गया है। उनका कहना है कि संयुक्त शिक्षा निदेशक, मण्डल कार्यालय द्वारा भी इन पत्रों के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा गया था, लेकिन संबंधित अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए गए। 19 जनवरी 2018, 5 अगस्त 2022,5 अगस्त 20 23, 12 अक्टूबर 2022 तथा 18 जून 2021 के महत्वपूर्ण पत्रों और उनसे संबंधित अभिलेखों की प्रतियां मांगी गई थीं। आरोप है कि इन पत्रों के संबंध में प्रबंध संचालिका द्वारा भ्रामक जवाब दिए गए और कई पत्र उपलब्ध नहीं कराए गए। यशपाल सिंह का कहना है कि इन दस्तावेजों से संस्था के संचालन और प्रबंध समिति से जुड़े कई तथ्यों का खुलासा हो सकता है। आरोप लगाया कि संस्था की प्रबंध समिति के आजीवन सदस्यों को मृत घोषित कर चुनाव नहीं कराए गए, जबकि कई सदस्य जीवित हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में जीवित सदस्यों के आधार कार्ड और अन्य प्रमाण भी उपलब्ध कराए जा चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद डीआईओएस कार्यालय द्वारा कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। उन्होंने 12 फरवरी 2026 को भी एक प्रार्थना पत्र देकर संस्था से जुड़े अभिलेख, खाता संख्या की पासबुक और कार्यवाही रजिस्टर की प्रतियां मांगी थीं, लेकिन अब तक उन्हें उपलब्ध नहीं कराया गया है। उन्होंने कहा कि यदि निष्पक्ष जांच होती है तो संस्था से जुड़े सभी तथ्य सामने आ जाएंगे।

नेशनल लेवल ओलंपियाड के पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग)बुधवार को शहर के सेंट आरसी स्कूल में लायंस ओलंपियाड फाउंडेशन, दिल्ली द्वारा आयोजित नेशनल लेवल ओलि पियाड के पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे चेयरमैन अरविन्द संगल ने कहा कि श्रेष्ठ से सर्वश्रेष्ठ की ओर बढ़ना ही जीवन का लक्ष्य होना चाहिए। विद्यालय केवल परीक्षा पास कराने का माध्यम नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में उत्कृष्टता की संस्कृति विकसित करने का केंद्र होता है। आज छात्रों की यह उपलब्धि उसी निरंतर प्रयास का परिणाम है। उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों को भी बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि राष्ट्रीय स्तर पर भी छात्र बेहतर प्रदर्शन कर अपने परिवार और विद्यालय का नाम रोशन करेंगे। प्रतियोगिता में कक्षा 1 से 10 तक कुल 380 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 67 विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मेडल प्राप्त किए। गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में कक्षा 1 से आलिया, पलक तोमर, अनिका गुप्ता और आराध्या गर्ग, कक्षा 2 से रूही गर्ग, प्रत्यक्ष, आराध्या गौतम, युवी गर्ग और संस्कार पवार, कक्षा 3 से यश सिंह, अथर्व मिश्रा, अधिराज जन्मेजा, माधव और प्रतिज्ञा तोमर, कक्षा 4 से पृथ्वीराज मलिक, मानवी चौधरी और अजकनू, कक्षा 5 से अथर्व पवार, उदय अहलावत, अद्विका गिरि और गरिमा, कक्षा 6 से शिवांगी चौधरी, अंश मित्तल, अथर्व कुमार आर्य, अंशिका स्वामी और अभिमन्यु, कक्षा 7 से हर्षित सिंह, दिया, प्रिंस और ध्रुव गोयल, कक्षा 8 से अक्षिता राणा, अदिति आर्या, नैंसी और अर्णव, कक्षा 9 से प्रनिका वत्स, विहान जैन, यश देशवाल और अनमोल विश्वकर्मा तथा कक्षा 10 से अनंत, आरूषी जैन, धैर्य मित्तल, जयंत मित्तल और तैयबा जैदी शामिल रहे। प्रधानाचार्या उजमा जैदी ने उज्जवल भविष्य की कामना की।

गैस सप्लाई में आई कमी, आपूर्ति प्रभावित उपभोक्ता परेशान

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) गैस सप्लाई में आई कमी के चलते जनपद में घरेलू और व्यावसायिक गैस सिलें डरों की आपूर्ति प्रभावित होने लगी है। खासकर व्यावसायिक गैस सिलेंडर की सप्लाई बंद होने से होटल संचालकों और भोजनालय संचालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर होटल संचालक मजबूरी में घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के कारण होर्मुज जलमार्ग से होने वाली गैस सप्लाई प्रभावित होने के बाद केंद्र सरकार ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए एसेंशियल कमोडिटी एक्ट 1955 लागू कर दिया है। गैस की किल्लत को देखते हुए उत्तर प्रदेश के कई जनपदों में फिलहाल व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति पर रोक लगा दी गई है। व्यावसायिक सिलेंडरों की आपूर्ति रुकने से होटल, रेस्टोरेंट और छोटे भोजनालय संचालकों के सामने कामकाज ठप होने की स्थिति बन गई है। शादी-समारोह और अन्य आयोजनों में भी गैस सिलेंडर उपलब्ध न होने से परेशानियां बढ़ रही हैं। होटल संचालक सुखचैन वालिया, वंश गर्ग का कहना है कि यदि जल्द ही सप्लाई बहाल नहीं हुई तो उनके लिए व्यवसाय चलाना मुश्किल हो जाएगा। वहीं घरेलू उपयोग के लिए गैस की उपलब्धता अभी बनी हुई है और सप्लाई व्यवस्था स्थिर है। इधर जनपद में गैस एजेंसियों द्वारा घरेलू और व्यावसायिक सिलेंडरों की उपलब्धता को लेकर लगातार निगरानी की जा रही है, ताकि आम उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। भारत गैस एजेंसी संचालक अजय संगल का कहना है कि घरेलू गैस के सिलेंडरों की कोई कमी नहीं है। लोगों में भ्रम फैलाया जा रहा है। व्यावसायिक सिलेंडरों की सप्लाई आगे से बंद हो गई है।

सड़कों पर नहीं होगी ईद की नमाज:सीओ

– ईद-उल-फितर को लेकर कोतवाली में धर्मगुरुओं व गणमान्य लोगों के साथ बैठक

– शासन के निर्देशों का पालन करने की अपील, लाउडस्पीकर को लेकर भी दिए निर्देश

समाज जागरण

कैराना।(फुरकान जंग)आगामी ईद-उल-फितर के पर्व को लेकर कोतवाली परिसर में धर्मगुरुओं और गणमान्य लोगों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीओ ने शासन के निर्देशों से अवगत कराते हुए स्पष्ट किया कि सड़कों पर नमाज अदा नहीं की जाएगी। नमाज केवल ईदगाह और मस्जिदों के अंदर ही अदा की जाए। बुधवार को कोतवाली में आयोजित बैठक में सीओ हेमंत कुमार ने कहा कि किसी भी स्थिति में सड़कों पर नमाज अदा न की जाए, ताकि यातायात बाधित न हो। यदि कहीं ऐसा पाया गया तो पुलिस-प्रशासन को कार्रवाई के लिए बाध्य होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सभी लोग त्योहार को शांतिपूर्ण और भाईचारे के साथ मनाएं तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। सीओ ने मंदिरों और मस्जिदों में लाउडस्पीकर को लेकर भी सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि निर्धारित सीमा से अधिक लाउड स्पीकर न लगाए जाएं और उनकी आवाज भी सीमित रखी जाए। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री ने कहा कि पुलिस प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह सतर्क है। सभी लोग आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ त्योहार मनाएं, जिससे क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे। जामा मस्जिद के इमाम व खतीब मौलाना ताहिर ने कहा कि अन्य समुदायों के जुलूस भी सड़कों पर निकलते हैं। यदि ईद की नमाज के दौरान कुछ समय के लिए रियायत मिल जाती तो बेहतर रहता, लेकिन शासन के निर्देशों का पालन किया जाएगा। पूर्व में ईदगाह के बाहर सड़क पर नमाज पढ़ने पर मुकदमा दर्ज हुआ था। वह नहीं चाहते कि कोई कार्रवाई हो। बैठक में बताया गया कि कोतवाली क्षेत्र के नगर और ग्रामीण क्षेत्र में कुल 46 ईदगाह एवं मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की जाएगी। इस दौरान धर्मगुरुओं व गणमान्य लोगों ने साफ-सफाई की व्यवस्था, गांव गोगवान में तालाब की खुदाई के कारण सड़कों पर फैली गंदगी से निजात दिलाने तथा मन्ना माजरा ईदगाह के पास हाईवे कट खुलवाने के सुझाव भी अधि कारियों के समक्ष रखे। अधिकारियों ने उन्हें आश्वासन दिया।

यूपी में पत्रकारों की पेंशन बढ़ाने की मांग, श्रम मंत्री ने दिया आश्वासन

समाज जागरण

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के श्रम मंत्री अनिल राजभर ने यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया है कि वह केंद्रीय श्रम मंत्री से मिलकर पत्रकारों और निजी क्षेत्र के कर्मचारियों की न्यूनतम पेंशन 1000 से बढ़ाकर 5000 रुपए करने की मांग का समर्थन करेंगे। उत्तर प्रदेश के श्रम मंत्री अनिल राजभर ने

यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के एक प्रति निधि मंडल को आश्वासन दिया है कि वह शीघ्र ही केंद्रीय श्रम मंत्री से भेंट कर पत्रकारों सहित निजी क्षेत्र के सभी अवकाश प्राप्त कर्मचारियों को भविष्य निधि संगठन (पीएफ) से मिल रही मासिक 1000 रुपए न्यूनतम पेंशन को बढ़ाकर 5000 रुपए करने की मांग पर बल देंगे। यूनियन के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज केंद्रीय श्रम मंत्री को संबोधित संबंधित ज्ञापन अनिल राजभर को दिया। यह प्रस्ताव यूनियन के अयोध्या में आयोजित प्रादेशिक सम्मेलन में पारित किया गया था। प्रतिनिधि मंडल में यूनियन के प्रादेशिक महामंत्री देवराज सिंह, लखनऊ इकाई के अध्यक्ष शिवशरण सिंह, अब्दुल हसनैन ताहिर, अशीष कुमार सिंह शामिल थे। यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के अध्यक्ष हसीब सिद्दीकी ने बताया कि 1000 रुपए न्यूनतम पेंशन का निर्धारण करीब डेढ़ दशक पूर्व हुआ था। विभिन्न राज्य सरकारें महिलाओं सहित समाज के विभिन्न वर्गों को हजारों रुपए पेंशन दे रही हैं, दूसरी ओर जीवन के कई दशक पूर्णकालिक नौकरी में गुजार देने वाले कर्मचारियों को केवल 1000 रुपए पेंशन दिया जाना हास्यापद एवं अन्याय पूर्ण है।राजभर ने आश्वासन दिया कि वह शीघ्र ही केंद्रीय श्रम मंत्री से भेंट कर यूनियन की मांग न केवल उन तक पहुंचाएंगे बल्कि मांग पूरी करने पर बल भी देंगे।

शादी समारोह में पूर्व प्रधान के पति की गोली मारकर हत्या, पुरानी रंजिश में वारदात की आंशका

समाज जागरण बागपत।

दोघट क्षेत्र में एक शादी समारोह के दौरान युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान गांव बहावड़ी निवासी विवेक उर्फ विक्की के रूप में हुई है। वह बहावड़ी की पूर्व प्रधान बबली का पति और कुख्यात बदमाश सागर मलिक का चाचा बताया जा रहा है। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार विवेक उर्फ विक्की दोघट क्षेत्र में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। इसी दौरान हमलावर वहां पहुंचे और उस पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं। गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही गिर पड़ा और उसकी मौत हो गई। घटना के बाद शादी समारोह में अफरा-तफरी मच गई और लोग जान बचाकर इधर-उधर भागने लगे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से पूछताछ की।

पुरानी रंजिश में हत्या की आशंका

मृतक के परिजनों ने हत्या के पीछे पुरानी आपसी रंजिश की आशंका जताई है। इस मामले में बहावड़ी गांव

के पूर्व प्रधान बिजेंद्र के बेटे प्रिंस का नाम सामने आया है। बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों के बीच कई वर्षों से चली आ रही दुश्मनी इस वारदात की वजह हो सकती है।

चार लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा

दोघट थाना प्रभारी ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर प्रिंस, रजत, लोकेन्द्र और एक महिला के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

रंजिश का पुराना इतिहास

गांव बहावड़ी में दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से रंजिश चली आ रही है। बताया जाता है कि 11 जुलाई 2013 को बहावड़ी के पूर्व प्रधान देवेंद्र की मुजफ्फरनगर कोर्ट में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उस समय देवेंद्र, सागर मलिक के पिता यशपाल की हत्या के मामले में तारीख पर कोर्ट आया हुआ था। बताया जाता है कि उसी दौरान बदला लेने के लिए सागर मलिक और उसके ममेरे भाई अजय ने देवेंद्र की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसके बाद से ही दोनों पक्षों के बीच दुश्मनी चली आ रही थी। पुलिस अब इसी पुरानी रंजिश के एंगल से विवेक उर्फ विक्की की हत्या की जांच कर रही है। घटना के बाद गांव और आसपास के क्षेत्र में तनाव का माहौल है। पुलिस एहतियात के तौर पर इलाके में निगरानी बढ़ाए हुए है।

प्रधानाचार्य करण सिंह को मिला सम्मान

समाज जागरण बड़ौत।

शाहपुर क्षेत्र के दयानंदआर्य वीर इंटर कॉलेज शाहपुर में आयोजित माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश 2026 की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। इस अवसर पर केंद्र व्यवस्थापक का क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ने आभार प्रकट किया। समारोह में चेयरमेन विपिन एवं ऋषि पाल ने बताया कि करण सिंह शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी कार्य कर रहे हैं। वरिष्ठ पत्रकार सचिन धवन ने भी माला पहनकर उन्हें सम्मानित किया। चेयरमेन पलडी रामपाल सिंह ने अतिरिक्त

केंद्र व्यवस्थापक तेजिंदर सिंह को सम्मानित किया। स्टेटिक मजिस्ट्रेट अजय कुमार ने उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और उनके उत्कृष्ट कर्तव्य परायण, ईमानदारी, मिलनसार और समर्पित भाव से शिक्षक कार्य को सराहा। परीक्षा के शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए समस्त स्टाफ का आभार प्रकट किया गया। एमडी करणवीर ने परीक्षा प्रभारी संजीव का भी आभार प्रकट किया। इस अवसर पर सुगनपाल, राकेश कुमार, सजेंद्र, प्रेम भारद्वाज, अनुराग, बसंत कुमार, रूपा, नेहा, कुलदीप, जितेंद्र बालियान, अमर दीप तोमर, बिजेंद्र सिंह, विकास कुमार, मीना, सविता आदि उपस्थित रहे।

बड़ौत नगर पालिका परिषद में महिला दिवस सप्ताह के तहत कार्यक्रम आयोजित

समाज जागरण बड़ौत।

नगर पालिका परिषद में विश्व महिला दिवस सप्ताह के अंतर्गत विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य नगर में साफ-सफाई अभियान चलाना और कचरा प्रबंधन के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। बड़ौत नगर पालिका परिषद में बबीता तोमर की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार रस्तोगी ने बताया कि आईटीसी मिशन सुनहरा कल के संयुक्त प्रावधान में शासन के दिशा निर्देश अनुसार 8 मार्च से 14 मार्च तक चल रहे विश्व महिला दिवस सप्ताह के अंतर्गत विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सामूहिक नेतृत्व में नगर में साफ सफाई अभियान चलाने और कूड़ा कचरा साफ करवाने के प्रतीक जागरूकता अभियान की शुरूआत करना है। कचरा प्रबंधन प्रशिक्षण नगर की समस्त महिला सफाई

कर्मचारियों को दिया गया है, जिसमें उन्हें गिलेसों के और हानिकारक कचरे को उठाकर ठोस जगह पर पहुंचने का कार्य करने के दिशा निर्देश दिए गए हैं।स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 कार्यशाला में अपील की गई है कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में नगर पालिका परिषद बड़ौत को स्वच्छ की श्रेणी में प्रथम स्थान दिलाने का कार्य किया जाए। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद बड़ौत के सफाई खाद निरीक्षक वीरेंद्र कुमार तेवतिया, शिखा, स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर मीनाक्षी सिसोदिया, राजेश उज्जवल, मंजू शर्मा, सुनील कुमार, मुकुल सैनी ने मिलकर नगर पालिका परिषद को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प लिया।

"द केरला स्टोरी" फिल्म का दिखाया गया समाज को जागरूक करने का प्रयास

समाज जागरण बड़ौत।

बड़ौत के आइम्यूजिक सिनेमा में "द केरला स्टोरी" फिल्म का विशेष प्रदर्शन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में हिन्दू समाज के भाई-बहनों ने भाग लिया। फिल्म में लव जिहाद के माध्यम से हिन्दू लड़कियों को फंसाने और उनके साथ होने वाले धोखे को दिखाया गया है। फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे नाबालिग हिन्दू लड़कियों को झूठे सपने दिखाकर और बड़ी-बड़ी बातें करके फंसाया जाता है। जब लड़कियों को उनकी हकीकत पता चलती है, तब तक बहुत देर हो जाती है और उनकी जिंदगी नर्क बन जाती है। फिल्म में बताया गया है कि कैसे लड़कियों को

तरह-तरह की यातनाओं का सामना करना पड़ता है और कुछ को अपनी जिंदगी से भी हाथ धोना पड़ता है। फिल्म के निमार्ताओं का दावा है कि यह सच्ची घटनाओं पर आधारित है, जो समाज को जागरूक करने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रयास है। फिल्म में लव जिहाद और धोखे के बारे में दिखाया गया है, जो हिन्दू लड़कियों और उनके परिवारों के लिए एक चेतावनी है। फिल्म देखने वालों मे मधुसूदन शास्त्री, अंकित बड़ोली, जयकुमार कंडेरा, कपिल शर्मा, प्रमोद शर्मा, आनंद, प्रियंका आर्या, सतीश एडवोकेट, रजत, मनु तिवारी आदि मौजूद रहे।

गौ सेवा पर जोरः राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में प्रभात फेरी और गोष्ठी का आयोजन

समाज जागरण

चांदीनगर। खट्टा प्रहलादपुर गांव में सैठ तारीफ सिंह जैन डिग्री कॉलेज के सौजन्य से गांव में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के दूसरे दिन गो सेवा पर विशेष जोर दिया गया। स्वयं सेवक सेविकाओं ने प्रभात फेरी

निकालकर लोगों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया और गो सेवा के महत्व के बारे में जानकारी दी। शिविर के दौरान गऊ पूजन किया गया, जिसमें गाय माता को रोटी और गुड़ खिलाया गया और उनकी सेवा की गई। इसके अलावा, गौ रक्षा पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें सभी को गो रक्षा करने का संकल्प दिलाया गया और गो माता को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग की गई। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सतेन्द्र कुमार, अतुलदेव शर्मा, कमलकांत कौशिक, संतोष देवी, कुलदीप सिंह, देवेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

बाल विकास परियोजना कार्यालय की टूटी छत, चार महिला कर्मचारियों की बची जान

समाज जागरण

बड़ौत। नगर के बावली रोड स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय में बुधवार को एक बड़ा हादसा होते-होते बच गया। जर्जर भवन की छत टूटकर नीचे खाना खा रही चार महिला कर्मचारियों पर गिर गई, लेकिन गनीमत रही कि उन्हें ज्यादा चोट नहीं आई।

बाल विकास परियोजना बड़ौत का कार्यालय जर्जर भवन में चल रहा है। बुधवार को छत के नीचे खाना खा रही चार महिलाओं के ऊपर छत टूट गई। गनीमत रही की महिलाओं को चोट नहीं आई है लेकिन महिलाओं ने जर्जर भवन में काम

करने से इनकार कर दिया है।

मुख्य सेविका सरिता ने बताया कि दोपहर 1:15 बजे के करीब वह खाना खा रही थी, अचानक भवन की छत टूटकर गिर गई जिसमें वह मामूली रूप से चोटिल हो गई है।

बाल विकास परियोजना की मुख्य सेविका तनुजा का कहना है कि वह जर्जर भवन की शिकायत मौखिक रूप से अपनी सीडीपीओ अलका मैडम को दे चुके हैं लेकिन आज तक उसपर कोई सुनवाई नहीं हुई है। तनुजा का कहना है कि अब वह इस कार्यालय में काम नहीं करेंगे। अपनी जान सबको प्यारी होती है। उन्होंने सुरक्षित स्थान पर कार्यालय स्थानांतरण करने की मांग उठाई है।

सीआईसी विजेता ने मुंबई में आयोजित एम्यूजमेंट एक्सपो 2026 में भारत में निर्मित एक्सआर नवाचारों का प्रदर्शन किया

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की 'क्रिएट इन इंडिया' पहल द्वारा स्टार्टअप के जरिए एवीजीसी-एक्सआर नवाचार को निरंतर बढ़ावा

यूथ बज, जो सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की वेव्स पहल के तहत क्रिएट इन इंडिया चैलेंज (सीआईसी) सीजन 1 के विजेता स्टार्टअप में से एक है। इसके माध्यम से 10 से 12 मार्च, 2026 तक मुंबई, महाराष्ट्र के गोरेगांव स्थित बॉम्बे प्रदर्शनी केंद्र में आयोजित होने वाले एम्यूजमेंट एक्सपो में अपने अभिनव इमर्सिव एक्सआर समाधानों का प्रदर्शन किया जा रहा है।

वेवएक्स स्टार्टअप एक्सेलेरेटर प्रोग्राम के तहत इनक्यूबेट किए गए 'यूथबज' स्टार्टअप के द्वारा गेमिंग के लिए भारत में निर्मित कई तरह के मनोरंजक अनुभव प्रदान किए जा रहे हैं, जिनमें 'इमर्सिव वॉरफेयर', 'मेटा द्वार' आदि गेम शामिल हैं। यह स्टार्टअप रेसिंग और फ्लाइंग अनुभवों के लिए सिमुलेटर के साथ-साथ आरसी क्लाउड एरिना नामक क्लाउड-कनेक्टेड रिमोट-कंट्रोल्ड (आरसी) गेमिंग प्लेटफॉर्म भी प्रदर्शित कर रहा है, जो हितधारकों को इंटरनेट के माध्यम से वास्तविक दुनिया के आरसी उपकरणों को नियंत्रित करने की सुविधा देता है। एम्यूजमेंट एक्सपो में उनकी भागीदारी सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की पहल 'क्रिएट इन इंडिया चैलेंज' से उभरे विजेताओं की क्षमता को उजागर करती है। मंत्रालय मीडिया और

मनोरंजन क्षेत्र, विशेष रूप से एवीजीसी-एक्सआर उद्योगों में नवोन्मेषी रचनाकारों की निरंतर पहचान और समर्थन करता है।

क्रिएट इन इंडिया चैलेंज (सीआईसी) के बारे में

'क्रिएट इन इंडिया चैलेंज' (सीआईसी) वेव्स का एक प्रमुख कार्यक्रम है, जिसे मीडिया एवं मनोरंजन क्षेत्र के विभिन्न उद्योग संघों के माध्यम से आयोजित किया जाता है। सीआईसी एक उद्योग-संचालित, सरकारी सहायता प्राप्त, युवा-केंद्रित मंच है, जिसका उद्देश्य एनिमेशन, वीएफएक्स, गेमिंग, कॉमिक्स, एक्स आर (एवीजीसी-एक्सआर), संगीत, फिल्म और डिजिटल मीडिया आदि जैसे विभिन्न मीडिया एवं मनोरंजन क्षेत्रों में भारत की रचनात्मक प्रतिभा की पहचान, पोषण, कौशल विकास और आगे संवर्धन एवं प्रदर्शन करना है। सीआईसी का मुख्य लक्ष्य प्रासंगिक उद्योग संघों द्वारा आयोजित चुनौतियों के माध्यम से भविष्य के लिए तैयार प्रतिभाओं का एक समूह तैयार करना है, जिनके पास मजबूत बाजार संपर्क और प्रासंगिक, उद्योग-विशिष्ट कौशल हों।

महिला ने सरेआम बेल्ट निकालकर युवक को पीटा, वीडियो हुआ वायरल, जांच में जुटी पुलिस

समाज जागरण बागपत।

बागपत जिले में हैरान कर देने वाली घटना देखने को मिली है। यहां एक महिला ने सरेआम शख्स पर बेल्ट से हमला कर दिया। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस जांच में जुट गई है।

बताया जा रहा है कि राष्ट्रवंदना चौक पर किसी बात को लेकर महिला और एक व्यक्ति के बीच कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि महिला ने गुस्से में आकर अपनी बेल्ट निकाल ली और व्यक्ति की सरेआम पिटाई शुरू कर दी। अचानक हुई इस घटना से मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना के समय आसपास मौजूद लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई, लेकिन किसी ने भी बीच-बचाव करने की कोशिश नहीं की। इसके बजाय कई लोग अपने मोबाइल फोन से पूरी घटना का वीडियो बनाते रहे। कुछ ही देर में इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसे लेकर तरह-तरह की चर्चाएं

शुरू हो गई हैं। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि महिला लगातार व्यक्ति पर बेल्ट से वार कर रही है और आसपास खड़े लोग केवल तमाशा देख रहे हैं। वहीं, पिटाई के दौरान व्यक्ति खुद को बचाने की कोशिश करता नजर आ रहा है। घटना के कारण कुछ देर तक इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

पुलिस ने क्या कहा?

मामले का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस भी सक्रिय हो गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वायरल वीडियो के आधार पर घटना की जांच की जा रही है। साथ ही यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि विवाद की असली वजह क्या थी। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं, इस घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि सार्वजनिक स्थानों पर हो रही ऐसी घटनाओं में लोग मदद करने के बजाय केवल वीडियो बनाने में क्यों लग जाते है।

केंद्रीय वस्त्र मंत्री द्वारा भारत टेक्स 2026 का शुभारंभ

विश्व के सबसे बड़े एकीकृत वस्त्र मेले की मेजबानी के लिए उद्योग संगठन मिलकर सहयोग करेंगे

14 से 17 जुलाई 2026 तक 'भारत टेक्स 2026' का आयोजन

इसमें 140 देशों से 1,30,000 से अधिक आगंतुकों और प्रतिभागियों के भाग लेने की संभावना

भारत टेक्स 2026 में भारत का वस्त्र नवाचार, संवहनीयता और व्यापार प्रदर्शित होगा

केंद्रीय वस्त्र मंत्री श्री गिरिराज सिंह ने आज भारत के प्रमुख वैश्विक वस्त्र सम्मेलन, भारत टेक्स 2026 के आयोजन की पहल आरंभ की, जो वैश्विक वस्त्र अर्थव्यवस्था में देश के बढ़ते नेतृत्व का संकेत है। श्री गिरिराज सिंह ने वस्त्र उद्योग, सरकार और व्यापार संगठनों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत टेक्स को एक ऐसे वृहद वैश्विक मंच के रूप में परिकल्पित किया गया है, जिसमें फाइबर और यार्न से लेकर कपड़े, परिधान, तकनीकी वस्त्र और सतत नवाचार तक संपूर्ण वस्त्र मूल्य श्रृंखला शामिल होगी। उन्होंने इसे अब तक का सबसे बड़ा और सबसे व्यापक वस्त्र आयोजन बताते हुए, वस्त्र-निर्यात संवर्धन परिषदों (ईपीसी) और अन्य उद्योग निकायों की प्रतिबद्धता की सराहना की, जिन्होंने भारत टेक्स के दायरे में वस्त्रों की संपूर्ण मूल्य श्रृंखला लाने के लिए समर्पित भाव से अथक प्रयास किए। वस्त्र मंत्री

ने कहा कि भारत टेक्स वस्त्रों के लिए विश्वसनीय, सतत स्रोत केंद्र और बड़े पैमाने पर निवेश स्थल के रूप में आकर्षक गंतव्य बनाएगा। उन्होंने कहा कि यह आयोजन नवाचार, सहयोग और मेक इन इंडिया की भावना मूल में रखते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के वस्त्र क्षेत्र के 5एफ विजन फार्म (खेत) से फाइबर (रेशा), फाइबर से फैक्ट्री (कारखाना), फैक्ट्री से फैशन, और फैशन से फॉरेन (विदेश) शामिल हैं, जिसका लक्ष्य कृषि, रोजगार और निर्यात को बढाना है) का साकार रूप है। आयोजन में वस्त्र सचिव

श्रीमती नीलम शमी राव, अपर सचिव श्री रोहित कंसल, निर्यात संवर्धन परिषदों के वरिष्ठ प्रतिनिधि और उद्योग जगत के नेता उपस्थित रहे।

भारत टेक्स 2026

पिछले दो आयोजनों की उल्लेखनीय सफलता पर आधारित भारत टेक्स 2026 अब तक का सबसे बड़ा और सबसे प्रभावशाली संस्करण होगा। इसे 14 से 17 जुलाई 2026 को भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। इस बार के आयोजन में 3,500 से अधिक व्यावसायिक प्रदर्शकों, 140 से अधिक देशों के 7,000 से अधिक अंतरराष्ट्रीय खरीदारों और 1,30,000 से अधिक व्यापारिक आगंतुकों की व्यापक भागीदारी की संभावना है। यह आयोजन फाइबर और यार्न, कपड़े, परिधान और फैशन, घरेलू वस्त्र, तकनीकी वस्त्र, हस्तशिल्प, हथकरघा और आधुनिक विनिर्माण प्रौद्योगिकियों सहित संपूर्ण वस्त्र पारिस्थितिकी तंत्र को प्रदर्शित करेगा। यह आयोजन विनिर्माण, डिजाइन, प्रौद्योगिकी और व्यापार में भारत की एकीकृत शक्ति को दशार्ता है। भारत टेक्स 2026, वर्ष 2024 और 2025 के पिछले सफल आयोजनों पर आधारित है और प्रदर्शनियों, ज्ञान सत्रों, खरीदार-विक्रेता बैठकों और नीतिगत संवादों का एक अनूठा संगम होगा, जिसका उद्देश्य चचाओं को व्यावहारिक परिणामों में बदलना है। विशेष फोकस क्षेत्रों में संवहनीय और चक्रीय वस्त्र, तकनीकी वस्त्र, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम एकीकरण, नवाचार और वैश्विक बाजार पहुंच शामिल हैं।

यह आयोजन सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों, प्रदर्शकों, स्टार्टअप्स, शिक्षा विदों और डिजाइनरों को अपने नवीनतम वस्त्र नवाचारों प्रदर्शित करने, वैश्विक निमार्ताओं और खरीदारों से जुड़ने, उच्च स्तरीय चचाओं में शामिल होने और रणनीतिक साझेदारी स्थापित करने का मंच प्रदान करेगा। यह आयोजन केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा निवेश आकर्षित करने, व्यापार को बढ़ावा देने और भारत के विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र और पारंपरिक हथकरघा क्षेत्रों को दीर्घकालिक रूप से सुदृढ़ करने की गई प्रमुख नीतिगत पहलों और सुधारों को भी प्रदर्शित करेगा।

एक वैश्विक वस्त्र संवाद

भारत टेक्स 2026 का एक प्रमुख आकर्षण ग्लोबल टेक्सटाइल डाय लॉग होगा, जिसमें नीति निमार्ता ओं, वैश्विक उद्योग जगत के नेताओं और नवप्रवर्तकों को एक साथ लाने वाले ज्ञान सत्रों की एक श्रृंखला आयोजित होगी, जिससे वैश्विक व्यापार गतिशीलता, स्थिरता और ईएसजी मानक, इंडस्ट्री 5.0, तकनीकी वस्त्र और स्थिति अनुकूल आपूर्ति श्रृंखला जैसे उभरते रुझानों पर विचार-विमर्श होगा। इससे उद्योग हितधारकों और एमएसएमई को लाभकारी अंतर्दृष्टि प्राप्त होगी।

उद्योग नेतृत्व की पहल

यह आयोजन उद्योग जगत की पहल है और इसका आयोजन भारत टेक्स टाइल ट्रेड फेडरेशन (बीटीटीएफ) द्वारा किया जाएगा, जो वस्त्र उद्योग से संबंधित 11 निर्यात संवर्धन परिषदों (ईपीसी) और अन्य उद्योग निकायों का एक समूह है। बीटी टीएफ के अध्यक्ष श्री नरेन गोयनका और सह-अध्यक्ष श्री भद्रेश डोडिया ने आयोजन संबंधी गतिविधियों की जानकारी दी।

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय

संसद प्रश्नः बाढ़ और चक्रवातों के लिए प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली

वर्तमान में, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) भारी वर्षा और चक्रवात से संबंधित घटनाओं के लिए ज़िलावार प्रारंभिक चेतावनी दिन में चार बार तैयार और अपडेट करता है, जिसमें पूवार्नुमान सात दिनों तक मान्य होते हैं। आईएमडी समय पर मौसम की निगरानी और सूचना के प्रसार में सहायता के लिए वास्तविक समय में मौसम संबंधी चेतावनी और ग्राफि कल उत्पाद तैयार करता है। ये चेतावनी सभी संवेदनशील ज़िलों को कवर करती हैं ताकि तैयारी और बचाव के लिए समय पर सूचना का प्रसार सुनिश्चित किया जा सके। इसके अलावा, ये चेतावनी कई माध्यमों जैसे कॉमन अलर्टिंग प्रोटोकॉल (सीएपी), मोबाइल ऐप, वेबसाइट, व्हाट्सएप, सोशल मीडिया आदि के माध्यम से साझा की जाती हैं। हालांकि, स्वचालित सायरन और अलर्ट प्रणाली के साथ चेतावनी संचार की ज़िम्मेदारी राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों (एसडीएमए) और राज्य आपातकालीन संचालन केंद्रों (एसईओसी) की है। आईएमडी प्रेक्षित और पूवार्नुमानित वर्षा डेटा प्रदान करके केंद्रीय जल आयोग को सहयोग करता है।

केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) देश में बाढ़ पूवार्नुमान और प्रारंभिक बाढ़ चेतावनी जारी करने के लिए जिम्मेदार नोडल संगठन है। वर्तमान में, सीडब्ल्यूसी 350 पूवार्नुमान केंद्रों (प्रमुख बांधों/बैराजों पर 150 अंतर्वाह पूवार्नुमान केंद्र और प्रमुख नदियों पर 200 जलस्तर पूवार्नुमान केंद्र) पर बाढ़ पूवार्नुमान जारी करता है। यह नेटवर्क राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों के परामर्श से स्थापित किया गया है। स्थानीय अधिकारियों को लोगों की निकासी की योजना बनाने और अन्य उपचारात्मक उपाय करने के लिए अधिक समय देने हेतु, सीडब्ल्यूसी ने वर्षा-अपवाह गणितीय मॉडलिंग पर आधारित एक बेसिन-वार बाढ़ पूवार्नुमान मॉडल विकसित किया है, जिसके तहत पूवार्नुमान केंद्रों पर 7 दिन पहले से सलाह जारी की जाती है। इसके अतिरिक्त, यह 24 घंटे तक की प्रतिक्रिया अवधि वाले अल्पकालिक पूवार्नुमान भी प्रदान करता है। सीडब्ल्यूसी की बाढ़ पूवार्नुमान सेवाएं एक एकीकृत चेतावनी प्रसार मंच, कॉमन अलर्ट प्रोटोकॉल (सीएपी) के साथ भी एकीकृत हैं, जिसे संबंधित राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसडीएमए) को जारी किया जाता है।

एलपीजी गैंस सिल्डरों की कीमत बढ़ने से आमजन की जेब पर सरकार की चली कैंची :- लुहानी

समाज जागरण

कालांवाली 11 मार्च (सुरेश जोरासिया) अमेरिका इजरायल ईरान युद्ध से प्राकृतिक गैंस एलपीजी सिल्डर की कीमतें बढ़ने से आमजन की जेब खासा पर बोझा पड़ा है। एलपीजी गैंस सिल्डर की किल्लत को देखते हुए, उपभोक्ताओ में हाहाकर मच गया गया। वहीं गैंस कम्पनीयों के द्वारा 21 से 25 दिनों के अंतराल की अवधी के दौरान ही एलपीजी गैंस सिल्डर कि सप्लाई दी जाऐगी। एलपीजी गैंस सिल्डेर की किल्लत होने से जहां महिलाओं, प्रवासी मजदूर, किरायदारों, टी स्टाल, रेहडी वालों को बहुत प्रेरशानी का सामना करना पड़ रहा हैं आईवीआर सिस्टम में तकनीकी खराबी होने ने गैंस बुकिंग नही हो पा रही है और बिना ओटीपी के गैंस सिल्डर उपभोक्ताओं को नही दिया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी के ओम प्रकाश लुहानी चेयरमैन सोशल मीडिया आईटी हल्का कालांवाली ने

कहा कि भाजपा सरकार के द्वारा एलपीजी घरेलू गैंस सिल्डेर की कीमतों में बढ़ौतरी करने से उपभोक्ताओ की जेब पर कैच्ची लाई गई है देश में पहले ही मंहगाई कि मार झेल रहा है और गैंस सिल्डर कि कीमत 60 रूप्ये बढ़ने से उपभोक्ताओं को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेसी पार्टी की सरकार में एलपीजी गैंस सिल्डर 350 रूप्ये का था' अब वहीं गैंस सिल्डर 1000 रूप्ये को पार करने कि कगार पर है। गैस सिल्डेर 1100 रूप्ये में भी नही मिल रहा है। एक मजदूर पूरा दिन मजदूरी करके 400 रूप्ये लेकर घर पहुंचा है और गैंस सिल्डर कि कीमत 1000 रूप्ये को पार करने को है। रात्री में गैंस सिल्डेर भी नही मिल पा रहा है। मजबूरी वश बिना भोजन के ही रात्रि को आराम करना पड़ता ओर सुबह भी ऐसे ही हालात बने रहते है। भापजा सरकार को उपभोक्ताओ की ओर ध्यान देना चाहिए और बढ़ी हुई कीमतों को तुरंत प्रभाव से कम किया जाऐ जिससे उपभोक्ताओ का राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओ में एलपीजी गैंस सिल्डर को लेकर भय का माहौल बना हुआ है कि आने वाले कुछ दिनों में एलपीजी गैंस की भारी किल्लत आने वाली है भाजपा उसे सपष्ट करें अन्यथा देश में एलपीजी गैंस कि किल्लत आती है तो भाजपा सरकार के पास अन्य क्या विक्लप हैं?? एलपीजी गैंस की आपूर्ति कि जाऐ एवं उपभोक्ताओं राहत मिल सके।

भारत विकास परिषद जैतो 2026-27 सालाना चुनाव: रुलिया राम सिंगला सर्वसम्मति से अध्यक्ष बने

(दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)

जैतो, 11 मार्च : इलाके की मानवता को समर्पित व जानी-मानी समाजसेवी संस्था भारत विकास परिषद इकाई जैतो की एक विशेष जनरल मीटिंग भारत विकास परिषद भवन में परिषद के पैट्रन मुकेश बांसल और अध्यक्ष मोहन लाल जिंदल की अध्यक्षता में हुई। इस मीटिंग में साल 2026-27 के लिए अध्यक्ष और नई टीम का चुनाव किया गया। जिसमें रुलिया राम सिंगला गीजीवाला प्रिंटिंग प्रेस को सर्वसम्मति से अध्यक्ष, सेक्रेटरी सुंधाशु जिंदल और कोषाध्यक्ष कृष्ण मित्तल को चुना गया। इस जनरल विशेष मीटिंग के दौरान पंजाब स्टेट के ऑब्जर्वर श्री सुभाष चंद्र गोयल कोटकपूरा से खास तौर पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि उन्हें यह जानकर बहुत खुशी हुई कि रुलिया राम सिंगला गीजीवाला के मुकाबले किसी भी सदस्य ने अध्यक्ष के लिए अपना पर्चा नहीं भरा और उन्हें सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया है।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अध्यक्ष के चुनाव के लिए कोई भी सदस्य परिषद के नियम के अनुसार अपना पर्चा दाखिल कर सकता है।उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाली नई टीम मानवता की सेवा के लिए काम करेगी। इस आम खास मीटिंग के दौरान भारत विकास परिषद जैतो के वाइस प्रेसिडेंट संजय मित्तल, प्रवीन कुमार सेक्रेटरी, विजय कुमार बिशनंदी वाले, अमन अरोड़ा, जगदीश अरोड़ा, मेजर सिंह, स्टेट मेंबर प्रहलाद राय गर्ग और स्टेट मेंबर सुनील सिंगला, रिंकू बिंदल, भारत बंसल, पंकज शर्मा, रमेश मोगा, जसवीर सिंह धारीवाल, विक्की सिंगला और विकास गोयल मौजूद आदि थे। इस दौरान नए चुने गए अध्यक्ष रुलिया राम सिंगला ने कहा कि उन्हें भारत विकास परिषद जैतो के सभी मेंबर्स ने एकमत से अध्यक्ष चुना है और कहा कि वह परिषद की सौंपी गई जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी से निभाएंगे।गौरतलब है कि भारत विकास परिषद जैतो मानवता की सेवा के साथ-साथ भारतीय संस्कृति से जुड़े त्योहार भी समय-समय पर बड़ी धूमधाम से मनाता है ताकि भारतीय संस्कृति को जिंदा रखा जा सके। भारत विकास परिषद यूनिट जैतो की आम खास मीटिंग का दृश्य जिसमें पंजाब स्टेट से ऑब्जर्वर सुभाष चंद्र गोयल खास तौर पर कोटकपूरा पहुंचे।

टिकट चैकिंग स्टाफ ने ट्रेन में छूटे यात्री को बैग वापिस कर कर्तव्य निभाया

((रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)

जैतो,11 मार्च : उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल द्वारा बुधवार को जारी प्रैस विज्ञप्ति में बताया कि 10 मार्च 2026 को ट्रेन संख्या 12715 (सचखंड एक्सप्रेस) में यात्रा के दौरान एक यात्री का बैग ट्रेन में ही छुट गया था। बैग में यात्री के कीमती सामान मौजूद थे। यात्री ने रेलमदद पर सहायता हेतु संपर्क किया। वाणिज्य नियंत्रण कक्ष से सूचना मिलने पर ट्रेन में कार्यरत सीआईटी श्री सुनील सालवान ने अत्यंत तत्परता और जिम्मेदारी का परिचय देते हुए काफी प्रयासों के बाद उस खोए हुए बैग को ढूंढ निकाला। यात्री को देने हेतु खोया हुआ बैग आरपीएफ पानीपत को सुपुर्द कर दिया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री परमदीप सिंह सैनी ने टिकट चेकिंग स्टाफ श्री सुनील सालवान की प्रशंसा करते हुए कहा कि कर्मचारियों की कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण की वजह से ही रेलयात्रियों को एक सुरक्षित और सुखद यात्रा अनुभूति मिलती है। उन्होंने यात्रियों से अपील किया कि ट्रेन में यात्रा के दौरान सतर्क रहे और अपने सामान को सुरक्षित रखे।

चाय कैंटिन व फोटोस्टेट के खोखे की नीलामी के लिए खुली बोली 18 मार्च को

दैनिक समाज जागरण

रतिया, 11 मार्च। लघु सचिवालय परिसर, रतिया में चाय की कैंटीन और फोटोस्टेट के खोखे की नीलामी वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 1 अप्रैल, 2026 से 31 मार्च, 2027 तक के लिए 18 मार्च को दोपहर 12 बजे खुली बोली करवाई जाएगी। उपमंडलाधीश सुरेन्द्र सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि कोई भी इच्छुक व्यक्ति निश्चित तिथि को पहुंचकर बोली दे सकता है। बोलीदाता को निर्धारित बतौर धरोहर राशि 5 हजार रुपये बैंक ड्राफ्ट उपमंडल अधिकारी, रतिया के नाम, रिहायशी प्रमाण पत्र सहित बोली से पूर्व जमा करवाकर शर्तों अनुसार बोली दे सकता है। एसडीएम ने बताया कि परिसर में चाय कैंटीन और फोटोस्टेट खोखे की नीलामी के लिए कमेटी का भी गठन किया है, जो कमेटी संलग्न शर्ते व नियमानुसार निर्धारित तिथि को अपनी देखरेख में खुली बोली आयोजित करवाएगी। इसके अलावा अधिक जानकारी एवं शर्तों के लिए इच्छुक व्यक्ति नाजर शाखा कमरा नंबर-8 एसडीएम कार्यालय रतिया में संपर्क कर सकता है।

यूनिवर्सिटी कॉलेज जैतो के कंप्यूटर और साइंस डिपार्टमेंट ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर सेमिनार ऑर्गनाइज किया

(रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब,)

जैतो, 11 मार्च :यूनिवर्सिटी कॉलेज जैतो के इंचार्ज डॉ. सम्राट खन्ना की लीडरशिप में कंप्यूटर और साइंस डिपार्टमेंट ने आज के जमाने के मेन टॉपिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर एक सेमिनार ऑर्गनाइज किया, जिसमें ईशान गर्ग और पायल गर्ग ने की स्पीकर के तौर पर हिस्सा लिया। डॉ. खन्ना ने वेलकम स्पीच देते हुए कहा कि आज का जमाना आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का है जिसमें नई टेक्नोलॉजी को बहुत सोच-समझकर अपनाना चाहिए। की स्पीकर ईशान गर्ग, जिन्हें मल्टीनेशनल कंपनियों में काम करने का 12 साल से ज्यादा का एक्सपीरियंस था, ने आज के जमाने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की इंपॉर्टेंस के बारे में जानकारी दी और

प्रैक्टिकली चैट GPT जैसे टूल्स के इस्तेमाल के बारे में जानकारी दी। दूसरी स्पीकर पायल गर्ग ने सेमिनार को इंटरैक्टिव बनाने के लिए एक ऑनलाइन क्विज ऑर्गनाइज किया। कंप्यूटर साइंस डिपार्टमेंट के हेड डॉ. सुभाष चंदर ने एग्जाम की तैयारी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस्तेमाल पर अपने विचार रखे। सेमिनार में स्टूडेंट्स के साथ हिस्सा लेने वाले प्रोफेसर डॉ. परमिंदर सिंह तग्गर, डॉ. राजीव कपूर, रूपिंदर पाल सिंह धर्मसोत, ललित गर्ग, अभीत जिंदल, डॉ. गुरबिंदर कौर, रेणु रोमाना, हरदीप कौर, सुमन, रमनदीप कौर और रिपनप्रीत कौर थे।यूनिवर्सिटी कॉलेज जैतो में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर सेमिनार के दौरान चर्चा में हिस्सा लेने वाले स्टूडेंट्स और सेमिनार के स्पीकर्स को सम्मानित करते हुए चीफ गेस्ट और सेमिनार ऑर्गनाइजर।

प्रधानमंत्री मोदी से वैश्विक शांति की अपील

विश्व मानवाधिकार एसोसिएशन और श्री राधा गोविंद सेवा फाउंडेशन ने जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

(भीम प्रकाश शर्मा/ रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)

श्रीगंगानगर, 11 मार्च :विश्व मानवाधिकार एसोसिएशन और श्री राधा गोविंद सेवा फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने आज संयुक्त रूप से जिला प्रशासन के अधिकारियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में भारत सरकार से वैश्विक स्तर पर शांति स्थापना में निर्णायक भूमिका निभाने और विश्व युद्ध की छाया को दूर करने का आग्रह किया गया है।ज्ञापन देने का नेतृत्व विश्व मानवाधिकार एसोसिएशन के महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष और श्री राधा गोविंद सेवा फाउंडेशन की संस्थापक अध्यक्ष रेनू अग्रवाल ने किया। उनके साथ प्रतिनिधिमंडल में गौरव गर्ग, गुरविंदरसिंह, संदीप बंसल विजय, ऋतु बंसल, सुरजीतकौर, मंजू जैन और रजनी चौधरी सहित अन्य

पदाधिकारी शामिल रहे।ज्ञापन में कहा गया कि सनातन काल से भारत ने पूरे विश्व को एक परिवार मानते हुए ह्यवसुधैव कुटुंबकम्ह्न का संदेश दिया है और विश्व शांति का पक्षधर रहा है। लेकिन आज पूरी दुनिया विश्व युद्ध की भयावह आशंका से त्रस्त है। युद्ध की काली छाया एक-एक करके कई देशों को अपनी चपेट में ले चुकी है, जिससे जन-धन की भारी क्षति हो रही है। खाड़ी देशों समेत विश्व के विभिन्न हिस्सों में चल रहे भीषण युद्धों ने मानवता को गहरी चोट पहुंचाई है। प्रतिनिधिमंडल ने चिंता जताते हुए कहा कि युद्ध का दुष्प्रभाव विकासशील देश भारत तक भी पहुंच रहा है। महंगाई बढ़ने के साथ-साथ आवश्यक वस्तुओं के अभाव से आम जनता बुरी तरह प्रभावित हो रही है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से विशेष अनुरोध किया गया है कि वे खाड़ी देशों तथा विश्व के अन्य क्षेत्रों में चल रहे युद्धों को समाप्त करने के लिए तत्काल कूटनीतिक पहल करें और मानवता की रक्षा में भारत की ऐतिहासिक भूमिका को एक बार फिर मजबूत बनाएं।

अमेरिका में रिलायंस लगाएगी रिफाइनरी ! ट्रंप ने की घोषणा; 300 अरब डॉलर का होगा निवेश

यह खबर ऐसे समय में आई है जब अमेरिका में मध्यावधि चुनाव होने वाले हैं और ईरान के साथ अमेरिका-इजरायल के संघर्ष के कारण ईंधन की कीमतों में भारी उछाल आई है

दैनिक समाज जागरण

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने टेक्सस के ब्राउंजविल में रिलायंस इंडस्ट्रीज (आरआईएल) के निवेश से एक नई रिफाइनरी लगाने की मंगलवार को घोषणा की। ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर बताया कि 300 अरब डॉलर के एक करार के तहत यह रिफाइनरी स्थापित की जाएगी।

यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब भारत और अमेरिका ने फरवरी 2026 में द्विपक्षीय व्यापार समझौता किया है। इस समझौते के तहत भारत ने दोनों देशों के बीच व्यापार घाटे को कम करने के लिए पांच वर्षों के दौरान

ईंधन सहित 500 अरब डॉलर के अमेरिकी सामान खरीदने की मंशा जताई थी। यह खबर ऐसे समय में आई है जब अमेरिका में मध्यावधि चुनाव होने वाले हैं और ईरान के साथ अमेरिका-इजरायल के संघर्ष के कारण ईंधन की कीमतों में भारी उछाल आई है। होर्मुज स्ट्रेट बंद होने के कारण बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड की कीमत पिछले सप्ताह करीब 120 डॉलर प्रति बैरल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई थी। होर्मुज स्ट्रेट ईरान और ओमान के बीच का एक अहम समुद्री मार्ग है जहां से करीब 20 फीसदी वैश्विक तेल की आपूर्ति होती है। ट्रंप ने कहा कि नई रिफाइनरी का निर्माण अमेरिका फर्स्ट रिफाइनिंग (एएफआर) द्वारा किया जाएगा जो पिछले 50 वर्षों में अमेरिका की पहली नई रिफाइनरी होगी। ट्रंप ने कहा कि इस रिफाइनरी से वैश्विक निर्यात बढ़ेगा, रोजगार के अवसर पैदा होंगे और आसपास के क्षेत्र में आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। आरआईएल ने इस रिफाइनरी परियोजना के बारे में फिलहाल कोई बयान जारी नहीं किया है।

दिल्ली पुस्तकालय संघ का 88 वां स्थापना दिवस एवं वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न।

डीन अकादमिक अफेयर्स प्रो. रत्नावली ने दी सभी को शुभकामनाएं।

दैनिक समाज जागरण

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय गांधी भवन में दिल्ली पुस्तकालय संघ का 88 वां स्थापना दिवस एवं वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलन एवं दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलगीत के साथ हुआ।डीएलए के अध्यक्ष,गांधी भवन के निदेशक एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रो.के.पी. सिंह ने सभी आगंतुक अतिथियों का परिचय कराया।अतिथियों का अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह से स्वागत एवं अभिनंदन किया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के पूर्व पुस्तकालय अध्यक्ष प्रो. प्रेम सिंह जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रो.एस आर रंगनाथन जैसे व्यक्तित्वों की कर्मठता के कारण आज हम पुस्तकालय विज्ञान विभाग को जान पाए हैं। गणित के प्रोफेसर होने के बाद भी प्रो.रंगनाथन जी की पुस्तकालय विज्ञान विषय को लेकर जो निष्ठा थी उसको शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता।विश्वविद्यालय पुस्तकालयों के बिना अधूरे हैं।विश्वविद्यालय पुस्तकालयों से ही आगे बढ़ सकते है। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के आरंभ के समय से 1960 के दशक तक की पुस्तकालय विज्ञान विभाग एवं पुस्तकालय की यात्रा का संस्मरण याद करते हुए उनको जीवंत किया।उन्होंने बताया कि किस तरह से 1957 में दिल्ली विश्वविद्यालय

में केंद्रीय पुस्तकालय का निर्माण संभव हुआ।41605 पुस्तकों से 3 लाख पुस्तकों के संकलन तक का ऐतिहासिक समय 1965 तक रहा।उन्होंने प्रो. एस.दासगुप्ता के योगदान को भी स्मरण किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुस्तकालय विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष,प्रो. आर.के भट्ट ने सभी का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा प्रो.के पी सिंह जैसे कर्मयोगी जीवन में बहुत कम मिलते हैं। स्व प्रेरणा से आगे बढ़ने की जिजीविषा,कर्मठता इनके व्यक्तित्व को अति विशेष बनाती है। प्रो. के पी सिंह दिल्ली पुस्तकालय संघ की आज की प्रगति के भी परिचायक हैं।कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि दिल्ली विश्वविद्यालय की डीन(अकादमिक गतिविधि) प्रो.के.रत्नावली ने अपने संबोधन में सबसे पहले डीएलए का आभार प्रकट किया।उन्होंने प्रो.के.पी.सिंह की कर्मठता की प्रशंसा की। पुस्तकालय एक संस्थान के रूप में विकसित हों यही कामना है उन्होंने दिल्ली पुस्तकालय संघ के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं भी प्रेषित कीं।तत्पश्चात दिल्ली पुस्तकालय संघ का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न हुआ।

इसमें प्रो.प्रेम सिंह को सर जॉन सर्जेंट लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड, श्री जयवीर सिंह को आउटस्टैंडिंग प्रमोशन एंबेसेडर अवार्ड ,श्री ए के सलिया को संत वशिष्ठ आउटस्टैंडिंग लीडरशिप अवार्ड, डॉ. ऋतु वर्मा को प्रो.सी.पी. वशिष्ठ लाइब्रेरी इनोवेशन अवॉर्ड एवं डॉ. अशोक कुमार को प्रोफेशनल एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया।इसके साथ साथ पुस्तकालय विज्ञान विभाग के छात्र छात्राओं को उनके उत्कृष्ट अकादमिक प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के अंत में डॉ.ज्ञानेंद्र सिंह ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन प्राध्यापक डॉ.पिंकी शर्मा ने किया।कार्यक्रम में कई संकाय प्रमुख,विभागध्यक्ष, महाविद्यालयों के प्राध्यापक गण,शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे

पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धांत जैन, आईपीएस ने पेरामाउंट स्कूल के विद्यार्थियों को अपने कार्यालय में किया प्रेरित

अनुशासन, लक्ष्य निर्धारण और सकारात्मक सोच से ही मिलती है सफलता — एसपी सिद्धांत जैन

दैनिक समाज जागरण

फतेहाबाद,11 मार्च पेरामाउंट स्कूल, फतेहाबाद के विद्यार्थियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस अवसर पर *पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धांत जैन, आईपीएस* ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया तथा अपने अनुभवों के माध्यम से महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया।

इस दौरान स्कूल की प्रिंसिपल सुनीता जाखड़, मैनेजिंग डायरेक्टर मनीष कोहली, अंकिता अरोड़ा, नितिका सहित शिक्षकगण व विद्यार्थी उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी प्राप्त की और पुलिस व्यवस्था को करीब से समझा।

विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए *एसपी श्री सिद्धांत जैन* ने कहा कि आज का युवा ही देश का भविष्य है और यदि विद्यार्थी अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ें तो वे निश्चित रूप से सफलता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ

खेलकूद, योग और अन्य रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेना भी आवश्यक है, जिससे शारीरिक और मानसिक विकास संतुलित रूप से हो सके। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने तथा समाज में जागरूकता फैलाने का भी आह्वान किया।

एसपी श्री सिद्धांत जैन ने विद्यार्थियों को सोशल मीडिया के सही और सकारात्मक उपयोग के बारे में भी जागरूक करते हुए कहा कि इसका प्रयोग ज्ञान प्राप्त करने और सकारात्मक संदेश देने के लिए किया जाना चाहिए। विद्यार्थियों को अनावश्यक गतिविधियों में समय व्यर्थ करने के बजाय अपने कौशल और ज्ञान के विकास पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

इस दौरान विद्यार्थियों ने *पुलिस अधीक्षक* से विभिन्न विषयों से संबंधित प्रश्न भी पूछे, जिनका उन्होंने सरल और प्रेरणादायक तरीके से उत्तर दिया। स्कूल प्रबंधन ने इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक का आभार व्यक्त किया।

फतेहाबाद पुलिस द्वारा समय-समय पर युवाओं और विद्यार्थियों को प्रेरित करने के लिए इस प्रकार के जागरूकता व मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिससे युवा वर्ग को सही दिशा मिल सके।

जल्द आएंगे तेल-गैस के 4 पोत; होर्मुज स्ट्रेट के अलावा दूसरे मार्गों से भी मंगाया जा रहा कच्चा तेल और एलएनजी

ईरान के साथ अमेरिका-इजरायल की लड़ाई की वजह से होर्मुज स्ट्रेट बंद हो गया है जिससे भारत की ईंधन आपूर्ति प्रभावित हुई है

दैनिक समाज जागरण

पश्चिम एशिया में चल रहे टकराव के बीच होर्मुज स्ट्रेट के जरिये देश में आने वाले ईंधन की आपूर्ति में बाधा आने के बाद भारत अन्य मार्गों के जरिये तेल एवं गैस मंगा रहा है। सरकार की एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि भारत में होर्मुज स्ट्रेट से इतर रास्ते से कच्चे तेल और तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के दो-दो कार्गो जहाज जल्द आएंगे।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा, ह्यभारत का लगभग 70 फीसदी कच्चा तेल अब होर्मुज से इतर रास्तों से आ रहा है जबकि पहले इसकी हिस्सेदारी करीब 55 फीसदी थी। अगले कुछ दिनों में कच्चे तेल के दो कार्गो जहाज भारत पहुंचेंगे।

शर्मा ने कहा कि हाल ही में आए सरकारी आदेश के बाद से भारतीय तेल कंपनियों ने अपनी रिफाइनरियों में एलपीजी का उत्पादन 25 फीसदी तक बढ़ा दिया है। सरकार ने 5 मार्च को कंपनियों को एलपीजी उत्पादन अधिकतम करने का निर्देश दिया था और पेट्रोकेमिकल्स के उत्पादन के लिए प्रोपेन और ब्यूटेन का इस्तेमाल रोक दिया था।

ईरान के साथ अमेरिका-इजरायल की लड़ाई की वजह से होर्मुज स्ट्रेट बंद हो गया है जिससे भारत की ईंधन आपूर्ति प्रभावित हुई है। होर्मुज से दुनिया भर की जरूरत का लगभग 20 फीसदी कच्चा तेल और बड़ी मात्रा में एलपीजी तथा एलएनजी भेजे जाते हैं। सरकार ने घरेलू रसोई गैस के लिए एलपीजी और परिवहन के लिए सीएनजी की आपूर्ति को प्राथमिकता दी है और उर्वरक उद्योग, होटल-रेस्टोरेंट तथा रिफाइनरी जैसे अन्य क्षेत्रों का गैस आवंटन कम कर दिया है। अधिकारी ने कहा कि भारत अपनी एलपीजी जरूरतों का करीब 60 फीसदी आयात करता है जिनमें से 90 फीसदी होर्मुज के जरिये आता है।

भारत की कुल प्राकृतिक गैस खपत 18.9 करोड़ मानक घन मीटर प्रतिदिन है मगर कतर एनर्जी के एलएनजी उत्पादन रोकने के बाद इसकी आपूर्ति 4.6 करोड़ मानक घन मीटर प्रभावित हुआ है। कतर भारत का सबसे बड़ा एलएनजी आपूर्तिकर्ता है। शर्मा ने कहा, ह्यदूसरे स्रोतों से ईंधन खरीद चल रही है। कार्गो रास्ते में हैं। घबराने की कोई जरूरत नहीं है।ह्न उन्होंने कहा कि देश में रिफाइनरियां अभी पूरी क्षमता के साथ काम कर रही हैं कुछ तो 100 फीसदी से भी ज्यादा क्षमता पर चल रही हैं।

इस बीच विदेश मंत्रालय के सरकारी अधिकारियों ने बताया कि पश्चिम एशिया के संघर्ष वाले इलाके में एक वाणिज्यिक जहाज पर हमला होने से दो भारतीय नागरिक मारे गए हैं और एक अन्य लापता है। पीड़ित भारतीय नाविक थे जो इस इलाके में वाणिज्यिक जहाजों पर काम करते थे। अधिकारियों ने कहा कि घटना के बारे में और जानकारी जुटाने और लापता व्यक्ति का पता लगाने की कोशिश चल रही है।

जहाजरानी मंत्रालय के एक अधिकारी के मुताबिक अभी फारस की खाड़ी इलाके में भारतीय झंडे वाले 28 जहाज चल रहे हैं जिनमें 700 से ज्यादा भारतीय नाविक हैं। इनमें से 677 भारतीय क्रू सदस्यों वाले 24 जहाज होर्मुज स्ट्रेट के पश्चिम में हैं जबकि 101 भारतीय नाविकों वाले चार जहाज इस होर्मुज के पूर्व में चल रहे हैं।

जहाजरानी महानिदेशालय ने 28 फरवरी को परामर्श जारी किया था जिसमें भारतीय जहाजों और नाविकों को इस इलाके से गुजरते समय ज्यादा सुरक्षा उपाय अपनाने और रिपोर्टिंग के कड़े प्रोटोकॉल का पालन करने का निर्देश दिया गया था। सरकार ने सवालों का जवाब देने और घटनाक्रम पर नजर रखने के लिए विदेश मंत्रालय और जहाजरानी महानिदेशालय में 24 घंटे काम करने वाले नियंत्रण कक्ष भी बनाए हैं। अधिकारियों ने बताया कि विदेश मंत्रालय नियंत्रण कक्ष को एक ही दिन में 75 फोन कॉल और 11 ईमेल मिले जिनमें ज्यादातर संघर्ष वाले इलाकों में काम करने वाले परिवारों ने किए थे। वे अपने रिश्तेदारों के बारे में जानकारी चाह रहे थे।

समुद्र में हुई मौतों के अलावा पश्चिम एशिया में टकराव की अलग-अलग घटनाओं में कुछ भारतीय भी घायल हुए हैं। एक भारतीय नागरिक की पसलियों में चोट लगी है और वह अस्पताल में ठीक हो रहा है, जबकि दुबई में घायल दूसरे नागरिक का इलाज चल रहा है।

सरकार ने कहा कि वह ईरान में भारतीय नागरिकों की स्थिति पर भी करीब से नजर रख रही है। अभी ईरान में करीब 9,000 भारतीय हैं जिनमें छात्र भी शामिल हैं। सरकार की तरफ से जारी परामर्श के बाद कुछ लोग पहले ही भारत लौट आए हैं। अधिकारियों ने कुछ छात्रों तथा धार्मिक यात्रा पर गए लोगों को ईरान के अंदर सुरक्षित शहरों में जाने करने में मदद की है और जो लोग ईरान से निकलना चाहते हैं उनके लिए आर्मेनिया और अजरबैजान के जरिये निकलने के रास्ते भी बनाए हैं।

इस संकट की वजह से इस इलाके में हवाई यात्रा में भी रुकावट आई है। कुवैत और बहरीन में हवाई मार्ग बंद होने की खबर है। यात्रियों को सऊदी अरब समेत दूसरे रास्तों से भेजा जा रहा है। संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब और ओमान से हवाई सेवा जारी हैं। अधिकारियों ने कहा कि भारतीय नागरिकों की सुरक्षा प्राथमिकता है।

कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और बिकवाली के दबाव से रुपये में नरमी, 92.04 प्रति डॉलर पर बंद

डॉलर की सख्त लिक्विडिटी के कारण भी मुद्रा पर दबाव बना हुआ है, जिसका आंशिक कारण घरेलू इक्विटी और ऋण बाजारों से पूंजी की निकासी है

समाज जागरण

कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी और शेयर बाजार में बिकवाली के चलते बुधवार को रुपये में गिरावट आई। स्थानीय मुद्रा 91.81 प्रति डॉलर के पिछले बंद भाव के मुकाबले 92.04 प्रति डॉलर पर बंद हुई। डीलरों ने यह जानकारी दी। पिछले दो हफ्तों में पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव ने वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की प्रवृत्ति में इजाफा किया है और कच्चे तेल की कीमतों को ऊपर धकेल दिया है, जिससे रुपये पर लगातार दबाव बना हुआ है।

ब्रेंट क्रूड की कीमत पिछले दिन के 98.63 डॉलर प्रति बैरल के मुकाबले बढ़कर 99.06 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गई। बाजार के जानकारों का कहना है कि सरकारी बैंकों ने संभवतः भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से डॉलर बेचकर और नुकसान को रोकने की कोशिश की।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ अनुसंधान विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा, क्षेत्रीय मुद्राओं के मिले-जुले प्रदर्शन के बावजूद अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया कमजोर हुआ है। केंद्रीय बैंक द्वारा डॉलर की आपूर्ति से नुकसान को सीमित करने में मदद मिली है, लेकिन आयातकों की मजबूत मांग मुद्रा को लगातार नीचे खींच रही है। उन्होंने कहा, निकट भविष्य में हाजिर अमेरिकी डॉलर को 91.60 प्रति डॉलर पर तत्काल समर्थन मिल रहा है जबकि 92.40 प्रति डॉलर पर महत्वपूर्ण प्रतिरोध देखा जा रहा है।

डॉलर की सख्त लिक्विडिटी के कारण भी मुद्रा पर दबाव बना हुआ है, जिसका आंशिक कारण घरेलू इक्विटी और ऋण बाजारों से पूंजी की निकासी है। एशियाई मुद्राओं में उतार-चढ़ाव देखा गया, लेकिन डॉलर सूचकांक पिछले दिन के 98.63 के मुकाबले 99.06 पर टिका। डॉलर सूचकांक छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को मापता है। एक सरकारी बैंक के डीलर ने कहा, आरबीआई का समर्थन तो मिला, लेकिन इक्विटी और बॉन्ड दोनों में एफपीआई द्वारा लगातार बिकवाली के कारण रुपये पर दबाव बना हुआ है।

बुधवार को डॉलर सूचकांक में वृद्धि हुई क्योंकि अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष तेज हो गया। इजरायल ने रात भर ईरान को निशाना बनाया जबकि ईरान ने उन ठिकानों को निशाना बनाया, जो ईरान के खिलाफ आक्रामकता का आधार हैं।

फिनरेक्स ट्रेजरी एडवाइजर्स एलएलपी के ट्रेजरी प्रमुख और कार्यकारी निदेशक अनिल कुमार भंसाली ने कहा, डॉलर की बोलियों की मात्रा रुपये को कमजोर बनाए रखेगी, इसलिए आयातकों के लिए हर गिरावट और बड़ी गिरावट पर डॉलर खरीदना समझदारी भरा कदम होगा। हमें मार्च 2025 के महीने में कुछ प्रवाह की उम्मीद थी, लेकिन विभिन्न कारणों से ऐसा नहीं हो पाया, जिनमें सबसे हालिया कारण ईरान युद्ध है।

लंबी अवधि के निवेशकों के लिए रिस्क-रिवॉर्ड हुआ अनुकूल: टाटा एएमसी सीईओ राहुल सिंह

अगले वर्ष के लिए रणनीति उन क्षेत्रों की ओर बढ़ रही है जिनमें वृद्धि की संभावना ज्यादा है, जैसे बैंकिंग, उपभोक्ता, रिसोर्सेस और विनिर्माण

समाज जागरण

घरेलू और वैश्विक घटनाक्रम के बीच टाटा ऐसेट मैनेजमेंट के मुख्य निवेश अधिकारी (इक्विटीज) राहुल सिंह ने पुनीत वाधवा को ईमेल के जरिये दिए साक्षात्कार में कहा कि भारतीय शेयर बाजार, उभरते बाजारों में आने वाले निवेश का उचित हिस्सा आकर्षित कर सकते हैं। इसके लिए विदेशी निवेशकों को चीन जैसे अन्य बाजारों में निवेश करने के लिए भारत से बिकवाली की आवश्यकता नहीं होगी, खासकर अगर वे आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) की थीम से बचाव करना चाहते हैं। संपादित अंशः

क्या बाजारों में निवेश करने का यह सही समय है?

हालांकि अभी तक बाजार इतना नीचे नहीं पहुंचा है कि अधिकतम इक्विटी आवंटन जायज हो, लेकिन कई क्षेत्रों में प्रचलित थीमेटिक संबंधी तेजी कम हो गई है। अन्य उभरते बाजारों की तुलना में भारत का मूल्यांकन प्रीमियम भी काफी कम हो गया है, जो 90 फीसदी के उच्च स्तर से गिरकर अब करीब 50 फीसदी रह गया है। इस स्तर पर बाजार उभरते बाजारों में आने वाले निवेश की उचित मात्रा आकर्षित कर सकता है और इसके लिए विदेशी निवेशकों को भारत में अपने शेयर बेचकर चीन जैसे अन्य बाजारों में निवेश करने की आवश्यकता नहीं होगी, खासकर अगर वे आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) जैसी थीम के जोखिम से बचाव करना चाहते हैं।

क्या मौजूदा स्तरों पर निवेश के कोई मौके हैं?

कुछ मिड-कैप शेयरों की कीमतें हालांकि अभी भी ज्यादा हैं, लेकिन दीर्घकालिक निवेशकों के लिए समग्र जोखिम-प्रतिफल अनुपात ज्यादा अनुकूल हो गया है क्योंकि कई प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों में कीमत और फंडामेंटल के बीच का अंतर कम होने लगा है।

साल 2025 से आपने क्या सीखा?

2025 से एक प्रमुख सीख हार्डवेयर आधारित एआई सुपर-साइकल का वैश्विक वर्चस्व था। भारत ने जीपीयू और चिप निर्माण चरण में भाग नहीं लिया, जिसके कारण विशेषीकृत वैश्विक तकनीकी केंद्रों की ओर महत्वपूर्ण पूंजी का पलायन हुआ। आईटी क्षेत्र की आय की स्थिरता पर इसका बड़ा प्रभाव पड़ा। हालांकि प्रमुख वृद्धि नहीं हुई, लेकिन कीमतों में क्षरण बंद होने से आईटी क्षेत्र का कुल कॉरपोरेट लाभप्रदता पर बोझ बनना बंद हो गया।

सबसे बड़ी चूक उम्मीद से धीमी आर्थिक वृद्धि रही। निफ्टी 50 की प्रति शेयर आय (ईपीएस) वृद्धि दर साल भर करीब 3 फीसदी के आसपास बनी रही, जिसके बाद हाल ही में यह 8 फीसदी के करीब पहुंची। इस धीमी वृद्धि ने मजबूत सरकारी पूंजीगत व्यय और साल भर स्थिर वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों के बावजूद घरेलू मांग में सुधार की धीमी गति को उजागर किया। अगले साल आय के लिए बेहतर संभावनाएं हैं, जिसका मुख्य कारण बीएफएसआई, उपभोग और कमोडिटीज हैं।

क्या आपकी रणनीति में किसी बदलाव की योजना है?

अगले वर्ष के लिए रणनीति उन क्षेत्रों की ओर बढ़ रही है जिनमें वृद्धि की संभावना ज्यादा है, जैसे बैंकिंग, उपभोक्ता, रिसोर्सेस और विनिर्माण। पारंपरिक आईटी सेवाओं में निवेश कम रखें क्योंकि उनमें सुधार तीव्र गति से नहीं बल्कि धीरे-धीरे होने की उम्मीद है। डिजिटल-आधारित पोर्टफोलियो के लिए हम पुरानी आईटी सेवाओं से हटकर विविधीकरण कर रहे हैं। आंतरिक उपभोग और ऋण वृद्धि पर ध्यान केंद्रित करने से वैश्विक व्यापार की बदलती परिस्थितियों से बचाव हो सकता है।

क्या आप अब ज्यादा पैसिव निवेश की रणनीति का सुझाव देंगे?

वर्तमान परिदृश्य से पता चलता है कि विशुद्ध रूप से पैसिव दृष्टिकोण की तुलना में ऐक्टिव स्टॉक विशिष्ट प्रबंधन कहीं ज्यादा सही है। उदाहरण के लिए, रक्षा क्षेत्र एक व्यापक थीमेटिक रणनीति के बजाय एक स्टॉक विशिष्ट बाजार के रूप में विकसित हो चुका है, जहां हर कंपनी एक साथ आगे बढ़ती है। आईटी क्षेत्र में पुराने मॉडलों से एआई-संचालित सेवा-आधारित खर्च की ओर जाना एक जटिल और कठिन प्रक्रिया है। इस प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए उन विशिष्ट प्रदाताओं की पहचान करने की सक्रिय क्षमता आवश्यक है, जो जटिल पुराने सिस्टमों का सफलतापूर्वक आधुनिकीकरण करके प्रतिस्पर्धी लाभ प्राप्त कर सकें। दूसरी ओर, पैसिव रणनीतियां अनजाने में उन पिछड़ने वालों को भी शामिल कर सकती हैं, जो इस तकनीकी बदलाव से जूझ रहे हैं।

क्या कंपनियों की आय उस स्तर पर पहुंच गई है, जिस पर अब विदेशी निवेशक ध्यान देने लगे हैं?

कंपनियों की आय एक महत्वपूर्ण मोड़ पर पहुंच रही है। निफ्टी 50 की प्रति शेयर आय (ईपीएस) वृद्धि पिछले वर्ष के 3 फीसदी से बढ़कर इस वर्ष करीब 8 फीसदी होने का अनुमान है और वित्त वर्ष 2027 तक इसमें 15 फीसदी तक की और वृद्धि की उम्मीद है। यह सुधार भारत के मूल्यांकन प्रीमियम में कमी के साथ मिलकर बाजार को विदेशी संस्थागत निवेशकों के लिए ज्यादा आकर्षक बना रहा है, जो पहले उच्च प्रवेश लागतों के कारण निवेश करने से हिचकते थे।

भले ही भारत को उभरते बाजारों से तुरंत उतना ज्यादा निवेश न मिले, लेकिन बिकवाली की तीव्रता में गिरावट एक सकारात्मक संकेत है। घरेलू मांग में सुधार और स्थिर मुद्रा का संयोजन एशियाई समकक्षों के मुकाबले उच्च प्रतिस्पर्धात्मक प्रदर्शन का संकेत देता है। भारत संरचनात्मक वृद्धि का एक महत्वपूर्ण उदाहरण बना हुआ है और आय का रुझान अंततः इन दीर्घकालिक अपेक्षाओं के अनुरूप हो रहा है।

केंद्रीय वस्त्र मंत्री द्वारा भारत टेक्स 2026 का शुभारंभ

समाज जागरण

केंद्रीय वस्त्र मंत्री श्री गिरिराज सिंह ने आज भारत के प्रमुख वैश्विक वस्त्र सम्मेलन, भारत टेक्स 2026 के आयोजन की पहल आरंभ की, जो वैश्विक वस्त्र अर्थव्यवस्था में देश के बढ़ते नेतृत्व का संकेत है। श्री गिरिराज सिंह ने वस्त्र उद्योग, सरकार और व्यापार संगठनों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत टेक्स को एक ऐसे वृहद वैश्विक मंच के रूप में परिकल्पित किया गया है, जिसमें फाइबर और यार्न से लेकर कपड़े, परिधान, तकनीकी वस्त्र और सतत नवाचार तक संपूर्ण वस्त्र मूल्य श्रृंखला शामिल होगी। उन्होंने इसे अब तक का सबसे बड़ा और सबसे व्यापक वस्त्र आयोजन बताते हुए, वस्त्र-निर्यात संवर्धन परिषदों (ईपीसी) और अन्य उद्योग निकायों की प्रतिबद्धता की सराहना की, जिन्होंने भारत टेक्स के दायरे में वस्त्रों की संपूर्ण मूल्य श्रृंखला लाने के लिए समर्पित भाव से अथक प्रयास किए। वस्त्र मंत्री ने कहा कि भारत टेक्स वस्त्रों के लिए विश्वसनीय, सतत स्रोत केंद्र और बड़े पैमाने पर निवेश स्थल के रूप में आकर्षक गंतव्य बनाएगा। उन्होंने कहा कि यह आयोजन नवाचार, सहयोग और मेक इन इंडिया की भावना मूल में रखते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के वस्त्र क्षेत्र के 5एफ विजन फार्म (खेत) से फाइबर (रेशा), फाइबर से फैक्ट्री (कारखाना), फैक्ट्री से फैशन, और फैशन से फॉरेन (विदेश) शामिल हैं, जिसका लक्ष्य कृषि, रोजगार और निर्यात को बढाना है) का साकार रूप है।

आयोजन में वस्त्र सचिव श्रीमती नीलम शमी राव, अपर सचिव श्री रोहित कंसल, निर्यात संवर्धन परिषदों के वरिष्ठ प्रतिनिधि और उद्योग जगत के नेता उपस्थित रहे।

भारत टेक्स 2026

पिछले दो आयोजनों की उल्लेखनीय सफलता पर आधारित भारत टेक्स 2026 अब तक का सबसे बड़ा और सबसे प्रभावशाली संस्करण होगा। इसे 14 से 17 जुलाई 2026 को भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। इस बार के आयोजन में 3,500 से अधिक व्यावसायिक प्रदर्शकों, 140 से अधिक देशों के 7,000 से अधिक अंतरराष्ट्रीय खरीदारों और 1,30,000 से अधिक व्यापारिक आगंतुकों की व्यापक भागीदारी की संभावना है। यह आयोजन फाइबर और यार्न, कपड़े, परिधान और फैशन, घरेलू वस्त्र, तकनीकी वस्त्र, हस्तशिल्प, हथकरघा और आधुनिक विनिर्माण प्रौद्योगिकियों सहित संपूर्ण वस्त्र पारिस्थितिकी तंत्र को प्रदर्शित करेगा। यह आयोजन विनिर्माण, डिजाइन, प्रौद्योगिकी और व्यापार में भारत की एकीकृत शक्ति को दशार्ता है।

भारत टेक्स 2026, वर्ष 2024 और 2025 के पिछले सफल आयोजनों पर आधारित है और प्रदर्शनियों, ज्ञान सत्रों, खरीदार-विक्रेता बैठकों और नीतिगत संवादों का एक अनूठा संगम होगा, जिसका उद्देश्य चचाओं को व्यावहारिक परिणामों में बदलना है। विशेष फोकस क्षेत्रों में संवहनीय और चक्रीय वस्त्र, तकनीकी वस्त्र, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम एकीकरण, नवाचार और वैश्विक बाजार पहुंच शामिल हैं।

यह आयोजन सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों, प्रदर्शकों, स्टार्टअप्स, शिक्षाविदों और डिजाइनरों को अपने नवीनतम वस्त्र नवाचारों प्रदर्शित करने, वैश्विक निमार्ताओं और खरीदारों से जुड़ने, उच्च स्तरीय चचाओं में शामिल होने और रणनीतिक साझेदारी स्थापित करने का मंच प्रदान करेगा। यह आयोजन केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा निवेश आकर्षित करने, व्यापार को बढ़ावा देने और भारत के विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र और पारंपरिक हथकरघा क्षेत्रों को दीर्घकालिक रूप से सुदृढ़ करने की गई प्रमुख नीतिगत पहलों और सुधारों को भी प्रदर्शित करेगा।

एक वैश्विक वस्त्र संवाद

भारत टेक्स 2026 का एक प्रमुख आकर्षण ग्लोबल टेक्सटाइल डायलॉग होगा, जिसमें नीति निमार्ताओं, वैश्विक उद्योग जगत के नेताओं और नवप्रवर्तकों को एक साथ लाने वाले ज्ञान सत्रों की एक श्रृंखला आयोजित होगी, जिससे वैश्विक व्यापार गतिशीलता, स्थिरता और ईएसजी मानक, इंडस्ट्री 5.0, तकनीकी वस्त्र और स्थिति अनुकूल आपूर्ति श्रृंखला जैसे उभरते रुझानों पर विचार-विमर्श होगा। इससे उद्योग हितधारकों और एमएसएमई को लाभकारी अंतर्दृष्टि प्राप्त होगी।

उद्योग नेतृत्व की पहल

यह आयोजन उद्योग जगत की पहल है और इसका आयोजन भारत टेक्सटाइल ट्रेड फेडरेशन (बीटीटीएफ) द्वारा किया जाएगा, जो वस्त्र उद्योग से संबंधित 11 निर्यात संवर्धन परिषदों (ईपीसी) और अन्य उद्योग निकायों का एक समूह है। बीटीटीएफ के अध्यक्ष श्री नरेन गोयनका और सह-अध्यक्ष श्री भद्रेश डोडिया ने आयोजन संबंधी गतिविधियों की जानकारी दी।

संसद प्रश्न: बाढ़ और चक्रवातों के लिए प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली

समाज जागरण

वर्तमान में, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) भारी वर्षा और चक्रवात से संबंधित घटनाओं के लिए ज़िलावार प्रारंभिक चेतावनी दिन में चार बार तैयार और अपडेट करता है, जिसमें पूवार्नुमान सात दिनों तक मान्य होते हैं। आईएमडी समय पर मौसम की निगरानी और सूचना के प्रसार में सहायता के लिए वास्तविक समय में मौसम संबंधी चेतावनी और ग्राफिकल उत्पाद तैयार करता है। ये चेतावनी सभी संवेदनशील ज़िलों को कवर करती हैं ताकि तैयारी और बचाव के लिए समय पर सूचना का प्रसार सुनिश्चित किया जा सके। इसके अलावा, ये चेतावनी कई माध्यमों जैसे कॉमन अलर्टिंग प्रोटोकॉल (सीएपी), मोबाइल ऐप, वेबसाइट, व्हाट्सएप, सोशल मीडिया आदि के माध्यम से साझा की जाती हैं। हालांकि, स्वचालित सायरन और अलर्ट प्रणाली के साथ चेतावनी संचार की ज़िम्मेदारी राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों (एसडीएमए) और राज्य आपातकालीन संचालन केंद्रों (एसईओसी) की है। आईएमडी प्रेक्षित और पूवार्नुमानित वर्षा डेटा प्रदान करके केंद्रीय जल आयोग को सहयोग करता है।

केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) देश में बाढ़ पूवार्नुमान और प्रारंभिक बाढ़ चेतावनी जारी करने के लिए जिम्मेदार नोडल संगठन है। वर्तमान में, सीडब्ल्यूसी 350 पूवार्नुमान केंद्रों (प्रमुख बांधों/बैराजों पर 150 अंतर्वाह पूवार्नुमान केंद्र और प्रमुख नदियों पर 200 जलस्तर पूवार्नुमान केंद्र) पर बाढ़ पूवार्नुमान जारी करता है। यह नेटवर्क राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों के परामर्श से स्थापित किया गया है। स्थानीय अधिकारियों को लोगों की निकासी की योजना बनाने और अन्य उपचारात्मक उपाय करने के लिए अधिक समय देने हेतु, सीडब्ल्यूसी ने वर्षा-अपवाह गणितीय मॉडलिंग पर आधारित एक बेसिन-वार बाढ़ पूवार्नुमान मॉडल विकसित किया है, जिसके तहत पूवार्नुमान केंद्रों पर 7 दिन पहले से सलाह जारी की जाती है। इसके अतिरिक्त, यह 24 घंटे तक की प्रतिक्रिया अवधि वाले अल्पकालिक पूवार्नुमान भी प्रदान करता है। सीडब्ल्यूसी की बाढ़ पूवार्नुमान सेवाएं एक एकीकृत चेतावनी प्रसार मंच, कॉमन अलर्ट प्रोटोकॉल (सीएपी) के साथ भी एकीकृत हैं, जिसे संबंधित राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसडीएमए) को जारी किया जाता है।



बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बाढ़ की गंभीर स्थिति को देखते हुए, सरकार ने वेब-आधारित सी-फ्लड प्लेटफॉर्म का शुभारंभ/उद्घाटन किया है। यह प्लेटफॉर्म बाढ़ मानचित्रों और जल स्तर पूवार्नुमानों के रूप में गांवों तक दो दिन पहले तक की बाढ़ की जानकारी प्रदान करता है। सी-फ्लड वेब-आधारित प्लेटफॉर्म की प्रमुख विशेषताएं इस प्रकार हैः

सी-फ्लड उन्नत 2डी हाइड्रोडायनामिक मॉडलिंग से प्राप्त बाढ़ जलमग्नता आउटपुट जानकारी को विस्तार और गहराई की जानकारी के साथ एकीकृत करता है।

इसे राष्ट्रीय और क्षेत्रीय एजेंसियों द्वारा सभी नदी बेसिनों के लिए उनकी संबंधित कार्य योजनाओं के अनुसार बाढ़ मॉडलिंग परिणामों को एकीकृत करने वाली एक एकीकृत बाढ़ सूचना प्रणाली के रूप में डिजाइन किया गया है। प्रारंभिक चरण में, इसमें गोदावरी, तापी और महानदी नदी बेसिनों के लिए बाढ़ पूवार्नुमान शामिल हैं।

प्रारंभिक चरण में यह वेब-पोर्टल हिंदी, अंग्रेजी और ओडिया सहित तीन भाषाओं को सपोर्ट करता है।

इसमें अगले दो दिनों के लिए बाढ़ का पूवार्नुमान शामिल है। इसमें गांव स्तर तक की बाढ़ संबंधी जानकारी दी गई है।यह जलमग्नता की गहराई के आधार पर बाढ़ चेतावनी की तीन श्रेणियों को दशार्ता हैः पीली चेतावनी 0.5 मीटर से कम जलमग्नता को इंगित करती है, नारंगी चेतावनी 1.5 मीटर से कम गहराई के लिए होती है, और लाल चेतावनी 1.5 मीटर से अधिक जलमग्नता को दशार्ती है।

पूवार्नुमान की सटीकता में सुधार और उसकी उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए उपग्रह-आधारित डेटासेट और जमीनी जलवैज्ञानिक प्रेक्षणों का उपयोग किया जाता है।

सीडब्ल्यूसी द्वारा "फ्लड वॉच इंडिया" नामक एक मोबाइल ऐप विकसित किया गया है, जिसे 17 अगस्त 2023 को लॉन्च किया गया था। यह ऐप वर्तमान में 200 स्टेशनों पर बाढ़ पूवार्नुमान, अतिरिक्त 500 स्टेशनों पर वर्तमान बाढ़ की स्थिति की निगरानी और देश के 150 प्रमुख जलाशयों में पानी के भंडारण की स्थिति के बारे में जानकारी प्रदान करता है। यह ऐप केंद्रीय, राज्य, जिला और स्थानीय स्तर पर आपदा प्रबंधन अधिकारियों के साथ-साथ आम जनता के लिए भी बाढ़ संबंधी चेतावनियाँ समय पर प्राप्त करके निवारक उपाय करने में सहायक है। पंजाब, पश्चिम बंगाल और बिहार राज्यों के लिए, रंग-कोडित जिला-वार भारी वर्षा की चेतावनी जारी करने और उसे अद्यतन करने के साथ-साथ जलग्रहण क्षेत्रों से संबंधित बाढ़ की चेतावनी को अद्यतन करने के लिए सीडब्ल्यूसी को समय-समय पर वर्षा डेटा और मात्रात्मक वर्षा पूवार्नुमान (क्यूपीएफ) प्रदान करने के संबंध में कोई बड़ी कमी नहीं है।

स्थानीय स्तर पर निवासियों को चेतावनी देने के लिए संपूर्ण संपर्क व्यवस्था उपलब्ध है। चक्रवात की चेतावनी प्रसारित करने के लिए, भारतीय जल विभाग (आईएमडी) आपदा प्रबंधकों, मीडिया और आम जनता तक पहुंचने के लिए संचार के सभी उपलब्ध साधनों का उपयोग करता है। चेतावनी आईएमडी की राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय वेबसाइटों और उष्णकटिबंधीय चक्रवातों के लिए समर्पित वेबसाइट के माध्यम से जारी की जाती है, साथ ही सीएपी के माध्यम से साझा की जाती है, पंजीकृत उपयोगकताओं को एसएमएस अलर्ट भेजे जाते हैं, फेसबुक, एक्स, व्हाट्सएप ग्रुप और मोबाइल ऐप सहित सोशल मीडिया के माध्यम से भी जानकारी दी जाती है। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर नियमित प्रेस विज्ञप्तियां और मीडिया ब्रीफिंग भी आयोजित की जाती हैं। मछुआरों के लिए चेतावनियाँ नियमित रूप से ऑल इंडिया रेडियो के माध्यम से प्रसारित की जाती हैं। इसके अतिरिक्त, मछुआरों को भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र (आईएनसीओआईएस) नेटवर्क के माध्यम से एसएमएस द्वारा चेतावनी भेजी जाती है, और गहरे समुद्र में मछुआरों के लिए चेतावनी एनएवीआईसी के माध्यम से भेजी जाती है। आईएमडी चक्रवात के मौसम से पहले तैयारियों को सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय और राज्य स्तर पर आपदा प्रबंधकों के साथ चक्रवात-पूर्व बैठकें भी आयोजित करता है। प्रतिकूल मौसम की स्थिति में, केंद्रीय और राज्य स्तर पर आपदा प्रबंधकों को आईएमडी के महानिदेशक द्वारा व्यक्तिगत रूप से जानकारी दी जाती है।

राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसडीएमए) और राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र (एसईओसी) अपने राज्य स्तरीय आपदा चेतावनी संचार नेटवर्क के माध्यम से संवेदनशील आबादी तक चेतावनी पहुंचाते हैं। हालांकि, संवेदनशील आबादी के अंतिम छोर तक चेतावनी पहुंचाने के लिए, स्थानीय स्तर पर मोबाइल और डिजिटल कनेक्टिविटी में और सुधार करने, सायरन लगाकर स्थानीय स्तर पर प्रसार प्रणाली को मजबूत करने, आम जनता में जागरूकता पैदा करने, मछुआरों के लिए उपग्रह संचार को मजबूत करने आदि की आवश्यकता है।

राज्य स्तर पर प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली के कुशल और प्रभावी संचालन के लिए आवश्यक गतिविधियों, जैसे कि स्थानीय स्तर पर सूचना प्रसार क्षमता को सुदृढ़ करना, विभिन्न आपदाओं के प्रभाव से संबंधित जागरूकता बढ़ाना, प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली के प्रति जन प्रतिक्रिया आदि के लिए, राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों को राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (एसडीआरएफ) और राज्य आपदा न्यूनीकरण कोष (एसडीएमएफ) के माध्यम से संसाधन उपलब्ध कराए जाते हैं। यदि राज्यों की ओर से वित्तीय सहायता का अनुरोध आता है, तो केंद्र सरकार राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (एनडीआरएफ) और राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण कोष (एनडीएमएफ) के लिए संबंधित दिशानिर्देशों के अनुसार इस पर विचार करती है।

यह जानकारी पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने आज लोकसभा में प्रस्तुत की।

गिफ्ट सिटी के फंडों में KYC की ऊंची लागत बनी बाधा, विदेशी निवेशकों को जोड़ने में हो रही दिक्कत

वीडियो केवाईसी सहित विदेशी नागरिकों को जोड़ने के उपाय तलाश रहा बाजार नियामक

समाज जागरण

फंड प्रबंधकों का कहना है कि गिफ्ट सिटी में फंड प्रबंधन इकाइयों (एफएमई) को नो योर कस्टमर (केवाईसी) प्रक्रिया की ऊंची लागत और परिचालन संबंधी चुनौतियों के कारण विदेशी निवेशकों को जोड़ने में दिक्कतें आ रही हैं। इससे उनकी पेशकश अक्सर ऑफशोर फैमिली ऑफिस और संस्थागत निवेशकों तक ही सीमित रह जाती हैं।

कई फंड मैनेजरों ने कहा कि दस्तावेजों के फिजिकल अटेस्टेशन की जरूरत से समय और खर्च बढ़ता है, जिससे अलग-अलग ग्राहकों को जोड़ना मुश्किल हो जाता है। सूत्रों ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (आईएफएससीए) ने एक समिति बनाई है और चुनौतियों को हल करने के लिए एफएमई से सुझाव लिए हैं।

फंड मैनेजरों ने क्षेत्रीय वितरकों द्वारा पहले किए गए केवाईसी को मान्यता देने, केवाईसी पंजीकरण एजेंसियों (केआरए) की मौजूदगी बढ़ाने और केवाईसी फ्रेमवर्क में ज्यादा स्वायत्तता लाने जैसी नियामकीय छूट मांगी है, जिसकी जिम्मेदारी अभी एफएमई पर है।

एक एफएमई के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, केवाईसी की जिम्मेदारी एफएमई पर है। ज्यादा व्यावहारिक तरीका यह होगा कि मजबूत नियामकीय नियंत्रण वाले क्षेत्राधिकार को मान्यता दी जाए और सिर्फ उन क्षेत्राधिकारों के निवेशकों पर अतिरिक्त सख्ती लगाई जाए जहां ऐसे सुरक्षा मानक कमजोर हैं।

केवाईसी सत्यापन की जरूरतें निवेशकों के क्षेत्राधिकार के आधार पर अलग-अलग होती हैं। अभी, गिफ्ट-आईएफएससी में एक ही केआरए है।

डीएसपी म्युचुअल फंड में मुख्य निवेश रणनीतिकार और अंतरराष्ट्रीय व्यवसाय प्रमुख जय कोठारी ने कहा, अनिवासी भारतीयों और विदेशी निवेशकों के लिए जरूरी दस्तावेजों के साथ मूल आवदेन जरूरी है। उन्हें (विदेशी निवेशक/एनआरआई) फिजिकल आवेदन कोरियर करना पड़ता है, जिससे निवेशक का खर्च बहुत बढ़ जाता है। दूसरा, निवेशक की श्रेणी के आधार पर, संबंधित अधिकार क्षेत्र के अधिकारियों से अटेस्टेशन करवाना पड़ता है, जिससे परिचालन की चुनौतियां और बढ़ जाती हैं।

कोठारी ने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर या हॉन्गकॉन्ग में रहने वाले एनआरआई के मामलों में भी जुटाया गया पैसा वहां के किसी पंजीकृत वितरक के जरिये ही भेजना होगा, जब तक कि निवेशक ने सीधे एफएमई से संपर्क न किया हो।

उन्होंने कहा, यह स्पष्टता हर क्षेत्राधिकार में नहीं है, जिससे एफएमई को इसे लेकर ज्यादा सतर्कता बरती पड़ती है कि वे किस तरह से अप्रोच करते हैं। गिफ्ट-आईएफएससी में डीएसपी सबसे बड़े सीएटी-3 एआईएफ प्रबंधकों में से एक है, जिसके पास विदेशी संस्थानों से जुटाई गईं लगभग 1 अरब डॉलर की परिसंपत्तियां हैं।

पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टेट अनिवार्यता हो समाप्त :सनत कुमार सिंह

समाज जागरण रंजीत तिवारी

वाराणसी। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ वाराणसी के वरिष्ठ शिक्षक नेता सनत कुमार सिंह ने बताया कि टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ दिनेश चन्द्र शर्मा ने लाखों शिक्षकों हेतु भारत सरकार से माँग रखी है कि आरटीई से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टेट की अनिवार्यता को समाप्त करने हेतु कानून बनाया जाये।इस सम्बन्ध में डॉ दिनेश चन्द्र शर्मा की अगुवाई में टीएफआई के प्रतिनिधि मंडल ने 19 दिसम्बर को केंद्रीय शिक्षा मंत्री से वार्ता करके ज्ञापन सौंपा था और उम्मीद जगी थी, कि बजट सत्र में सरकार इस विषय पर विधेयक

लाएगी,परन्तु अभी तक ऐसा नहीं हुआ जिससे शिक्षकों में असंतोष व्याप्त है। समस्त जनपदों में संघ द्वारा दो-दो बार जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमन्त्री को ज्ञापन प्रेषित किया गया साथ ही सांसदों को भी ज्ञापन सौंपा गया।अनेक सांसदों द्वारा संसद में विषय को उठाया गया गया लेकिन भारत सरकार का शिक्षा मंत्रालय देश के 20लाख शिक्षक व उनके परिवार के प्रति संवेदनशील नहीं है। टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ दिनेश चन्द्र शर्मा ने शिक्षकों से आह्वान किया है कि 04 अप्रैल को दिल्ली के रामलीला मैदान पहुंचकर अपनी सेवा को सुरक्षित करें। सनत कुमार सिंह ने कहा हम वाराणसी के सभी शिक्षकों से अपील करते हैं कि शिक्षक विरोधी टेट से सम्बन्धित काले कानून को समाप्त कराने की लड़ाई में 04 अप्रैल को दिल्ली के रामलीला मैदान पहुंचकर अपने हक की लड़ाई को मजबूती प्रदान करें।

ग्राम स्तरीय प्रधान ,सचिव सहयोगी अपनी नैतिक जिम्मेदारी निभायें बी0पी0 वर्मा

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी। ग्राम स्तरीय प्रधान ,सचिव व सहयोगी गांव के विकास में अपनी जिम्मेदारी निभायें।

उक्त बातें बीडीओ हरहुआ बद्री प्रसाद वर्मा ने सम्बोधित करते हुए व्यक्त किया।

एडीओ पंचायत रवि सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण से कार्य मे गुणवत्ता और दायित्वबोध की दक्षता बढ़ती है।

ग्रामीण अंचलों के तेजी से विकास और पंचायती राज व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से हरहुआ विकासखंड में एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 'राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत आयोजित हुआ, जिसमें ग्राम प्रधानों, ग्राम विकास अधिकारियों (VDO), पंचायत सहायकों और वार्ड सदस्यों ने प्रतिभाग किया।

ग्राम पंचायत विकास योजना (GPDP), क्षेत्र पंचायत विकास योजना (BPDP) और जिला पंचायत विकास योजना (DPDP) तैयार करने की तकनीकी प्रक्रिया पर रहा।

मास्टर ट्रेनर राधेश्याम यादवऔर रंजन राय ने पंचायत प्रतिनिधियों को गाँव की बुनियादी जरूरतों के प्रभावी विकास योजना सहित कार्ययोजना ,सरकारी धन का सदुपयोग और गाँव का असल विकास कैसे संभव की जानकारी दी।

कार्यक्रम के सुचारू संचालन और प्रबंधन का जिम्मा 'मैसर्स इंटिको टेक्निकल सर्विस प्राइवेट लिमिटेड' को मिली है। नाश्ते और भोजन का उत्कृष्ट प्रबंध किया गया।

कार्यक्रम के समापन पर प्रतिनिधियों ने सीखी गई बातों और नई जानकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में पूरी पारदर्शिता के साथ लागू कर, गाँव की तस्वीर बदलने का संकल्प लिया।

लोक अदालत को सफल बनाने हेतु प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया

समाज जागरण
ओंकार नाथ चौधरी

जनपद श्रावस्ती जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रावस्ती के तत्वावधान में दिनांक 14.03.2026 को जनपद न्यायालय, जिलाधिकारी श्रावस्ती के अधीनस्थ न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा, जिसके व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु दिनांक- 11.03.2026 को समय प्रातः 11.00 बजे एक रैली का आयोजन जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री राकेश धर दुबे के आदेशानुसार किया गया। श्री अवनीश गौतम, नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत/अपर जिला जज (एससी/एसटी एक्ट) श्रावस्ती, श्री प्रद्युम्न कुमार मिश्र, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रावस्ती द्वारा प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रैली को रवाना किया गया। न्यायालय परिसर से उक्त रैली की

रवानगी कर राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार-प्रसार पम्पलेट के माध्यम से पैरालीगल वॉलेन्टियर्स द्वारा जन सामान्य को जागरूक किया गया। इस दौरान रैली में श्री अमित कुमार प्रजापति, अपर जिला जज, श्रावस्ती, श्री निर्दोष कुमार, अपर जिला जज (पॉक्सो एक्ट) श्रावस्ती, श्री गौरव द्विवेदी सिविल जज(प्रवर खण्ड) (एफटीसी), श्रवस्ती, श्री अरविन्द कुमार मद्धेशिया, सिविल जज(अ0ख0), श्रावस्ती, श्री दिलीप कुमार साहनी, न्यायिक मजिस्ट्रेट, श्रावस्ती, श्री जुगुल किशोर एलडीएम, श्रावस्ती एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रावस्ती के समस्त कर्मचारीगण तथा समस्त एल0ए0डी0सी0 अधिवक्तागण तथा पैनल अधिवक्ता उपस्थित रहे।

गैस की चिंता में इलेक्ट्रिक कुकिंग के तरीके अपना रहे लोग, इंडक्शन कुकटॉप की मांग बढ़ी

मांग में अचानक हुई इस बढ़ोतरी ने उद्योग को हैरत में डाल दिया है और यह डर बढ़ गया है कि अगर यह चलन जारी रहा तो स्टोरों में जल्द ही स्टॉक खत्म हो सकता है

समाज जागरण

इंडक्शन कुकटॉप की मांग बढ़ने के बाद ऑफलाइन और ऑनलाइन खुदरा विक्रेता इलेक्ट्रिक कुकर, केटल और एयर फ्रायर जैसे उत्पादों की बिक्री में बढ़ोतरी देख रहे हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच पाइप्ड नैचुरल गैस (पीएनजी) और तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की आपूर्ति में संभावित रुकावट के संबंध में चिंता बढ़ रही है।

खुदरा विक्रेताओं का कहना है कि मांग में अचानक हुई इस बढ़ोतरी ने उद्योग को हैरत में डाल दिया है और यह डर बढ़ गया है कि अगर यह चलन जारी रहा तो स्टोरों में जल्द ही स्टॉक खत्म हो सकता है।

क्रोमा स्टोरों का संचालन करने वाली इनफिनिटी रिटेल के प्रबंध निदेशक मुख्य कार्य अधिकारी शिवाशीष रॉय ने कहा कि खरीदारी में यह बढ़ोतरी तेज और खासी ज्यादा रही है। रॉय ने कहा, ह्यइंडक्शन कुकटॉप के साथ-साथ हम इलेक्ट्रिक केटल की मांग में भी बढ़ोतरी देख रहे हैं, जिसकी बिक्री सामान्य दर के मुकाबले लगभग दोगुनी हो चुकी है। रॉय ने कहा, क्रोमा में हमने पिछले कुछ दिनों के दौरान इंडक्शन कुकटॉप की मांग में तेजी से और तुरंत ही बढ़ोतरी देखी है। हमारी दैनिक औसत दर सामान्य स्तर की तुलना में लगभग तीन गुना बढ़ चुकी है। उन्होंने कहा, दिलचस्प बात यह है कि हम ग्राहकों को एक बार में ही कई इकाई खरीदते हुए भी देख रहे हैं, जो पहले सामान्य बात नहीं थी, जो कुछ सतर्कतापूर्ण खरीदारी किए जाने का संकेत है।

फ्लिपकार्ट में भी यही रुझान है, जहां हाल के दिनों में बिक्री में काफी बढ़ोतरी हुई है। यह बढ़ोतरी केवल इंडक्शन कुकटॉप तक ही सीमित नहीं है। फ्लिपकार्ट ने कहा कि इलेक्ट्रिक कुकर, केटल और एयर फ्रायर की मांग भी तेजी से बढ़ी है, जिससे पता चलता है कि परिवार तेजी से इलेक्ट्रिक कुकिंग के विकल्प ढूंढ रहे हैं।

फ्लिपकार्ट प्रवक्ता ने कहा, मौजूदा वैश्विक हालात ने इंडक्शन कुकटॉप को कई परिवारों के लिए ह्यकिचन को आधुनिक बनाने के बजाय जीवन की आवश्यकता में तब्दील कर दिया है। उन्होंने कहा, हम एलपीजी की बढ़ती लागत और आपूर्ति की कमी के कारण इंडक्शन की बिक्री में भारी वृद्धि देख रहे हैं। कंपनी के अनुसार पिछले तीन से चार सप्ताह की तुलना में पिछले चार से पांच दिनों में बिक्री चार गुना बढ़ गई है। कुछ क्षेत्रों में विशेष रूप से मजबूत मांग देखी जा रही है।

टीटीके प्रेस्टीज के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्य अधिकारी वेंकटेश विजयराघवन के अनुसार मांग में पहले ही तेज उछाल आ चुकी है। उन्होंने बिजनेस स्टैंडर्ड को बताया, हालांकि मांग सामान्य स्तर की तुलना में पांच गुना बढ़ गई है। लेकिन हम वर्तमान में सामान्य मांग की तुलना में लगभग 3 से 3.5 गुना तक की ही आपूर्ति कर पा रहे हैं। हम उत्पादन बढ़ा रहे हैं। हमारी इकाइयां तीन पालियों में काम कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि हालांकि मांग फिलहाल सामान्य से लगभग पांच गुना अधिक है, लेकिन संभावना है कि आने वाले दिनों में यह सामान्य स्तरों के लगभग तीन गुना पर स्थिर हो जाएगी।

मांग में यह तेजी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भी इसी तरह दिखाई दे रही है। लोग खाना पकाने वाली गैस का विकल्प तलाश रहे हैं और आपूर्ति की संभावित रुकावट के लिए तैयारी कर रहे हैं। ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्मों ने पिछले कुछ दिनों में इंडक्शन कुकटॉप की सर्च और खरीद में तेजी से उछाल दर्ज की है।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में उत्कृष्ट महिलाओं को किया गया सम्मानित

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी। जन विकास समिति, मुर्दहा, वाराणसी एवं नाबार्ड, वाराणसी के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुल 1800 महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्याओं एवं ग्रामीण महिलाओं ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजगरा विधायक त्रिभुवन राम ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण समाज और ग्रामीण विकास की वास्तविक आधारशिला है। आज महिलाएं स्वयं सहायता समूहों, कृषि आधारित उद्यमों तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष वाराणसी श्रीमती पूनम मौर्या, नाबार्ड की जिला विकास अधिकारी श्रीमती सोनिया राणा, डॉ. नीलिका अमरेश, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष राम प्रकाश

सिंह 'बीरू', राणा प्रताप सिंह चौहान, अब्दुल अंसारी हक, प्रधान शशिकला देवी व प्रधान सोनी देवी उपस्थित रहे।

अतिथियों ने महिला सशक्तिकरण, वित्तीय समावेशन और ग्रामीण आजीविका विकास में महिलाओं की बढ़ती भूमिका की सराहना की।

जन विकास समिति के निदेशक फादर चंद्रन रेमंड्स ने संस्था द्वारा महिला सशक्तिकरण, स्वयं सहायता समूहों के सुदृढ़ीकरण तथा आजीविका विकास के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। जडावती देवी को 'सर्वश्रेष्ठ कार्यकर्ता 2026 अवार्ड', पूजा देवी को 'सर्वश्रेष्ठ वित्तीय बचत अवार्ड' तथा शीला देवी को 'सर्वश्रेष्ठ स्वयं सहायता समूह पदाधिकारी अवार्ड' प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में जिला परियोजना अधिकारी अभिषेक मिश्रा, फेलिक्स थॉमस, बीन्स जॉन, हीरानंद, डॉ. शिवम चौबे, अतुल, अंजू, सीमा एवं सुभावती सहित संस्था के अन्य कार्यकताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

कार्यक्रम ने महिलाओं के आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने का सशक्त संदेश दिया।

एनएसएस शिविर के बौद्धिक चर्चा में पर्यावरण संरक्षण के प्रति स्वयंसेवक हुए जागरूक

समाज जागरण

वाराणसी। महाराज बलवंत सिंह पीजी कॉलेज गंगापुर वाराणसी में राष्ट्रीय सेवा योजना के तीसरे दिन पंचकोशी मार्ग पर स्थित भीमचण्डी तालाब मैं सघन सफाई अभियान चलाया घाटों के चारों तरफ स्वयंसेवकों ने झाड़ू लगाया घाट पर स्नान करने आने वाले श्रद्धालुओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया तालाब के किनारे स्थित आदर्श प्राथमिक विद्यालय भीमचण्डी में प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण की स्वच्छता की तथा प्रत्येक कक्ष में जाकर छोटे-छोटे बच्चों को गीत और भाषा के माध्यम से उनके अंदर स्वच्छता के प्रति चेतना जागृत करने का प्रयास किया भोजन के उपरांत

2:00 बजे से बौद्धिक परी चर्चा में विधि विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ शिव कैलाश ने पर्यावरण के संरक्षण पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने अनेक मनोरंजन गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किया। लक्ष्य गीत एवं राष्ट्रीय सेवा योजना गीत का स्वर पूर्ण वाचन किया । संपूर्ण कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी डॉ अखिला नन्द सिंह डॉ अर्चना सिंह तथा महाविद्यालय के मुख्य अनुशासक अंगद प्रसाद यादव उपस्थित रहे।

PHED पानी का पाइप लाइन फटा आसपास के घरों में पानी सप्लाई ठप हजारों लीटर पानी सड़क पर बह रहा

समाज जागरण

बाढ़ :-बाढ राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा सड़क का चौडी कारण हो रहा है। इस दौरान सड़क अनुग्रह नारायण सिंह खेल मैदान के किनारे बिछे पीएचडी का पानी का पाइप लाइन फट गया है और हजारों लीटर पानी बहकर अनुग्रह नारायण सिंह खेल मैदान और सड़क पर जमा हो गया है। खेल मैदान में पानी जमा होने के कारण बगल का मोहल्ले लोगों को परेशानी हो रही है इसे देखने वाला कोई नहीं है वहीं कुछ स्थानीय बताते हैं कि जब इसकी शिकायत पीएचडी से की गई तो उनके कर्मचारी का

कहना है कि जो इसे तोड़ा है वही बनाएगा। लोगों को तो परेशानी हो रही है लेकिन यह मामला एक दूसरे विभाग पर फेंक रहे हैं। हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहे हैं। रोड चोड़ी कारण के दौरान इस तरह की वाक्य हमेशा हो रही है और लोग परेशान हो रहे हैं।

फिर टूटा शेयर बाजार, गिरावट के भंवर में सेंसेक्स; निवेशकों की 5.14 लाख करोड़ की संपत्ति डूबी

सेंसेक्स 1,342 अंक यानी 1.7 फीसदी गिरकर 76,864 पर बंद हुआ। यह 1 फरवरी के बाद उसकी सबसे बड़ी गिरावट है

समाज जागरण

शेयर बाजारों में बुधवार को भारी गिरावट दर्ज की गई। बेंचमार्क सेंसेक्स में केंद्रीय बजट के बाद सबसे तेज गिरावट आई। इसकी वजह ईरान से जुड़ी लड़ाई में कमी नहीं आने के संकेत रहे। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के इस दावे के बावजूद कि युद्ध समाप्त होने के करीब है, तेल की कीमतें ऊंची बनी रहीं। सेंसेक्स 1,342 अंक यानी 1.7 फीसदी गिरकर 76,864 पर बंद हुआ। यह 1 फरवरी के बाद उसकी सबसे बड़ी गिरावट है। निफ्टी 395 अंक यानी 1.6 फीसदी गिरकर 23,867 पर टिका जो 9 मार्च के बाद उसमें सबसे तीखी गिरावट है।

जंग शुरू होने के बाद से सेंसेक्स में 5.4 फीसदी की गिरावट आई है जबकि निफ्टी 5.2 फीसदी टूटा है। अपने-अपने सर्वकालिक उच्चतम बंद स्तर से सेंसेक्स अब 10.5 फीसदी नीचे गिरकर गिरावट वाले जोन में पहुंच चुका है जबकि निफ्टी में गिरावट 9.3 फीसदी है। हाल के उच्चतम स्तर से 10 फीसदी की कमी को आमतौर पर गिरावट वाला जोन कहा जाता है, जो एक तकनीकी संकेतक है और जिसका इस्तेमाल बाजार के कारोबारी कमजोरी के दौर का संकेत देने के लिए करते हैं।

एक ही सत्र में शेयरों की भारी बिकवाली से निवेशकों की 5.14 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति डूब गई। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण घटकर 442 लाख करोड़ रुपये (4.81 ट्रिलियन डॉलर) रह गया। युद्ध शुरू होने के बाद से बाजार पूंजीकरण में 21.6 लाख करोड़ रुपये की गिरावट आ चुकी है। इस सप्ताह ट्रंप के इस दावे के बावजूद कि ईरान में सैन्य अभियान उनके पहले के चार से पांच सप्ताह के अनुमान से कहीं अधिक तेजी से खत्म होने जा रहा है और वह तेहरान के साथ बातचीत के लिए तैयार हो सकते हैं, जमीनी स्तर पर तनाव कम होने के कोई स्पष्ट संकेत नहीं मिले हैं। न ही इस बात के कोई संकेत मिले हैं कि होर्मुज स्ट्रेट से होकर गुजरने वाला जहाजी यातायात फिर से सामान्य हो गया है। इस रास्ते से वैश्विक तेल आपूर्ति का लगभग 5वां हिस्सा गुजरता है।

बुधवार को आई खबरों के मुताबिक अमेरिकी-इजरायली सेनाओं के जोरदार हमलों के बावजूद ईरान ने इजरायल और पश्चिम एशिया के अन्य ठिकानों पर मिसाइलें दागी हैं। तेल की कीमतें ऊंची बनी रहीं और ब्रेंट क्रूड 90.7 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। ऐसी खबरें भी आईं कि अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी 40 करोड़ बैरल तक का आपातकालीन भंडार जारी कर सकती है। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से भारत में महंगाई का खतरा बढ़ जाता है और देश की आयातित तेल पर भारी निर्भरता को देखते हुए जीडीपी वृद्धि पर भी असर पड़ता है।

इलारा कैपिटल की उप अनुसंधान प्रमुख और अर्थशास्त्री गरिमा कपूर ने कहा, पश्चिम एशियाई संघर्ष कम होने के संकेत नहीं दिख रहे हैं, जिससे एशिया का ऊर्जा संकट और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान बढ़ रहा है। मार्च के मध्य के बाद भी होर्मुज स्ट्रेट में लंबे समय तक बाधा, प्रभावित उत्पादक कंपनियों से ऊर्जा आपूर्ति सामान्य होने में देरी और लगातार बनी अनिश्चितता भारत के बाह्य क्षेत्र पर दबाव डाल सकती है। इसका असर घरेलू अर्थव्यवस्था और राजकोष पर भी पड़ सकता है।

बाजार के उतार-चढ़ाव का सूचकांक इंडिया वीआईएक्स 11.4 फीसदी बढ़कर 21.06 पर पहुंच गया जिससे निवेशकों की घबराहट स्पष्ट रूप से दिखाई दी। बाजार की स्थिति कमजोर बनी रही और बीएसई पर 2,423 शेयरों में गिरावट जबकि 1,850 शेयरों में बढ़त दर्ज की गई। सेंसेक्स के तीन शेयरों को छोड़कर बाकी सभी शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। एचडीएफसी बैंक 1.8 फीसदी गिरा और उसने सूचकांक पर सबसे ज्यादा दबाव डाला।

रेलिगेयर ब्रोकिंग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (रिसर्च) अजित मिश्र ने कहा, निफ्टी एक बार फिर अपने पिछले निचले स्तर 23,700 की ओर बढ़ रहा है। इस स्तर से नीचे जाने पर गिरावट का अगला दौर शुरू हो सकता है, जो 23,500 और उसके बाद 23,200 तक जा सकता है। ऊपर की ओर 24,100-24,300 के दायरे में किसी भी रिकवरी को मजबूत प्रतिरोध का सामना करना पड़ सकता है।

जन्मदिन पर पौध रोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

समाज जागरण रंजीत तिवारी

वाराणसी।। पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प के साथ बुधवार को शिखा और विश्वजीत ने जन्मदिन के अवसर पर फलदार पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर दीप शिखा श्रीवास्तव एवं विश्वजीत सिंह के जन्मदिन

को यादगार बनाते हुए अमरूद एवं अनार के पौधे लगाए गए।

कार्यक्रम के दौरान पौधों के संरक्षण, नियमित सिंचाई एवं देखभाल का संकल्प भी लिया गया। उपस्थित लोगों ने कहा कि जन्मदिन जैसे विशेष अवसरों पर पौधारोपण करना प्रकृति को सबसे सुंदर उपहार है और इससे पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान मिलता है।इस अवसर पर सभी से अपील की गई कि वे भी अपने जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ या अन्य शुभ अवसरों पर पौधारोपण कर समाज को हरित बनाने में भागीदारी निभाएं।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वच्छ और हरा-भरा भविष्य सुनिश्चित करना है।वही इनके जन्म दिन पर राहुल सिंह पटेल सहित अन्य साथियों ने भी उपहार में पौध दे करने पर्यावरण संरक्षण में सहयोग किया।

पिसौर फीडर से सात घण्टे विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी। आज 12मार्च को तरना से निर्गत पिसौर फीडर पर जर्जर तार को बदलने हेतु सुबह 10 बजे से शाम 5:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। पिसौर फीडर के अंतर्गत आने वाले ग्राम जिसमें अहिरान, चमाव, सभईपुर, घमहापुर ,छतरीपुर, चुप्पेपुर , हटिया, घोड़हा, चमाव पश्चिमपुर की आपूर्ति बंद रहेगी।

सम्मानित उपभोक्ताओं से अनुरोध है की सुबह में ही अपने पानी सहित अन्य आवश्यक कार्य निपटाकर सहयोग करने का कष्ट करेंगे।

उक्त आशय की जानकारी एसडीओ श्रीपत तिवारी व दीपू प्रजापति ने दी है।

बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न

बाल विवाह व बाल श्रम मुक्त गांव बनाने का संकल्प

समाज जागरण ओंकार नाथ चौधरी

जनपद श्रावस्ती विकास खण्ड जमुनहा ग्राम पंचायत फतेहपुर बंगई, ब्लॉक जमुनहा, जनपद श्रावस्ती में ग्राम स्तरीय बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की एक प्रभावशाली बैठक देहात इंडिया संस्था के सहयोग से आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान के द्वारा किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि एवं समिति सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रीता शर्मा, आशा कार्यकर्ता वीना तिवारी

पुलिस विभाग से दिलीप कुमार यादव तथा विजय कुमार लाल प्रधानाध्यापक मुन्ना यादव व गांव के लोग तथा देहात इंडिया संस्था के प्रतिनिधि सारजन वर्मा और सरोज पटेल सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

बैठक के दौरान बाल अधिकारों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए बाल विवाह उन्मूलन, बाल श्रम पर रोक, विद्यालय छोड़ चुके बच्चों की पहचान कर उनका पुनः नामांकन, किशोरियों के स्वास्थ्य एवं पोषण में सुधार तथा सरकारी योजनाओं से वंचित बच्चों को लाभ दिलाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। पुलिस एवं शिक्षा विभाग के प्रतिनिधियों ने बच्चों की सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाने और सतर्कता बरतने पर जोर दिया।

देहात इंडिया संस्था के प्रतिनिधियों ने बच्चों के हित में संचालित कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए ग्राम स्तर पर सामूहिक प्रयासों से बाल संरक्षण व्यवस्था को और मजबूत बनाने का आह्वान किया। बैठक में सभी सदस्यों ने एक स्वर में संकल्प लिया कि ग्राम पंचायत को बाल विवाह मुक्त, बाल श्रम मुक्त एवं सुरक्षित वातावरण वाला आदर्श ग्राम बनाने हेतु निरंतर प्रयास किए जाएंगे। बैठक का समापन धन्यवाद ज्ञापन एवं सकारात्मक चर्चा के साथ हुआ, जिसमें ग्राम के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए मिलकर कार्य करने की प्रतिबद्धता दोहराई गई।

बाल संसद बैठक का आयोजन किया गया

समाज जागरण ओंकार नाथ चौधरी

जनपद बलरामपुर देहात इंडिया के तत्वाधान मे ब्लॉक बलरामपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत ज्यौनार में कंपोजिट विद्यालय में बाल संसद बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे बच्चों से जुड़े मुद्दों बाल विवाह, बालश्रम, बाल अधिकार, सरकारी योजनाओं आदि विषय पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।

देहात संस्था के हेड प्रोग्राम एसोसिएट विशाल उनियाल जी ने बताया कि हमें ऐसे बालहित समाज का निर्माण करना है। जिसमे बच्चों के अधिकार सुनिश्चित हो पाए। और बच्चा जिम्मेदार नागरिक बने।

बाल संसद प्रधानमंत्री मुस्कान ने बताया कि हमारे समाज में बच्चों को नहीं पढ़ाया जाता है। जिससे हम सभी का जीवन दुर्लभ हो जाता हैं। इसलिए हम सभी को आज यह शपथ लेना है कि हम सभी को शिक्षा के प्रति जागरूक होना है। और सभी को पढ़ने का अधिकार है।

आज के कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक संतोष कुमार त्रिपाठी ,सहायक अध्यापिका शशि चौधरी, बाल संसद मंत्री मुस्कान, सौम्या, साधना, संजू, सलोनी, शालू, सुंदरम, गगन, सतीश, विवेक, रुद्र ,मानसी ,देहात संस्था से विशाल उनियाल रसोईया आदि उपस्थित रहे।

चिरहुला मंदिर में अन्य बड़े मंदिरों की तरह पृथक से बन रहा है अन्न क्षेत्र

चिरहुला मंदिर परिसर के विस्तारीकरण कार्य का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

समाज जागरण

रीवा। चिरहुलानाथ मंदिर में अन्य बड़े मंदिरों की तरह ही अलग से अन्न क्षेत्र का निर्माण कराया जा रहा है। इसके साथ ही मुख्य सड़क से मंदिर तक कॉरिडोर का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है। इन सभी कार्यों के पूर्ण हो जाने पर चिरहुला मंदिर एवं परिसर और भी आकर्षक व भव्य हो जायेगा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने चिरहुला मंदिर परिसर के विस्ता रीकरण कार्य का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

चिरहुलानाथ मुख्य मंदिर के बगल में एक करोड़ 10 लाख रुपए की लागत से प्रवचन हाल के साथ ही पुजारियों के आवास बनाए जा रहे हैं। कलेक्टर ने स्थल निरीक्षण कर निर्माण एजेंसी को आगामी 6 माह में कार्य को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने मंदिर तक 58 मीटर लंबाई के कॉरिडोर निर्माण कार्य के बारे में जानकारी प्राप्त की। निर्माण एजेंसी के अधिकारियों ने बताया कि चिरहुला तालाब से लगे क्षेत्र में रिटनिंग बाल बनाकर कॉरिडोर बनाया जाएगा। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि कॉरिडोर में हरियाली तथा अन्य आकर्षक सजावट कर इसे खूबसूरत बनाएं।

चिरहुला मंदिर परिसर में नवनिर्मित दुकानों के ऊपर एक करोड़ की लागत से दो हाल बनाए जा रहे हैं जो अन्न क्षेत्र के उपयोग में आएंगे। कलेक्टर ने कहा कि मंदिर से हटकर अन्न क्षेत्र के बन जाने से मंदिर परिसर स्वच्छ रहेगा तथा श्रद्धालुओं को भी सुविधायुक्त अन्न क्षेत्र उपलब्ध हो सकेगा। कलेक्टर ने निर्माण एजेंसी को व्यवस्थित ढंग से अन्न क्षेत्र निर्माण के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निमार्णाधीन पार्किंग स्थल एवं चिरहुला मंदिर तक प्रस्तावित सड़क का अवलोकन किया तथा निर्देश दिए कि पूर्व से निर्मित इस सड़क का अतिक्रमण हटाकर इसे चौड़ा मार्ग बनाएं जिससे चिरहुला मंदिर तक के लिए एक अन्य मार्ग की भी उपल ब्धता हो सके। उन्होंने कहा कि चिरहुला मंदिर के संपूर्ण परिसर को आकर्षक और भव्य एवं सुविधा जनक बनाने के लिए सभी प्रस्तावित निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ निश्चित समय सीमा में पूर्ण करा लिए जाएं। इस दौरान कलेक्टर ने चिरहुला मंदिर में दर्शन किए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम हुजूर डॉ. अनुराग तिवारी, सहायक यंत्री हाउसिंग बोर्ड हिमांशु वर्मा सहित नगर निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।

युद्ध क्षेत्र मे धर्म का हो पालन: आरुष जी महाराज

समाज जागरण

शहडोल। कुरुक्षेत्र को धर्मक्षेत्र कहाँ गया, लेकिन अब धर्मक्षेत्र मे कुरुक्षेत्र का भाव दिखाई देने लगा है, इसीलिए धर्म कार्य मे व्यवधान उत्पन्न होने लगे है, कहने का अर्थ है कि युद्ध के क्षेत्र मे धर्म क्षेत्र का पालन करना चाहिए। उक्त बात खैरहा मे चल रहे साप्ताहिक श्रीमद भागवत कथा के दौरान कथा व्यास डॉ. आरुष जी महाराज ने कहा, उन्होंने कहा का जीवन मे गुरु का होना अत्यंत अनिवार्य है, क्यों कि गुरु मनुष्य को

सदमार्ग से भटकने नहीं देते और प्राणी जीवन पर्यंत धर्म मार्ग मे चलकर सदगति को प्राप्त हो जाता है। बता दे कि उक्त आयोजन का शुभारम्भ 9 मार्च से भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया। जिसका समापन 17 मार्च को विशाल भण्डारे के साथ किया जायेगा। कथा के दौरान गीता विचारक श्रीकान्त शर्मा गीतानुरागी मौजूद रहे।

कानपुर में कुकिंग गैस के लिए लाइन में भीड़, काला बाजारी के खिलाफ डीएम की चेतावनी

समाज जागरण सुनील बाजपेई

कानपुर। मध्य-पूर्व के देशों में जारी युद्ध के फलस्वरूप कुकिंग गैस की आउटपुट प्रभावित होने से लोग परेशान हैं। यहां बुधवार सुबह गैस एजेंसियों और गोदामों के बाहर सिलेंडर लेने वालों की भीड़ लंबी कतारों में दिखाई पड़ी।

लोगों का कहना है कि पहले जहां गैस एजेंसियों पर रोजाना दो गाड़ियां सिलेंडर लेकर आती थीं, वहीं अब दो दिन में मुश्किल से एक गाड़ी पहुंच रही है। जानकारी के मुताबिक यही कारण है कि सप्लाई घटने के कारण एजेंसियों पर सिलेंडर जल्दी खत्म हो जा रहे हैं। कई उपभोक्ता सुबह से लाइन में लगने के बाद भी खाली हाथ लौटने को मजबूर हैं।

यहां कहीं बुकिंग के बाद भी सिलेंडर नहीं मिल रहा तो किसी एजेंसी का सर्वर न आने की वजह से बंटने का काम रुका हुआ है। इसके अलावा एजेंसियों में जहां रोज दो गाड़ी आती थी। वहीं, इस समय दो दिन में महज एक गाड़ी पहुंच रही है। सप्लाई घट गई है। यही हालत हसील बिल्हौर के भी हैं। यहां स्थित एचपी गैस एजेंसी बुधवार सुबह से अब तक बंद पड़ी है। एजेंसी का ताला नहीं खुला और किसी भी कर्मचारी का फोन भी नहीं लग रहा है। एजेंसी के बाहर उपभोक्ता भी नजर नहीं आए, जो भी ग्राहक सिलेंडर लेने पहुंच रहे हैं, ताला बंद देखकर वापस लौट जा रहे हैं। मौके पर मिले कस्बा निवासी संजय त्रिपाठी ने बताया कि वह बुधवार को एजेंसी आए थे, तब कर्मचारियों ने गुरुवार को सिलेंडर देने की बात कही थी।

उन्होंने बताया कि वह गोदाम भी गए थे, जहां कर्मचारियों ने लोड आने के बाद सिलेंडर देने की बात कही है। फिलहाल समस्या के खिलाफ हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है। वहीं दूसरी ओर यहां के जिला धिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने चेतावनी दी है कि कालाबाजारी बर्दाश्त नहीं होगी। मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

खरगोन जिले में कुएं में गिरे दो बच्चों को बचाने मां गोद में लिए एक बच्चे के साथ अंदर कूंदी, दो बच्चों की लाश मिली

समाज जागरण

खरगोन। खरगोन जिले के सनावद क्षेत्र के भोमवाड़ा में बुधवार को दो बच्चों के कुएं में संदिग्ध अवस्था में शव मिले हैं। तीसरे बच्चे व मां को ढूंढा जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार सुबह कुएं दो बच्चों के शव दिखाई दिए। इसके बाद खोजबीन की गई। तीसरा बच्चा और उसकी मां के शव नहीं मिले हैं। बताया जा रहा है कि दो बच्चे कुएं में जा गिरे, उनको बचाने मां अपने बच्चे के साथ कूद गई। इसमें मां व उसके बच्चे का शव नहीं मिल पाया है, उनकी तलाश जारी है।

रामनवमी पर्व को भव्यता देने के लिए जेबीएस ने बनाई रणनीति

* वरिष्ठ उपाध्यक्ष बने विष्णु अग्रहरि व उपाध्यक्ष शुभम

विजय शंकर पाण्डेय जिला संवाददाता/समाज जागरण

सोनभद्र तहसील मुख्यालय के प्राचीन महावीर मंदिर परिसर में मंगलवार को जय बजरंग अखाड़ा समिति के केंद्रीय कमेटी बैठक अध्यक्ष पंकज जायसवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए मुख्य संरक्षक रामलोचन तिवारी व कन्हैया लाल अग्रहरि ने आगामी चैत्र रामनवमी पर्व को भव्य व सकुशल रूप से संपन्न कराने के लिए बिंदुवार रूपरेखा तैयार कर कमेटी के रिक्त पद पर विष्णु अग्रहरि को वरिष्ठ उपाध्यक्ष व शुभम जायसवाल को उपाध्यक्ष पद पर एवं गुरुद्वारा कमेटी के संचालक अजीत सिंह

को संरक्षक की जिम्मेदारी सर्वसम्मति से दिया। वही सुरेन्द्र गुप्ता एवं धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने ग्रामीण अंचल से मुख्य समारोह में प्रतिभाग करने वाले अखाड़ों की संख्या बढ़ाने पर बल दिया। इसके पूर्व कमेटी के अध्यक्ष के साथ महामंत्री दीपक शाह ने बीते साल के आय व्यय का ब्यौरा देते हुए आगामी पर्व को भव्यता प्रदान करने के लिए सभी से सहयोग की अपेक्षा की। इस मौके पर संरक्षक के रूप में नगर चेयरमैन कमलेश मोहन, पंकज कुमार उर्फ बुल्लू, पवन सिंह,आलोक अग्रहरि, डा केके चौरसिया,विनय किशोर सिंह,रामपाल जौहरी,पीयूष अग्रहरि,कृपाशंकर आदि लोग उपस्थित थे।

" गौ हत्या बंद हो " का नित्य आह्वान करने वाले शंकराचार्य जी के साथ_ गिरीश पाण्डेय

विजय शंकर पाण्डेय जिला संवाददाता/समाज जागरण

सोनभद्र उत्तर प्रदेश में गौहत्या बन्द कराने के साथ साथ गाय को राज्य माता का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी द्वारा लखनऊ में आहूत गौ-प्रतिष्ठा धर्मयुद्ध का समर्थन करते हुए किसान नेता गिरीश पाण्डेय ने कहा रोज नित्य नियम से पूजा के बाद गौहत्या बन्द हो का जयकारा लगाने वाले सभी सनातनी पूज्य शंकराचार्य जी के गौरक्षा अभियान के साथ है।

महीनों से चल रही गाय पर चर्चा अब आंदोलन का रुप लेती जा रही है। बुधवार से लखनऊ में गौ-प्रतिष्ठा धर्म युद्ध का आह्वान करते हुए पूज्य शंकराचार्य जी ने उत्तर प्रदेश और देश के सनातनियों से अपना अपना पक्ष सार्वजनिक करने की अपील भी किया ।

पूज्य शंकराचार्य जी के आह्वान के बाद गौरक्षा के इस अभियान को समर्थन देते हुए पूर्वांचल नव निर्माण मंच के नेता गिरीश पाण्डेय ने अपने पैतृक गांव बिसरेखी मे गौवंश की पूजा-अर्चना करते हुए कहा कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी की मांग यदि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी स्वीकार करते हुए प्रदेश में गौहत्या बन्द कराकर गौ माता को राज्य माता का दर्जा देते हैं ?तो पूर्वांचल नव निर्माण मंच और पूर्वांचल नव निर्माण किसान मंच आगामी चुनावों में योगी आदित्यनाथ जी के साथ रहेगा। गिरीश पाण्डेय ने कहा कि गौ सुरक्षा सुनिश्चित होने से प्रदेश में उन्नति और खुशहाली का संचार खुद-ब-खुद होने लगेगा। गायों की सुरक्षा, सेवा से लोगों के स्वस्थ खर्चों पर भी अंकुश लगेगा, दूध, दही, घी, मक्खन मलाई जैसे बलवर्धक खाद्य पदार्थ देने वाली गायों की सुरक्षा की मांग पूज्य शंकराचार्य जी की जनकल्याणकारी मांग तो है ही हमारे सनातन धर्म की सुरक्षा भी है। गिरीश पाण्डेय ने गौहत्या पर मृत्युदंड जैसा कानून लाकर यदि सुरक्षा देनी पड़े तो भी गायों को सुरक्षा, संरक्षण दिया जाना चाहिए। इस मौके पर बिसरेखी गांव के पूर्व प्रधान महेन्द्र यादव भी उपस्थित थे

नाबालिक लड़की को भगाने के आरोप में युवक को भेजा जेल।

विजय शंकर पाण्डेय जिला संवाददाता/समाज जागरण

सोनभद्र बभनी थाना क्षेत्र में एक गांव की नाबालिक लड़की को बहका कर फुसलाकर भागने के आरोप में बभनी पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।और बभनी पुलिस ने लड़की बरामद कर लिया लेकिन परिजनों का आरोप है कि बभनी पुलिस उनकी लड़की से नहीं मिलने दी और लड़के वाले जबरदस्ती मंदिर में शादी कर ली ।यह घटना फरवरी महीने के 4 तारीख को बताई जा रही है।की बभनी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव की लड़की को गांव के ही लड़का बहला फुसलाकर भगा ले गया इसमें गांव के ही एक पड़ोसी ने साथ दिया।पिता ने इसकी शिकायत 8 फरवरी को बभनी थाना में लिखित

तौर पर दी थी ।जिस पर बभनी पुलिस ने 8 फरवरी को अपहरण का मुकदमा पंजीकृत कर लिया।एक हफ्ते बीत जाने के बाद लड़की का पिता पुलिस अधीक्षक सोनभद्र से भी शिकायत की ।जिस पर लड़की को सकुशल बरामद करने का आश्वासन दिया गया ।बभनी पुलिस ने मंगलवार को लड़की को बरामद कर लिया ।लड़की के पिता ने बताया कि मेरी लड़की कक्षा 10 में पढ़ती है और पुलिस जब लड़की को बरामद की तो परिजनों को लड़की से मिलने नहीं दिया और लड़के के माता पिता भाई सब मिलकर दबाव बनाकर मंदिर में मेरी लड़कीबकी शादी करा दी ।इस कारण मेरी लड़की कक्षा 10 की परीक्षा नहीं दे सकी ।लड़की के पिता ने न्याय की गुहार लगाई है।बभनी पुलिस ने लड़की को बहका फुसलाकर भगाने के आरोप में पवन कुमार पुत्र शिव कुमार निवासी घघरी के विरुद्ध धारा 137(2) के तहत गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया।इस बाबत प्रभारी निरीक्षक बभनी दिन्नु प्रसाद यादव ने बताया कि इस मामले में लड़की को मेडिकल के लिए भेजा गया है और मेडिकल रिपोर्ट आने पर सुसंगत धारा बढ़ा कर करवाई की जाएगी।

थाना रायपुर पुलिस द्वारा 04 किग्रा अवैध गांजा के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार-

विजय शंकर पाण्डेय जिला संवाददाता/समाज जागरण

खलियारी सोनभद्र पुलिस अधीक्षक सोनभद्र श्री अभिषेक वर्मा के निर्देशन में मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) श्री अनिल कुमार के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी सदर श्री राज सोनकर के निर्देशन में थाना रायपुर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए 01 अभियुक्त को 04 अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया।

दिनांक 11.03.2026 को उ0नि0 नरेन्द्र प्रसाद सिंह मय पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण/चेकिंग के दौरान खलियारी बाजार में मौजूद था। इसी दौरान मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति दरमा पहाड़ी मोड़ तिराहे के पास प्लास्टिक की बोरी में गांजा लिए खड़ा है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया गया।

नियमानुसार तलाशी लेने पर उसके पास मौजूद प्लास्टिक की बोरी से 04 किलोग्राम अवैध गांजा, ₹4,100/- नगद तथा 01 मोबाइल फोन बरामद हुआ। इस संबंध में थाना रायपुर पर मु0अ0सं0 34/ 2026 पंजीकृत कर

धारा 8/20 NDPS Act के तहत अभियोग दर्ज कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण–

01. खुर्शीद पुत्र मोहम्मद अली, निवासी-खुटहनिया थाना करमा, जनपद सोनभद्र उम्र 35 वर्ष। बरामदगी का विवरण- 01. 04 किग्रा अवैध गांजा 02. ₹4,100/- नगद 03. 01 अदद मोबाइल फोन गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम- 01. उ0नि0 नरेन्द्र प्रसाद सिंह, थाना रायपुर जनपद सोनभद्र 02. का0 अखिलेश कुमार, थाना रायपुर जनपद सोनभद्र 03. का0 मुकेश कुमार, थाना रायपुर जनपद सोनभद्र

13 मार्च को होगा अवई गांव के अवशेष वादों की सुनवाई

समाज जागरण ब्यूरो

गुरमा/ सोनभद्र। रावट्र्सगंज तहसील के ग्राम-अवई,परगना- अगोरी,जिला-सोनभद्र के अवशेष वादों की सुनवाई चकबंदी अधिकारी राबट्र्सगंज के द्वारा दिनांक 13 मार्च 2026 शुक्रवार को ग्राम स्थित प्राथमिक विद्यालय पर जाएगी। इस आशय की जानकारी देते हुए चकबंदी अधिकारी रावट्र्सगंज ने चकबंदी समिति के अध्यक्ष, सदस्यों एवं किसान बंधुओ से निर्धारित तिथि को समयानुसार उपस्थित होकर अपने-अपने वादों की सुनवाई करना सुनिश्चित कराने की अपील की है।

एससी/एसटी एक्टः तीन दोषियों को उम्रकैद की सजा

* 60- 60 हजार रुपए अर्थदंड, न देने पर 6- 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी

* अर्थदंड की धनराशि में से 90 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी

- साढ़े 11 साल पूर्व पति के घायल होने की झूठी सूचना देकर दलित महिला को साथ ले जाकर विद्यालय में किए गए सामुहिक दुष्कर्म का मामला

विजय शंकर पाण्डेय जिला संवाददाता/समाज जागरण

सोनभद्र साढ़े 11 साल पूर्व पति के घायल होने की झूठी सूचना देकर दलित महिला को साथ ले जाकर विद्यालय में सामुहिक दुष्कर्म किए जाने के मामले में विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट सोनभद्र आबिद शमीम की अदालत ने बुधवार को सुनवाई करते हुए तीन दोषियों को एससी/एसटी एक्ट में दोषसिद्ध पाकर उम्रकैद की सजा सुनाई। उनके ऊपर 60-60 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया गया है। अर्थदंड न देने पर 6-6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित की जाएगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 90 हजार रुपये पीड़िता को मिलेगी।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक करमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दलित महिला (पीड़िता) ने एसीजेएम कोर्ट में धारा 156(3) सीआरपीसी के तहत दिए प्रार्थना पत्र में अवगत

कराया था कि वह अनुसूचित जाति की महिला है। विपक्षीगण नंदलाल, कांग्रेस व एक अन्य व्यक्ति के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर विधि अनुरूप विवेचना कराए जाने की मांग की थी। अवगत कराया था कि उसके पति शाहगंज थाना क्षेत्र के राजपुर गांव निवासी नंदलाल व कांग्रेस के साथ एक माह पूर्व काम के सिलसिले में गए थे। घटना 22 जुलाई 2014 की है। उसके घर पर नंदलाल, कांग्रेस व एक अन्य व्यक्ति मैजिक गाड़ी से आए और कहा कि उसके पति दुर्घटना में घायल हो गए हैं उन्हें करमा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कुछ पैसे का प्रबंध करके साथ चलने को कहा तो उनकी बातों पर विश्वास करके घर में रखा 8 हजार रुपये लेकर चल दी। वे लोग उसे लेकर एक विद्यालय में चले गए। जब उसने कहा कि यहां क्यों लाए हो तो जाति सूचक शब्दों से गाली देने लगे और अकेला पाकर जबरन बारी बारी से तीनों ने उसके साथ सामुहिक दुष्कर्म किया। कहीं शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर वहीं अकेले छोड़कर चले गए। इसकी सूचना तत्काल करमा थाने में दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। तब एसपी सोनभद्र को रजिस्टर्ड डाक से शिकायती पत्र भेजा, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। कोर्ट के आदेश पर तीनों के विरूद्ध 5 सितंबर 2014 को दुष्कर्म, लूट, एससी/एसटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज किया गया। सीओ द्वारा मामले की विवेचना की गई और पर्याप्त सबूत मिलने पर नंदलाल, कांग्रेस व विनय सिंह के विरुद्ध कोर्ट में विवेचक ने चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, 6 गवाहों के बयान तथा पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर तीन दोषियों नंदलाल, कांग्रेस तथा विनय सिंह को उम्रकैद की सजा सुनाई। इनके ऊपर 60-60 हजार रुपए अर्थदंड लगाया गया है। अर्थदंड न देने पर तीनों को 6-6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित होगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 90 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील सी शशांक शेखर कात्यायन ने बहस की।

बेलदौर में तीन दिवसीय रामधुनी यज्ञ का शुभारंभ,भक्ति में डूबा पूरा नगर

**समाज जागरण
सुमलेश कुमार/बेलदौर।**

नगर पंचायत बेलदौर के वार्ड नंबर-2 शेर वासा में तीन दिवसीय रामधुनी यज्ञ का भव्य शुभारंभ हो गया है। यज्ञ को लेकर पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल बना हुआ है। आसपास के गांवों से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु रामधुनी सुनने और यज्ञ में शामिल होने के लिए पहुंच रहे हैं। बुधवार को शेर वासा स्थित यज्ञ स्थल से 251 कन्याओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। सभी कन्याएं कलश लेकर बाबा फुलेश्वर नाथ मंदिर पहुंचीं, जहां पंडितों के मंत्रोच्चारण के बीच मंदिर प्रांगण में कलश में जल भरा गया। इसके बाद कलश यात्रियों ने पूरे नगर पंचायत क्षेत्र का भ्रमण करते हुए राम नाम का जप और जय श्री राम के जयकारे लगाए। ढोल-नगाड़ों और बाजे की धुन पर भक्तिमय वातावरण के बीच कलश यात्रा यज्ञ स्थल पर

पहुंची। कलश यात्रा के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं ने यात्रियों का स्वागत किया और शरबत पिलाकर सेवा की। यज्ञ स्थल पर पहुंचने के बाद सभी भक्तों को खीर के रूप में प्रसाद वितरित किया गया।

देर शाम 2:28 बजे पीरनगर मुखिया प्रतिनिधि ब्रजेश कुमार तथा नगर पंचायत के प्रतिनिधियों ने फीता काटकर रामधुनी यज्ञ का विधिवत शुभारंभ किया। मौके पर अशोक हितैषी, भावेश यादव, राजू यादव, रामानंद यादव, केवल शाह, संतोष शाह, उदय शाह, नवीन कुमार, धीरज यादव, पप्पू यादव, सुमित कुमार, प्रहलाद कुमार, नीतू कुमारी, ममता कुमारी, विपिन यादव, बृजेश कुमार, सूरज कुमार, प्रिंस कुमार, उदय कुमार, धीरज कुमार, हिमांशु निर्मल, केदार साह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। यज्ञ आयोजकों ने बताया कि इस आयो जन में दूर-दूर से महिला मंडली और पुरुष मंडली भाग लेने पहुंच रही हैं। नेपाल के साथ-साथ मालपा, निरपुर, गवास, पटेरवा और बेगूसराय से भी मंडलियां रामधुन प्रस्तुत करने आएंगी। इस अवसर पर शिक्षक नेता बृजेश कुमार ने कहा कि नगर पंचायत बेलदौर के शेर वासा वार्ड नंबर-2 में 48 घंटे तक रामधुन यज्ञ का भव्य आयोजन किया गया है, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया है। उन्होंने कहा कि यज्ञ से क्षेत्र में सुख-शांति और समृद्धि आती है तथा हर व्यक्ति को ऐसे धार्मिक आयोजनों में भाग लेना चाहिए। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि यज्ञ को शांतिपूर्ण और सफल बनाने के लिए सभी को एकजुट होकर सहयोग करना चाहिए, ताकि यह आयोजन सौहा र्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके।

सीएम की समृद्धि यात्रा और जनसभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए जदयू की बैठक,कार्यकताओं से अधिक संख्या में भागीदारी की अपील

समाज जागरण सुमलेश कुमार/ खगड़िया:

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रस्तावित समृद्धि यात्रा और जनसभा को ऐतिहासिक सफलता दिलाने के उद्देश्य से बुधवार को शहर से सटे चन्द्रनगर रांको स्थित नये जदयू कार्यालय के कपूर्री सभागार में जनता दल (यूनाइटेड) की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जदयू जिला अध्यक्ष अनुराधा कुमारी कुशवाहा ने की, जबकि मंच का संचालन जदयू जिला प्रवक्ता आचार्य राकेश पासवान शास्त्री ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अनुराधा कुमारी कुशवाहा ने कहा कि 13 मार्च को समृद्धि यात्रा कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का खगड़िया आगमन होने जा रहा है। इस अवसर पर उनका भव्य स्वागत-सम्मान किया जाएगा तथा संसारपुर मैदान में आयोजित जनसभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए अधिक से अधिक लोगों के साथ भाग लेने की अपील उन्होंने सभी कार्यकताओं से की। बेलदौर विधायक पन्ना लाल सिंह पटेल ने कार्यकताओं को संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए आपसी समन्वय और सौहार्द के साथ मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाने का

आह्वान किया। वहीं सदर विधायक बबलू कुमार मंडल ने कहा कि खगड़िया सहित पूरे बिहार के विकास, सामाजिक समरसता और प्रगति की दिशा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा मील का पत्थर साबित होगी। जदयू प्रदेश सचिव सुमित सिंह महतो ने कहा कि समृद्धि यात्रा जनकल्याण की दिशा में एक नए युग का शुभारंभ है और खगड़िया की धरती पर मुख्यमंत्री का भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत किया जाएगा। बैठक को जदयू के निर्वतमान कार्यकारी जिला अध्यक्ष राजकुमार फोगला, जदयू नेता अरुण कुमार यादव, चंदन कश्यप, पंकज कुमार पटेल, अजय मंडल, धर्मेंद्र महतो और अनिल जायसवाल ने भी संबोधित किया और समृद्धि यात्रा तथा जनसभा को सफल बनाने पर जोर दिया। मंच संचालन करते हुए जदयू जिला प्रवक्ता आचार्य राकेश पासवान शास्त्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा केवल एक प्रशासनिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनकल्याण के विराट संकल्प का पावन समागम है। उनके नेतृत्व में यह यात्रा लोकमंगल और जनसेवा का एक दिव्य अभियान बनकर उभर रही है। इस अवसर पर जदयू के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें मदन मोहन मेहता, लोहा सिंह, महासचिव राजीव रंजन, युवा जदयू जिला अध्यक्ष सावन कुमार बंटी, ललित चौधरी, चंदेश्वरी राम, विनय सिंह रोशन, डॉ. रवि कुमार, सिद्धांत सिंह छोटू, सुबोध यादव, नंदलाल मंडल, डॉ. धीरेंद्र कुमार यादव, गणेश पटेल, गुरुदेव सिंह, सुमित कुमार, नीतीश सिंह पटेल, जयजयराम कुमार सहित प्रखंड एवं नगर परिषद के कई अध्यक्ष तथा सैकड़ों जदयू पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

विद्यालयों के विकास पर मंथन, ग्राम प्रधानों का सम्मान कर शिक्षा सुधार की अपील

समाज जागरण ब्यूरो

सोनभद्र/घोरावल। स्थानीय ब्लॉक संसाधन केंद्र परिसर में ग्राम प्रधानों और प्रधानाध्यापकों के उन्मुखीकरण के लिए संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन और पूजन से हुई। मुख्य अतिथि नीरज श्रीवास्तव तथा विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख दीपक पटेल सहित खंड विकास अधिकारी नितिन मौर्य, प्रधान संघ अध्यक्ष रिंकू सिंह, वीरेंद्र सिंह समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। स्वागत भाषण में खंड शिक्षा अधिकारी अरविंद पटेल ने कहा कि ग्राम प्रधान और प्रधानाध्यापक विद्यालय विकास के दो प्रमुख स्तंभ हैं और दोनों के बीच बेहतर समन्वय से स्कूल नई ऊंचाइयों तक पहुंच सकते हैं। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं।

मुख्य अतिथि नीरज श्रीवास्तव ने कहा कि क्षेत्र के युवा ग्राम प्रधानों ने अपने-अपने गांव के विद्यालयों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वहीं खंड विकास अधिकारी नितिन मौर्य ने प्रधानों से विद्यालयों के विकास के लिए अपनी निधि का कुछ हिस्सा खर्च करने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ब्लॉक प्रमुख दीपक पटेल ने कहा कि ऐसे आयोजन शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में प्रेरणा देते हैं। इस दौरान करीब 50 ग्राम प्रधानों को बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन दिनबंधु त्रिपाठी ने किया, जबकि आयोजन में मयंक दुबे, ओमप्रकाश, धनंजय द्विवेदी, अनिल प्रजापति, संजय मिश्रा, विनोद कुमार समेत कई शिक्षकों का सहयोग रहा। अंत में अशोक त्रिपाठी ने आभार व्यक्त किया।

राम सहारे चल रही है केकराही प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की हेल्थ एटीएम मशीन

समाज जागरण ब्यूरो

सोनभद्र/करमा। स्थानीय क्षेत्र स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र केकराही के हेल्थ एटीएम मशीन राम भरोसे चल रही है। हेल्थ एटीएम टेक्नीशियन आशुतोष मिश्रा बुधवार को अस्पताल नहीं आए थे पूछने पर बी पी एच यू सुशील कुमार यादव ने बताया कि वह हर दिन नहीं आते हैं सप्ताह में उनकी एक-दो दिन की ड्यूटी है इस संबंध में जब प्रभारी चिकित्सा अधिकारी गुरु प्रसाद के कक्ष में जाकर जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो कुर्सी खाली थी। फोन करने पर फोन उठा नहीं ।स्थानीय लोगों की मानें तो प्रभारी स्वास्थ अधिकारी गुरु प्रसाद आए दिन

अस्पताल से गायब रहते हैं। संविदा चिकित्सकों के सहारे अस्पताल चल रहा है। जानकारों की माने तो महीने में कभी काल प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ गुरु प्रसाद आते हैं, क्योंकि उनके उपर मुख्य चिकित्सधिकारी का वरदहस्त प्राप्त है जिसके चलते वे जिले पर ही रहते हैं ।संविदा चिकित्सकों के सहारे अस्पताल चल रहा है ।सुशील यादव एलटी संविदा कर्मी की माने तो लगभग 80 से 100 जांच महीने में हो जाती है। जब कि लाखों रुपए लागत से निर्मित स्थानीय लोगों ने इस संबंध में जिलाधिकारी का ध्यान इस ओर आकर्षित किया है ताकि नियमित हेल्थ एटीएम मशीन चल सके और प्रभारी चिकित्सा अधिकारी नियमित अपने कार्यालय में बैठ सके।

चोपन पुलिस को मिली बड़ी सफलता, महिला से संबंधित मुकदमे में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार

समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक चोपन के कुशल नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना चोपन पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। थाना चोपन पर पंजीकृत मु0अ0सं0 91/2026 धारा 64(2)F, 109(1), 152(2), 351(3) भारतीय न्याय संहिता (BNS) से संबंधित वांछित अभियुक्त गंगादयाल यादव पुत्र स्व० शिवपूजन निवासी ग्राम सड़की थाना अधौरा जनपद कैमूर (भभुआ) बिहार, हाल पता रामगढ़ थाना पन्नूगंज जनपद सोनभद्र, उम्र लगभग 56 वर्ष को दिनांक 10.03.2026 को समय

करीब *20:40 बजे मारकुंडी गुरमा मोड़ थाना चोपन जनपद सोनभद्र से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए उसे माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा गया है।

लखनऊ में 15 मार्च के कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर खैरटिया टोला में बसपा कार्यकताओं ने की बैठक

समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरि

सोनभद्र। जनपद के ग्राम पंचायत बिल्ली मारकुंडी के टोला खैरटिया में बहुजन समाज पार्टी की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी 15 मार्च को लखनऊ में होने वाले कार्यक्रम को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि 15 मार्च को लखनऊ में होने वाला कार्यक्रम बहुजन समाज पार्टी के लिए काफी महत्वपूर्ण है। इसी को लेकर कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों से संपर्क कर रहे हैं और संगठन को मजबूत करने के लिए लगातार बैठकें की जा रही हैं। इस बैठक के मुख्य अतिथि ओबरा विधानसभा प्रभारी जितेंद्र कुमार भारती रहे। उन्होंने कार्यकताओं से कहा कि सभी लोग एकजुट होकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं और आगामी 2027 के चुनाव को ध्यान में रखते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करें। साथ ही उन्होंने कार्यकताओं से अपील की कि 15 मार्च को लखनऊ में होने वाले

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में शामिल हों। बैठक में मौजूद पदा धिकारियों और कार्यकताओं ने संगठन को मजबूत करने और पार्टी के कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया। मुख्य रूप से ओबरा नगर महासचिव चंद्रकांत राव, सूर्यबली गौतम, डब्लू रंगीला, अंकुश राव, दिनेश कुमार, राजेंद्र भारती, सेक्टर अध्यक्ष राहुल बाबू, एडवो केट लालचंद, कमलेश कुमार, कमलेश कुमार उर्फ हनी रंधावा, रोहित कुमार, राम अवतार सेक्टर अध्यक्ष, जयप्रकाश, चंद्रेश कुमार आदि मौजूद रहे।

सड़क किनारे खड़ी गाड़ियों पर चोपन पुलिस की कार्रवाई, कई वाहनों का किया चालान

समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी

चोपन/ सोनभद्र। बुधवार को स्थानीय चोपन थाना क्षेत्र में सड़क पर गलत तरीके से खड़ी गाड़ियों के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई की। थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में बैरियर से लेकर प्रीतनगर होते हुए बग्गानाला तक सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े वाहनों की जांच की गई और कई वाहन चालकों का चालान करते हुए आवश्यक कार्रवाई की गई। इस दौरान पुलिस टीम ने सड़क पर बेतरतीब ढंग से खड़ी गाड़ियों को हटवाया तथा वाहन चालकों को कड़ी चेतावनी दी। थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्रा ने कहा कि सड़क पर गलत तरीके से वाहन खड़ा करने से यातायात बाधित होता है और दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी सड़क किनारे लापरवाही से खड़े वाहनों के कारण कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। पुलिस ने सभी वाहन चालकों से अपील की कि वे अपने वाहनों को निर्धारित स्थान पर ही खड़ा करें

और यातायात नियमों का पालन करें। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि यदि आगे भी कोई व्यक्ति सड़क पर गलत तरीके से वाहन खड़ा करता पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध पार्किंग करने वाले वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। वहीं स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे सड़क पर यातायात व्यवस्था बेहतर होगी और दुर्घटनाओं पर भी अंकुश लगेगा।

रोजगार मेला का आयोजन 18 मार्च को

समाज जागरण ब्यूरो

सोनभद्र। जिला सेवायोजन अधिकारी, सोनभद्र ने अवगत कराया है की जिला सेवायोजन कार्यालय, सोनभद्र द्वारा जनपद के बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार देने के लिए दिनांक 18.03.2026 को प्रातः 10:00 बजे से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), उरमौरा, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र, के ग्राउण्ड परिसर में वृहद् रोजगार मेला का आयोजन किया गया है, जिसमें स्थानीय एवं बाहरी निजी क्षेत्र की लगभग 50 कम्पनियां प्रतिभाग करेंगी। कम्पनियों द्वारा विभिन्न पदों पर भर्तियां की जाएगी। समस्त इच्छुक एवं योग्य बेरोजगार अभ्यर्थियों का साक्षात्कार नियोजकों द्वारा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान(डायट), उरमौरा, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र, के ग्राउण्ड परिसर में लिया जायेगा। यह रोजगार मेला पूर्णतः निःशुल्क है। इस हेतु कोई यात्रा व्यय देय नहीं होगा।

सप्त दिवसीय विशेष शिविर (दिन-रात) का शुभारंभ

ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण

सोनभद्र/शक्तिनगर। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ एनटीपीसी परिसर शक्तिनगर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम एवं तृतीय के तत्वावधान में सप्त दिवसीय विशेष शिविर (दिन-रात) के प्रथम दिवस का शुभारंभ दिनांक 11 मार्च 2026 को चिल्का डांड ग्राम स्थित पंचायत भवन में हुआ। शिविर के उद्घाटन अवसर पर ग्राम प्रधान चिल्काडांड हीरालाल ने मुख्य अतिथि के रूप में स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि जनजातीय बाहुल्य इस ग्राम में शिक्षा का अभाव और नशाखोरी एक गंभीर समस्या है। इस समस्या के समाधान के लिए जन जागरूकता एक आवश यक उपाय है जो राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा सफलतापूर्वक किया जा

सकता है। एनएसएस के स्वयंसेवक अपने इस सात दिवसीय शिविर में विभिन्न समस्याओं के संबंध में ग्रामीणों से संवाद स्थापित करें ताकि समय रहते एक स्वस्थ समाज को संरक्षित किया जा सके। समारोह के विशिष्ट अतिथि एनसीएल खड़िया सीएसआर प्रबंधक अमरेंद्र कुमार ने कहा कि समाज को नशाखोरी से बचाना आज सबसे बड़ी चुनौती है जिसके समाधान में इस शिविर के स्वयंसेवक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना के इस प्रयास में एनसीएल खड़िया सक्रिय योगदान देने को तैयार है। संस्था के प्रभारी डॉ० प्रदीप कुमार यादव ने अपने संबोधन में कहा कि आज समाज में जन जागरूकता की आवश यकता है क्योंकि बहुसंख्यक लोग जानकारी के अभाव में मूलभूत सुविधाओं से वंचित हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक अपनी भूमिका निभाकर उन्हें जागरूक बना सकते हैं।

इसके पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ० विनोद कुमार पाण्डेय ने सात दिवसीय शिविर (दिन- रात) के 7 दिन तक चलने वाले कार्ययोजना को प्रस्तुत किया और इस संबंध में विश्व विद्यालय के गाइड लाइन से स्वयं सेवकों को परिचित कराया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ० छोटेलाल प्रसाद ने अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापन किया। शिविर के दूसरे सत्र में स्वयंसेवकों ने स्थानीय प्रतिनिधियों से संवाद स्थापित किया जिसमें मुख्य रूप से एसआईआर में आने वाली दिक्कतों के समाधान पर चर्चा हुई। स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत एनएसएस गीत, गजल ,भजन व अन्य लोकगीत प्रस्तुत किया। गौरतलब है कि इस शिविर में इकाई प्रथम एवं तृतीय के 50-50 कुल 100 स्वयं सेवक भाग ले रहे हैं। शिविर में डॉ० मनोज कुमार गौतम, डॉ० मनिंदर कुमार डिसूजा, रविकांत कुशवाहा, अमित कुमार सिंह, ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस दौरान दिव्या कुमारी, खुशी वर्मा, काजल मेहता, अन्जना पूर्ति, प्रिया अग्रहरि, रोशनी चौधरी, पूजा यादव, रूबि खातून, प्रभा सोंधिया, ने अग्रणी भूमिका निभाई।

ओबरा में राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का भव्य शुभारंभ

समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरि

सोनभद्र। राजकीय स्नातकोत्तर महा विद्यालय ओबरा सोनभद्र में राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों द्वारा सप्त दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ प्राथमिक विद्यालय खैरा टिया, सेक्टर नौ, ओबरा सोनभद्र में उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ) प्रमोद कुमार द्वारा दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। शिविर के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि प्रोफेसर (डॉ) प्रमोद कुमार ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि

राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं के व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम है। यह केवल सेवा का कार्यक्रम नहीं, बल्कि नेतृत्व, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी का पाठ पढ़ाने वाली जीवनशाला है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे समाज सेवा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका अदा करे ' विशिष्ट अतिथि प्रो. राधाकांत पांडेय ने कहा कि इस सप्त दिवसीय विशेष शिविर के माध्यम से स्वयं सेवक स्वच्छता अभियान, वृक्षा रोपण, स्वास्थ्य जागरूकता, महिला सशक्ति करण, नशा मुक्ति एवं साक्षरता जैसे सामाजिक विषयों पर जनजागरूकता अभियान चलाएंगे। सात दिनों तक स्वयंसेवक चयनित क्षेत्र में श्रमदान एवं विभिन्न रचना त्मक गतिविधियों के माध्यम से समाज को सकारात्मक संदेश देंगे। कार्यक्रम अधिकारी और एनएसएस नोडल अधिकारी डॉ सचिन कुमार ने शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि प्रत्येक दिन प्रातः कालीन व्यायाम, योग, बौद्धिक सत्र तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्वयंसेवकों ने नॉट मी बट यू के आदर्श वाक्य को आत्म सात करते हुए पूर्ण समर्पण के साथ सेवा कार्य करने का संकल्प लिया। संचालन एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी अंजलि मिश्रा ने किया। स्वागत भाषण डा. संघमित्रा ने तथा शिविर की कार्य योजना डा. सचिन कुमार ने तथा आभार ज्ञापन डा. आलोक यादव ने प्रस्तुत किया। उक्त कार्यक्रम में डॉ. संतोष कुमार सैनी, डॉ उपेंद्र कुमार, डॉ राजेश प्रसाद, डॉ विनोद बहादुर सिंह, डा. वैशाली शुक्ला कार्यालय अधीक्षक राजेश्वर रंजन, धर्मेंद्र, महेश पांडेय, सरफुद्दीन, मनीष, अभिषेक, प्रिंस शर्मा, अक्षय, नीरज, सूरज, नित्या, सुमेधा, खुशी, आंचल, वर्षा, काजल, सैजल, निहारिका, नंदिनी, निगम, अक्षय, सिमपी, पायल, प्रियंका, खुशबु, आकांक्षा, प्रीति, मनीषा आदि भारी संख्या में 200 छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

एससी/एसटी एक्टः तीन दोषियों को उम्रकैद की सजा

पति के घायल होने की झूठी सूचना देकर दलित महिला को साथ ले जाकर विद्यालय में किए गए सामुहिक दुष्कर्म का मामला

समाज जागरण ब्यूरो

सोनभद्र। साढ़े 11 साल पूर्व पति के घायल होने की झूठी सूचना देकर दलित महिला को साथ ले जाकर विद्यालय में सामुहिक दुष्कर्म किए जाने के मामले में विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट सोनभद्र आबिद शमीम की अदालत ने बुधवार को सुनवाई करते हुए तीन दोषियों को एससी/एसटी एक्ट में दोषसिद्ध पाकर उम्रकैद की सजा सुनाई। उनके ऊपर 60-60 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया गया है। अर्थदंड न देने पर 6-6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित की जाएगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 90 हजार रुपये पीड़िता को मिलेगी।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक करमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दलित महिला (पीड़िता) ने एसीजेएम कोर्ट में धारा 156(3) सीआरपीसी के तहत दिए प्रार्थना पत्र में अवगत कराया था कि वह अनुसूचित जाति की महिला है। विपक्षीगण नंदलाल, कांग्रेस व एक अन्य व्यक्ति के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर विधि अनुरूप विवेचना कराए जाने की मांग की थी। अवगत कराया था कि उसके पति शाहगंज थाना क्षेत्र के राजपुर गांव निवासी नंदलाल व कांग्रेस के साथ एक माह पूर्व काम के सिलसिले में गए थे। घटना 22 जुलाई 2014 की है। उसके घर पर नंदलाल, कांग्रेस व एक अन्य व्यक्ति मैजिक गाड़ी से आए और कहा कि उसके पति दुर्घटना में घायल हो गए हैं उन्हें करमा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कुछ पैसे का प्रबंध करके साथ

चलने को कहा तो उनकी बातों पर विश्वास करके घर में रखा 8 हजार रुपये लेकर चल दी। वे लोग उसे लेकर एक विद्यालय में चले गए। जब उसने कहा कि यहां क्यों लाए हो तो जाति सूचक शब्दों से गाली देने लगे और अकेला पाकर जबरन बारी बारी से तीनों ने उसके साथ सामुहिक दुष्कर्म किया। कहीं शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर वहीं अकेले छोड़कर चले गए। इसकी सूचना तत्काल करमा थाने में दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। तब एसपी सोनभद्र को रजिस्टर्ड डाक से शिकायती पत्र भेजा, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। कोर्ट के आदेश पर तीनों के विरूद्ध 5 सितंबर 2014 को दुष्कर्म, लूट, एससी/एसटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज किया गया। सीओ द्वारा मामले की विवेचना की गई और पर्याप्त सबूत मिलने पर नंदलाल, कांग्रेस व विनय सिंह के विरुद्ध कोर्ट में विवेचक ने चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, 6 गवाहों के बयान तथा पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर तीन दोषियों नंदलाल, कांग्रेस तथा विनय सिंह को उम्रकैद की सजा सुनाई। इनके ऊपर 60-60 हजार रुपए अर्थदंड लगाया गया है। अर्थदंड न देने पर तीनों को 6-6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित होगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 90 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील सी शशांक शेखर कात्यायन ने बहस की।

23वा सोनांचल कप के 23वे संस्करण 2026 क्रिकेट टूनार्मेंट प्रतियोगिता का भव्य समापन

ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण

सोनभद्र/ओबरा। 23वा सोनांचल कप के 23वे संस्करण 2026 क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य समापन गांधी मैदान ओबरा में सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में पूर्व कप्तान नाइन स्टार ओबरा स्व राजेश यादव के स्मृति में 2 मिनट का मौन कर प्रारंभ किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य क्रिकेट के रोमांच को बढ़ाना और स्थानीय युवा प्रतिभाओं को अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में रोहित वैश्य उपस्थित रहे। उनकी गरिमामयी उपस्थिति ने इस आयोजन के महत्व को कई गुना बढ़ा दिया, वहीं वशिष्ठ अतिथि के रूप में ओबरा नगर पंचायत अध्यक्ष चांदनी देवी, रमेश सिंह, मधुसूदन जाय सवाल, अमित कुमार, रमेश यादव, उमाशंकर सिंह व अरुण प्रजापति अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया व परिचय प्राप्त किया, सोनांचल कप के अध्यक्ष रमेश वैश्य, मुख्य संरक्षक रमेश कुमार सिंह सक्रिय समाज सेवक भी हैं, इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों, अतिथियों और उपस्थित दर्शकों का हार्दिक स्वागत किया और उनसे खेल भावना के साथ खेलने का आह्वान किया। इस पूरी प्रतियोगिता के संचालन की जिम्मेदारी आयोजन संकट मोचन झा ने बखूबी संभाली, नाइन स्टार क्रिकेट क्लब ओबरा ने यह भव्य समापन सुचारु रूप से किया। फाइनल मुकाबला प्रयागराज बनाम सायना स्पोर्ट्स वाराणसी के बीच खेला गया, प्रयागराज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। निर्धारित 25 -25 ओवरों के मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए सायना स्पोर्ट्स वाराणसी ने निर्धारित 25 ओवर 7 विकेट खोकर 184 रनों का लक्ष्य रखा, सायना

स्पोर्ट्स वाराणसी के सबसे सफल बल्लेबाज सुधीर सिंह रहे जिन्होंने सर्वाधिक 28 गेंदों पर 39 रन व विवेक सिंह ने 38 रन बनाए, प्रयागराज के सबसे सफल गेंदबाज मनु राजा रहे, मनु राजा ने 5 ओवर में 48 रन देकर 2 विकेट लिया। जवाब में उतरी प्रयागराज की टीम 184 रनों का लक्ष्य 24 ओवर में 5 विकेट के नुकसान हासिल कर फाइनल मुकाबला जीत लिया, प्रयागराज बल्लेबाज आशीष रत्नम ने 91 रनों की नाबाद पारी खेली व यादवेन्द्र सिंह 31 रन रहे जिन्होंने 34 गेंद पर 23 रन बनाए, सायना स्पोर्ट्स वाराणसी के सबसे सफल गेंदबाज विवेक रहे जिन्होंने 5 ओवर में 40 रन देकर 2 विकेट लिए। प्रयागराज ने यह मुकाबला 5 विकेट जीत लिया, मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार आशीष, मैन ऑफ द मैच आशीष रत्नम मैच में निर्णायक की भूमिका में रोशन सिंह व सूर्य प्रकाश, स्कोरर की भूमिका में के के पासवान उर्फ छोटू व अक्षय पटेल रहे।

समापन समारोह में आज मुख्य रूप से पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष उमाशंकर सिंह, पूर्व प्रतिनिधि रमेश सिंह यादव मण्ड़ल अध्यक्ष भाजपा शिवनाथ जैसवाल, रमेश वर्मा , नीरज भाटिया, संतोष राय, अनिल सिंह, दीपक केशरी, उमेश सिंह पटेल, ई सत्येंद्र सिंह, कलीम खान, राजू यादव, अरविंद यादव, ई विष्णु देव झा, सुजीत सोनी, बिदेश सिंह, सलमान खान, संजय यादव, मुजफ्फर अली, मुकेश तिवारी ,फैजल खान, आशीष राय, पेंटल सहित सैकडों लोग उपस्थित रहे। मौके पर वरिष्ठ पत्रकार सतीश भाटिया भोला दुबे मनमोहन शुक्ला अभिषेक पांडे अजीत सिंह अरविंद कुशवाहा कुंघज चौधरी मुश्ताक अहमद उपस्थित रहे। गांधी मैदान में खिलाड़ियों ने जबरदस्त उत्साह और जोश के साथ अपने खेल का प्रदर्शन किया। 23वां सोनांचल कप 2026 न केवल क्रिकेट के प्रति जुनून को बढ़ावा देगा, बल्कि यह स्थानीय युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक बड़ा और महत्वपूर्ण अवसर भी प्रदान करेगा। यह प्रतियोगिता आने वाले दिनों में ओबरा के खेल प्रेमियों के लिए मनोरंजन का एक प्रमुख केंद्र बनी रहेगी और आशा है कि यह सफलता के नए आयाम स्थापित करेगी। आयोजन का सफल संचालन संकट मोचन झा व राजू यादव ने किया।

पुलिस अधीक्षक ने थाना करमा का किया गया वार्षिक निरीक्षण, सम्बन्धित को दिए आवश्यक निर्देश

समाज जागरण ब्यूरो

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा थाना करमा का वार्षिक निरीक्षण किया गया। सर्व प्रथम महोदय को गार्द द्वारा सलामी दी गई, जिसे महोदय द्वारा स्वीकार किया गया तथा तत्पश्चात गार्द का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, अभिलेखों की गुणवत्ता, मालखाना, हवालात, सी0 सी0 टी0वी0, थाना परिसर, भोजनालय, शस्त्रागार, बैरक, साफ-सफाई व्यवस्था सहित अन्य प्रशासनिक एवं सुरक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं का गहन एवं सूक्ष्म अवलोकन किया गया। निरीक्षण के क्रम में पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा अभिलेखों के सुव्यवस्थित एवं अद्यतन रख-रखाव, थाना परिसर की स्वच्छता, अनुशासन, समयबद्ध कार्य निष्पादन तथा सकारात्मक कार्य संस्कृति को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान मिशन शक्ति केन्द्र की कार्यप्रणाली की विशेष रूप से समीक्षा करते हुए पुलिस अधीक्षक

सोनभद्र द्वारा महिला अपराधों से संबंधित मामलों में त्वरित, निष्पक्ष एवं संवेदनशील कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। महिला सहायता हेल्प डेस्क को और अधिक सक्रिय एवं प्रभावी बनाने, महिला एवं बालिका संबंधी शिकायतों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही करने तथा पीड़ितों को त्वरित, सम्मानजनक एवं प्रभावी सहायता उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया गया। साथ ही साइबर हेल्प डेस्क की समीक्षा करते हुए साइबर अपराधों, ऑनलाइन फ्रॉड एवं डिजिटल अपराधों से संबंधित शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेने, पीड़ितों को शीघ्र सहायता प्रदान करने तथा साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु आमजन को जागरूक करने के निर्देश दिए गए। पुलिस-जन संवाद को सुदृढ़ करते हुए जनसामान्य में सुरक्षा का विश्वास और अधिक मजबूत करने पर भी जोर दिया गया। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा निर्देशित किया गया कि जनसामान्य की समस्याओं का त्वरित निस्तारण, पारदर्शी पुलिसिंग एवं संवेदनशील व्यवहार को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

थाना रायपुर पुलिस ने 04 किग्रा अवैध गांजा के साथ 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार

समाज जागरण ब्यूरो

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी सदर राज सोनकर के निर्देशन में थाना रायपुर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए 01अभियुक्त को 04 अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। दिनांक 11.03.2026 को उ0नि0 नरेन्द्र प्रसाद सिंह मय पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण/चेकिंग के दौरान खलियारी बाजार में मौजूद था। इसी दौरान मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति दरमा पहाड़ी मोड़ तिराहे के पास प्लास्टिक की बोरी में गांजा लिए खड़ा है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया गया। नियमानुसार तलाशी लेने पर उसके पास मौजूद प्लास्टिक की बोरी से 04 किलोग्राम अवैध गांजा, ₹4,100/- नगद तथा 01 मोबाइल फोन बरामद हुआ। इस संबंध में थाना रायपुर पर मु0अ0सं0 34/2026 पंजीकृत कर धारा 8/20 NDPS Act के तहत अभियोग दर्ज कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है।

मिट्टी खुदाई के दौरान मिली भगवान विष्णु की प्राचीन मूर्ति, दर्शन को उमड़ी भीड़

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।

11 मार्च। बहादुरगंज थाना क्षेत्र के सरण्डा गांव में मिट्टी की खुदाई के दौरान भगवान विष्णु की एक आकर्षक और प्राचीन मूर्ति मिलने से इलाके में उत्सुकता का माहौल बन गया है। बताया जा रहा है कि यह मूर्ति हजारों वर्ष पुरानी प्रतीत होती है। सूचना मिलते ही आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग मूर्ति के दर्शन के लिए पहुंचने लगे।

जानकारी के अनुसार, 9 मार्च 2026 को सरण्डा गांव में मिट्टी की खुदाई का कार्य चल रहा था। इसी दौरान ट्रैक्टर चालक को जमीन के अंदर से भगवान विष्णु की एक सुंदर पत्थर की मूर्ति दिखाई दी। मूर्ति मिलने के बाद चालक उसे अपने घर ले गया और बहादुरगंज प्रखंड के रामचर भौरादह स्थित अपने आवास पर विधिवत पूजा-अर्चना कर स्थापित कर दिया। मूर्ति मिलने की खबर फैलते ही क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया। आसपास के गांवों और दूर-दराज के इलाकों से सैकड़ों श्रद्धालु मूर्ति के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। स्थानीय लोग इसे आस्था और चमत्कार से जोड़कर देख रहे हैं और लगातार पूजा-अर्चना कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि मूर्ति बेहद आकर्षक और प्राचीन प्रतीत होती है, इसलिए इसे देखने के लिए लोगों की भीड़ बढ़ती जा रही है। वहीं क्षेत्र में यह भी चर्चा है कि प्रशासन और पुरातत्व विभाग द्वारा इसकी जांच कराई जाए, ताकि मूर्ति के ऐतिहासिक महत्व के बारे में सही जानकारी मिल सके।

शीतला मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, गूंजे माता के जयकारे

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।

शहर के डे-मार्केट स्थित प्रसिद्ध शीतला मंदिर किशनगंज में शनिवार को आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। मां शीतल की विशेष पूजा-अर्चना के लिए सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की लंबी कतार लग गई। दिन भर भक्तों का तांता लगा रहा और पूरा क्षेत्र माता के जयकारों से गूंजता रहा।

शहर के विभिन्न इलाकों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने माता के दरबार में माथा टेककर आशीर्वाद लिया। भक्तों ने पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ मां शीतला को फल, फूल और नैवेद्य अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि तथा आरोग्य की कामना की। मंदिर परिसर में भक्ति और श्रद्धा का वातावरण बना रहा।

भारी भीड़ के बावजूद स्थानीय लोगों की सक्रियता से मंदिर परिसर में व्यवस्था बनी रही और श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्वक पूजा-अर्चना की। दिन भर मंदिर में श्रद्धालुओं की आवाजाही जारी रही, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय बना रहा।

पटना में बुजुर्ग महिला से चेन छीना

हादसे के दौरान सड़क पर घसीटकर महिला को किया घायल

समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के कंकड़बाग इलाके में चेन झपटमारी की एक गंभीर घटना में एक बुजुर्ग महिला को बदमाशों ने हमले में गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के दौरान महिला ने बदमाश को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन अपराधियों ने उन्हें सड़क पर घसीट दिया। इस घटना में महिला का हाथ टूट गया और शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। घायल महिला की पहचान भोजपुर जिले के बिहिया की रहने वाली 65 वर्षीय मुन्नी देवी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह पटना में एक पारिवारिक शादी में शामिल होने आई थीं। घटना के बाद उन्हें कंकड़बाग के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां गहन चिकित्सा कक्ष में उनका इलाज चल रही है। पीड़िता ने बताई की पंच शिव मंदिर के पास से चांदमारी रोड की ओर जा रही थीं, तभी पीछे से एक युवक मोटरसाइकिल से आया और उनके गले से सोने की चेन झपटकर भागने लगा। महिला ने साहस दिखाते हुए बदमाश को पकड़ने की कोशिश की और उसकी कॉलर पकड़ ली। लेकिन बदमाश ने चेन छीनने के दौरान उन्हें जोर से धक्का दिया और सड़क पर घसीटता हुआ कुछ दूरी तक ले गया। इससे उनका दाहिना हाथ टूट गया और शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोटें आईं। महिला के बेटे धर्मेंद्र कुमार केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि घटना के समय पंच शिव मंदिर के पास एक युवक पहले से ही काले रंग की बुलेट मोटरसाइकिल पर खड़ा था। उसने हेलमेट पहन रखा था और जींस-टीशर्ट पहने हुए था। आरोपी ने उनकी मां के गले में चेन देखकर ही वारदात को अंजाम दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने महिला के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम आरोपी की तलाश में जुट गई है और आसपास लगे निगरानी कैमरों के दृश्य भी खंगाले जा रहे हैं।

नबीनगर पैक्स चुनावः उम्मीदवारों को मिला सिंबल उमाकांत सिंह निर्विरोध निर्वाचित

दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार)नबीनगर प्रखंड के 7 पंचायतों के लिए पैक्स चुना में आज सभी उम्मीदवारों को शिवाल वितरण किया गया।वहीं तोल पंचायत से अध्यक्ष पद के लिए एक मात्रा उम्मीदवार उमाकांत सिंह उर्फ टिंकू को निर्विरोध अध्यक्ष घोषित किया गया।निवार्ची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण सिंह ने पैक्स चुनाव 2026 के लिए उम्मीदवारों को सिंबल वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि महुआव पैक्स से अध्यक्ष पद के लिए अभिषेक कुमार सिंह को मोती का माला, विवेक कुमार सिंह को ब्लैकबोर्ड, मूंगिया पैक्स से डॉक्टर प्रसाद सिंह को मोती का माला, दिलीप यादव को ब्लैकबोर्ड, राजू कुमार मेहता को किताब और विकास सिंह को ईट का सिंबल दिया गया ।टंडवा पैक्स से अस्वनी कुमार सौरभ को मोती का माला, संजय कुमार पासवान को ब्लैकबोर्ड, बसडीहा पैक्स से दीपक तिवारी को मोती का माला, बृजबिहारी सिंह को ब्लैकबोर्ड का सिंबल दिया गया। खजुरी पांडु पैक्स से अनूप कुमार सिंह को मोती का माला, उद्देश सिंह को बैलेकबोर्ड, बसंत मेहता को किताब का सिंबल दिया गया। नाऊर पैक्स से अमलेश सिंह को मोती का माला, अजय यादव को ब्लैकबोर्ड, शिवशंकर सिंह को किताब का सिंबल दिया गया।तोल पैक्स से अध्यक्ष पद के लिए उमाकांत सिंह का सिंगल नामांकन दाखिल किया गया, जो निर्बिरोध उम्मीदवार घोषित किया गया। सदस्य पद के लिए तोल, मूंगिया, खजुरी पांडु, टंडवा को निर्विरोध उम्मीदवार घोषित किया गया।बीडीओ ने बताया कि चुनाव 18 मार्च 2026 को किया जाएगा, जिसका मतगणना 19 मार्च 2026 को उच्य विद्यालय नबीनगर में किया जाएगा ।

मधुमक्खियों के हमले से बुजुर्ग की मौत, सरैया गांव में मातम

पंकज कुमार पाठक, दैनिक समाज जागरण

पदमा (संवाददाता)ः प्रखंड के सरैया गांव में मधुमक्खियों के हमले से एक बुजुर्ग की दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

मिली जानकारी के अनुसार सरैया गांव निवासी नारायण गिरी(६५ वर्ष)सोमवार को प्रतिदिन की तरह सरैया स्टैंड से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान पानी टंकी के पास अचानक मधुमक्खियों के एक बड़े झुंड ने उन पर हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले से बचने की कोशिश में वे बुरी तरह घायल हो गए और उनकी तबीयत तेजी से बिगड़ने लगी।

स्थानीय लोगों और परिजनों की मदद से उन्हें तुरंत इलाज के लिए ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान ही कुछ देर बाद उनकी मौत हो गई। इस दर्दनाक घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

ग्रामीणों का कहना है कि जिस स्थान पर यह हादसा हुआ, वहां पानी टंकी पर लंबे समय से मधुमक्खियों का बड़ा छत्ता बना हुआ है। आए दिन राहगीर इनके हमले का शिकार होते रहते हैं। खासकर मोटरसाइकिल सवार जब इस रास्ते से गुजरते हैं तो मधुमक्खियों के अचानक हमले से वाहन अनियंत्रित हो जाता है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पानी टंकी पर बने मधुमक्खियों के छत्ते को जल्द हटवाया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की दुखद घटनाओं से बचा जा सके।

समृद्धि यात्रा में 17 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर भवनों का शिलान्यास

7.28 करोड़ रुपये की लागत से जिले के विभिन्न प्रखंडों में बनेंगे स्वास्थ्य केंद्र

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।

11 मार्च। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा के दौरान ठाकुरगंज से किशनगंज जिले में 17 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर भवनों का शिलान्यास किया। इन भवनों का निर्माण जिले के विभिन्न प्रखंडों में लगभग 7 करोड़ 28 लाख रुपये की लागत से कराया जाएगा। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है।

सिविल सर्जन डॉ. राज कुमार चौधरी ने बताया कि इन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों का निर्माण प्री-फैब्रिकेटेड तकनीक से किया जाएगा। प्रत्येक भवन का क्षेत्रफल लगभग 126 वर्गमीटर होगा। उन्होंने कहा कि इन केंद्रों के बनने से ग्रामीण इलाकों में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और मजबूत होगी तथा लोगों को अपने क्षेत्र के पास ही बेहतर इलाज मिल सकेगा।

इन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों का निर्माण जिले के बहादुरगंज, टेढ़ागाछ, दिघलबैंक, पोठिया, किशनगंज और कोचाधामन प्रखंडों में किया जाएगा। बहादुरगंज प्रखंड के बैसारबेल पंचायत, टेढ़ागाछ प्रखंड के निसंद्रा, सहिया और कुदारी पंचायत, दिघलबैंक प्रखंड के कोदेली और बैजनाथ पलसा पंचायत, पोठिया प्रखंड के दहला बाड़ी, दामलबाड़ी, गनलिपुल, जागीरलच्छ (कोठमारी) और धौबनिया (रायपुर) पंचायत, किशनगंज प्रखंड के छगलिया, मोतीहारा तालुका, पानिसाली, बराडांगी और चकला पंचायत तथा कोचाधामन प्रखंड के मजगामा पंचायत में ये स्वास्थ्य केंद्र बनाए जाएंगे।

प्रत्येक हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के निर्माण पर लगभग 42 लाख 84 हजार रुपये खर्च किए जाएंगे। जिलाधिकारी विशाल राज ने बताया कि इन केंद्रों के बनने से ग्रामीण और सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों को प्राथमिक उपचार, नियमित जांच, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, टीकाकरण तथा गैर-संचारी रोगों की जांच जैसी सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेंगी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि हर व्यक्ति को उसके घर के पास बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सुविधा मिले। इसी उद्देश्य से राज्य में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन केंद्रों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं और सुदृढ़ होंगी तथा आम लोगों को समय पर उपचार मिल सकेगा।

पटना में बहु ने की सास को पीट-पीटकर हत्या,

इलाज के दौरान अस्पताल में सास की मौत

समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र के ईसापुर इलाके में सास की बेरहमी से पिटाई का सनसनी खेज मामला सामने आया है। गंभीर रूप से घायल 70 वर्षीय महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच करते हुए आरोपी बहू की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी और मातम का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार मृतका की पहचान साबरा खातून, पति कादिर कुरैशी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि परिवार पहले पटना के राजा बाजार स्थित वेटरनरी कॉलेज के पास सड़क किनारे रहता था। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में उनका घर उजड़ गया था। इसके बाद परिवार फुलवारी शरीफ के ईसापुर इलाके में आकर रहने लगा और यहां नया मकान बनाकर रह रहा था।

परिजनों के अनुसार 9 मार्च को घर में अकेला पाकर बहू गुल अफसा खातून, पत्नी अनवर, ने अपनी सास साबरा खातून को कमरे में बुलाकर अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। इसके बाद बेलन और अन्य घरेलू सामान से बेरहमी से पिटाई शुरू कर दी। आरोप है कि मारपीट के दौरान महिला के मुंह में कपड़ा ठूंस दिया गया और उन पर मिर्ची भी डाल दी गई। लगातार पिटाई से साबरा खातून गंभीर रूप से घायल हो गईं।

मृतका के पति कादिर कुरैशी ने बताया कि उनकी पोती ने उन्हें पूरी घटना की जानकारी दी। पोती के अनुसार उसकी मां ने दादी को कमरे में बुलाकर दरवाजा बंद कर दिया और बेलन से बुरी तरह मारने लगी। दादी बार-बार पूछ रही थीं कि उन्हें क्यों मारा जा रहा है और उनकी क्या गलती है, लेकिन इसके बावजूद पिटाई जारी रही। आरोप है कि मारपीट के बाद उनके जख्मों पर मिर्ची भी लगा दी गई और मुंह में कपड़ा ठूंस दिया गया। घटना के बाद आरोपी बहू अपने दोनों बच्चों को लेकर फरार हो गई। इसके बाद परिवार और मोहल्ले के लोग घर पर जमा हुए और गंभीर हालत में घायल साबरा खातून को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। उनकी हालत बिगड़ती देख डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए उन्हें पटना एम्स रेफर कर दिया। पटना एम्स में इलाज के दौरान बुधवार की सुबह साबरा खातून ने दम तोड़ दिया। उनकी मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतका साबरा खातून को तीन बेटियां और चार बेटे हैं और सभी बच्चे बड़े हैं। मृतका के बेटे अनवर और परिवार के अन्य लोगों ने बताया कि आरोपी बहू गुल अफसा खातून का मायका पालीगंज के मुस्लिम मोहल्ला में है। घटना के बाद वह अपने दोनों बच्चों को लेकर वहीं फरार हो गई। पुलिस की टीम ने पालीगंज में भी छापेमारी की, लेकिन आरोपी वहां से भी फरार मिली। बताया जाता है कि मृतका का बेटा अनवर एक सर्विस सेंटर में काम करता है। घटना के बाद परिवार के लोग गहरे सदमे में हैं। अनवर का कहना है कि मां की हत्या हो गई और अब अगर उसकी हत्यारोपी पत्नी जेल जाती है तो बच्चों का भविष्य भी संकट में पड़ जाएगा।

फिलहाल उसकी पत्नी फरार चल रही है लेकिन पुलिस उसे पकड़ कर जेल भेजेगी ही। इधर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए पटना एम्स भेज दिया है। मामले में परिवार के सदस्यों और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपी बहू की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है और जल्द ही उसे पकड़ लिया जाएगा।

पटना में एलपीजी की किल्लत, छोटे एजेंसियों पर एलपीजी समाप्त, बड़े पर लग रही कतारें

समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश

पटना/ मध्य पूर्व क्षेत्र में बढ़ते तनाव और युद्ध जैसी परिस्थितियों का असर अब भारत में गैस आपूर्ति व्यवस्था पर भी दिखाई देने लगा है। जिसका असर पटना में साफ दिखाई देने लगा है। केंद्र सरकार ने स्थिति को देखते हुए देशभर में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 लागू कर दिया है। हॉर्मुज जलमार्ग के रास्ते गैस आपूर्ति बाधित होने की आशंका के कारण सरकार ने यह कदम उठाया है। इसके बाद बिहार सहित कई राज्यों में व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की आपूर्ति फिलहाल रोक दी गई है। गैस एजेंसियों के अनुसार पिछले तीन दिनों से नए सिलेंडर नहीं पहुंचे हैं और बाजार में वही सिलेंडर उपलब्ध हैं जो पहले से मौजूद थे। व्यावसायिक गैस की कमी की खबर फैलने के बाद घरेलू उपभोक्ताओं के बीच घबराहट के कारण बुकिंग में अचानक बढ़ोतरी देखी जा रही है। पटना में कई गैस एजेंसियों के बाहर लोगों की लंबी कतारें देखी गईं। लोग सुबह से ही सिलेंडर लेने के लिए एजेंसियों के बाहर पहुंच रहे थे। जबकि पालीगंज, बिक्रम, दुल्हिन बाजार जैसे छोटे एजेंसियों में एलपीजी समाप्त हो चुकी है। स्थिति को देखते हुए अधिकारियों द्वारा कहा गया है कि मध्य पूर्व में चल रहे युद्ध और तनावपूर्ण हालात के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गैस और पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका है। इसके कारण पटना में भी रसोई गैस, पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति में कमी हो सकती है। ऐसी स्थिति में गैस एजेंसियों, विक्रेताओं और पेट्रोल पंपों पर आम नागरिकों की भीड़ बढ़ सकती है। इससे अव्यवस्था की स्थिति पैदा होने और कानून व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका है। साथ ही असामाजिक तत्वों द्वारा गैस सिलेंडर और पेट्रोलियम पदार्थों की जमाखोरी और कालाबाजारी किए जाने की संभावना भी जताई गई है। जिसे देख प्रशासन ने सभी अधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सतत निगरानी रखें और गैस एजेंसियों तथा पेट्रोल पंपों के आसपास कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। जमाखोरी और कालाबाजारी करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

कुटुंबा थाना क्षेत्र से 3 वारंटी गिरफ्तार भेजा गया जेल

दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

कुटुंबा (बिहार) औरंगाबाद जिले के कुटुंबा थाना क्षेत्र में छापामारी के दौरान पुलिस ने 2 गैर जमानती वारंट और 1 बॉडी वारंट के अभियुक्तों को

गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में राजेंद्र प्रसाद, दसाई पासवान और पांचम कुमार शामिल हैं । थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि राजेंद्र प्रसाद और दसाई पासवान के खिलाफ कोर्ट से गैर जमानती वारंट जारी किया गया था, जबकि पांचम कुमार के खिलाफ बॉडी वारंट था। उन्होंने बताया बताया कि इन अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही थी, और अंततः उन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

नबीनगर पेंशनर एसोसिएशन की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार) सोखा बाबा मंदिर परिसर नबीनगर में पेंशनर एसोसिएशन की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सुनैना देवी ने की और संचालन सचिव शंकर प्रसाद ने किया। बैठक में लिए गए निर्णयों

की जानकारी देते हुए सचिव शंकर प्रसाद ने बताया कि सदस्यों का 2026 की वार्षिक शुल्क संग्रह, 8th वेतन आयोग की सिफारिशों को लागू करने, पेंशनर भवन का निर्माण और सेवानिवृत्त कर्मियों को सेवांतलाभ व पेंशन देने का आग्रह जैसे मांगो पर महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया 2।बैठक में उपस्थित सदस्यों ने पेंशनरों की समस्याओं पर चर्चा की और सरकार से उनकी मांगों को पूरा करने का आग्रह किया। बैठक में सुनैना देवी, शंकर प्रसाद, रामजन्म राम, कृष्ण कुमार सिन्हा, सूरज प्रसाद सुदीप राम, श्री शिवशंकर तिवारी उपस्थित थे।

नबीनगर में रामनवमी पूजा एवं तैयारी को लेकर बैठक आयोजित

दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार)नवीनगर नगर पंचायत क्षेत्र के मंगल बाजार स्थित श्री महाबीर मंदिर के प्रांगण में महाबीर सेवा समिति के द्वारा रामनवमी पूजा को लेकर बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता नैनो होटल के संचालक जैनेंद्र सिंह ने किया।बैठक में पूजा को धूमधाम से मनाने व भव्यता बरकरार रखने पर चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित लोगों ने आगामी रामनवमी पूजा को भव्य और दिव्य तरीके से मनाने को लेकर विचार विमर्श किया।तत्पश्चात पूर्व के ही समिति में शामिल जिसमें अध्यक्ष पद के लिए छेदीलाल कांस्यकार, उपाध्यक्ष लखन प्रसाद सोनी,सचिव पद के लिए सुरेश सोनी,उप सचिव विनायक सोनी व कोषाध्यक्ष पद के लिए नवीन कुमार उर्फ लाल बाबु तथा निगरानी तथा निर्णायक अध्यक्ष जैनेन्द्र सिंह,प्रदीप सिंह शामिल है। बैठक में कहा गया कि मंदिर में आने वाले बाहरी श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की तकलीफ ना हो इसपर विशेष ध्यान रखा जाएगा। रामनवमी के जुलूस के दौरान अनुशासन बनाए रखने की बात रखी तथा जुलूस के रूट चार्ट पर भी अपनी राय रखी। बैठक में प्रसाद वितरण, झांकी, साज सज्जा व्यवस्था सहित शहर में शांतिपूर्ण कैसे शोभा यात्रा निकलेगी सहित अन्य बिदुओं पर चर्चा की गई।बैठक में सर्वसम्मति से पूजा के आयोजन में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी वैदिक मन्त्रोचार से पूजा पाठ कर राम दरबार की मूर्ति स्थापित कर नवाह परायण पाठ किया जायेगा।तथा दशमी को विशाल शोभा यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। इस दौरान मनोज कुमार कांस्यकार,अरुण कुमार,गणेश कुमार,धोनी कुमार ,रूपेश कुमार,गोकुल कुमार, सुजीत अग्रवाल सहित अन्य गण्यमान्य लोग मौजूद थे।

नबीनगर को अनुमंडल बनाने के लिए संघर्ष समिति ने आनंद मोहन से की मुलाकात

दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार) नबीनगर को अनुमंडल बनाने के लिए संघर्ष समिति ने पूर्व सांसद आनंद मोहन से मुलाकात की और उन्हें संघर्ष समिति का मुख्य संरक्षक बनने का आग्रह किया। इस अवसर पर आनंद मोहन ने कहा कि वे नबीनगर की जनता के साथ हैं और अनुमंडल बनाने के लिए पूरी तरह से

प्रतिबद्ध हैं ।उन्होंने कहा कि 20 जनवरी, 2026 को सम्मान सभा में उन्होंने नबीनगर की जनता के सामने जो वादा किया था, उसे पूरा करने के लिए वे प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि नबीनगर अनुमंडल बनेगा तो अवश्य बनेगा, थोड़ा वक्त लगेगा, लेकिन भरोसा और विश्वास से ही पुरुषार्थ के बल पर सफलता मिलती है।संघर्ष समिति के अध्यक्ष संतन सिंह ने कहा कि वे आनंद मोहन के नेतृत्व में इस संघर्ष को आगे बढ़ाएंगे। इस अवसर पर संयोजक श्यामबिहारी सिंह,सचिव शंकर प्रसाद,सुजीत कुमार सिंह, मनोज कुमार सिन्हा, रामलखन सिंह, उमेश कुमार सिंह और अन्य लोग उपस्थित थे ।

नबीनगर में फायर ब्रिगेड की गाड़ी नदी में गिरने से बची

समाज जागरण

नबीनगर के टंडवा मुख्य पथ पर मगध हॉस्पिटल के समीप फायर ब्रिगेड की एक खड़ी गाड़ी अचानक फिसलते हुए पुनपुन नदी की ओर जा गिरी। गनीमत थी कि गाड़ी में कोई भी व्यक्ति नहीं था, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि गाड़ी को तत्काल निकाल लिया गया और किसी की जानमाल की कोई नुकसान नहीं हुआ।